हरिभूमि

छत्तीसगढ़ | मध्यप्रदेश | हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



हरेली पूजा में सूर्यग्रहण का व्यवधान नहीं

हरेली अमावस्या पर आज वर्ष का दूसरा और अंतिम सूर्यग्रहण लगने जा रहे हैं। यह सूर्यग्रहण भारत में दृश्य नहीं होने के कारण सूतक मान्य नहीं होगा। लोग हरेली अमावस्या की पूजा बगैर व्यवधान कर सकेंगे। 12 अगस्त को लगने वाला सूर्यग्रहण भारतीय समयानुसार रात 9:04 बजे से शुरू होगा। इस साल की सावन अमावस्या अर्थात हरेली पर व्यतीपात योग और पुष्य नक्षत्र का योग है। व्यतीपात योग प्रातःकाल से लेकर दोपहर 3 बजकर 26 मिनट तक रहेगा, उसके बाद वरीयान योग बनेगा। व्यतीपात योग में किसी नए या शुभ कार्य की शुरूआत नहीं करते हैं। पुष्य नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर सुबह 7 बजकर 59 मिनट तक रहेगा, उसके बाद ▶▶| शेष पेज 7 पर

हरेली आज : सियार देवता की पूजा कर जादू-टोने और भूत-प्रेत से बचने बांधे जा चुके हैं गांव

सावन के अंतिम दिन होगी राय देवता की पूजा, राजधानी के गांवों में भी तांत्रिक पूजन



उल्टे पंख वाले मुर्गे की पूजा के बाद बंधा गांव निशिथ काल में सीमा पार करने पर पाबंदी

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

हरेली से पहले शहर से सटे गांव पूजन पश्चात मंत्र से बांध दिए गए हैं। गांव को बांधने की यह प्रक्रिया सावन के पहले रविवार को ही पूर्ण कर ली गई थी। माना-तूता सहित अमलेश्वर व उससे सटे गांवों में भी यह विधान पूर्ण किया गया। गांव की सीमा रेखा की रखवाली करने वाले देव की पूजा उल्टा पांख वाले कुकरा (उल्टे पंख वाले मुर्गे) के साथ की जाती है। तूता ग्राम के उप सरपंच संदीप ने बताया कि उल्टे पंख वाले मुर्गे बहुत मुश्किल से मिलते हैं। पूजन से हफ्तों पहले ही इन्हें ढूंढने की तैयारी शुरू कर दी जाती है। प्रत्येक गांव की सीमा रेखा में एक पत्थर ▶▶| शेष पेज 7 पर

अलग खबर



दरवाजे पर कील ठोकने पालतू पशुओं को वनौषधि खिलाने की अनूठी परंपरा

हरिभूमि न्यूज: कोशलनार। हरेली त्यौहार के दिन मुख्य द्वार की चौखट पर कील ठोकने, पालतू पशुओं को वनौषधि खिलाने और पशु बलि की आदिवासियों की अनुठी परंपरा है। इसके पीछे उनकी मान्यता है कि इस दिन ऐसा करने से किसी भी तरह का जादू- टोना या फिर बुरी शक्ति का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। श्रावण मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या को आदिवासी समुदाय के लोग देव अनुष्ठान के लिए बेहद शुभ मानते हैं। इस दिन ग्राम देवी के साथ ग्रामीण अपने-अपने कुल देवता की विशेष पूजा अर्चना कर बकरा, मुर्गा आदि पशु पक्षी की बलि देते हैं। बुधवार ▶▶| शेष पेज 7 पर

रात्रि 8 बजे ही लगा कर्फ्यू

सावन के पहले रविवार को गांव की सीमा को बांधने के बाद हरेली अमावस्या की रात लोगों ने अपने घरों को बांधा। इसके लिए गोबर से दीवारों पर आकृति बनाने के साथ ही नीम और अंडी के पत्ते लगाए गए। ग्रामवासियों के लिए रात के तीसरे पहर अर्थात 12 बजे से 3 बजे तक निशिथ काल में बाहर निकलना प्रतिबंधित किया गया था क्योंकि इस दौरान ही ▶▶| शेष पेज 7 पर



देवता प्रसन्न हों, गांव में खुशहाली आए, इसलिए ग्रामीण निभाते हैं 'गांव बनाने' की परंपरा

टेकचंद कारड़ा ▶▶| तखतपुर

क्षेत्र के ग्राम सेमरचुवा और ठकुरीकापा में ग्रामीण हरेली पर्व के पूर्व गांव बनाने की परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। ठकुरीकापा में बैगा सहेतर यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गांव बनाने की रस्म शुरू कराई। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव के देवी-देवताओं की पूजा की और एक स्थान पर झंडा गड़ा कर सामूहिक रूप से अनुष्ठान किया। पूजा में मुर्गा, नींबू और नागर आदि रखकर परंपरागत तरीके ▶▶| शेष पेज 7 पर

वर्षों से चली आ रही परंपरा

यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। बारिश के मौसम में गांव में बीमारी फैलने, प्राकृतिक आपदा आने और मवेशियों के बीमार होने की आशंका रहती है। ऐसे में हरेली के पहले देवी-देवताओं को प्रसन्न कर गांव ▶▶| शेष पेज 7 पर

मानसून सत्र का 17वां दिन भी रहा हंगामे के नाम

छात्रों पर चली लाठियां बनी पक्ष और विपक्ष का हथियार! जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मानसून सत्र के 17वें दिन भी संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव जारी रहा। संसद परिसर में एनडीए और कांग्रेस सांसदों ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। एनडीए सांसदों ने विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया, जबकि कांग्रेस सांसदों ने जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की।

मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को संसद परिसर के बाहर एनडीए और विपक्षी सांसदों आमने-सामने आ गए। एक तरफ जहां एनडीए के सांसद झारखंड में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर राहुल गांधी से माफी की मांग कर रहे थे तो वहीं दिल्ली छात्र प्रदर्शन के दौरान हुई बर्बरता के लिए विपक्षी दल अमित शाह से इस्तीफा मांग रहे थे।

दोनों ओर से जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान मंगलवार सुबह जैसे ही प्रियंका गांधी संसद पहुंचीं, वहां एनडीए सांसद तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। एक भाजपा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। वह नारेबाजी करते हुए पूछ रहे थे कि राहुल गांधी झारखंड क्यों नहीं गए? यह सुनकर प्रियंका गांधी ने तख्ती को ध्यान से देखा। जब भाजपा सांसद ने अपना ▶▶| शेष पेज 7 पर

'इंडिया'ने लगाए शाह के खिलाफ नारे, एनडीए ने चर्चा से भागने का लगाया आरोप





हंगामे के बीच दो विधेयक पारित, कार्यवाही स्थगित

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) समेत विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के बीच ही सदन ने केरल नाम परिवर्तन विधेयक, 2026 और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 को चर्चा के बिना ध्वनिमत से पारित कर दिया। विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक को सरकार ने संयुक्त समिति यानी जेपीसी को भेजने का फैसला किया है।सूत्रों ने इसकी जानकारी दी।

झारखंड बंद का मिलाजुला असर, स्कूल-दफ्तर खुले

झारखंड के रांची में सोमवार को हुए लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने मंगलवार को राज्यव्यापी बंद बुलाया। रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई जगह सड़कें जाम कीं। कुछ जिलों में कार्यकर्ता जबरन दुकानें बंद कराते भी नजर आए। कई शहरों में पुलिस ने लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि, कई प्राइवेट स्कूल खुले हुए थे। छात्रों ने सोमवार को झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली के खिलाफ प्रदर्शन किया था। विधानसभा घेराव के दौरान 100 से अधिक छात्र घायल हुए। कई छात्रों के हाथ और पैर में फ्रैक्चर होने की बात कही जा रही है। सरकार और छात्रों के बीच अब तक तीन दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका है। हालांकि सरकार ने छात्रों की 9 में से 6 मांगें मान ली हैं।

बिल्डर्स ने सोसाइटी को नहीं दिए दस्तावेज, 595 को रेरा का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (सीजी रेरा) ने रियल एस्टेट परियोजनाओं में कॉमन एरिया और परियोजना से संबंधित दस्तावेजों के हस्तांतरण में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए 595 प्रमोटर्स को नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने पाया कि रेरा लागू होने के बाद पूरी हो चुकी कई परियोजनाओं में पूर्णता प्रमाणपत्र मिलने के बावजूद प्रमोटर्स ने परियोजना के कॉमन एरिया, सुविधाओं और संबंधित दस्तावेजों का हस्तांतरण संबंधित सोसाइटी या एसोसिएशन को नहीं किया है। सीजी रेरा के मुताबिक यह कार्रवाई रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत की जा ▶▶| शेष पेज 7 पर

खास खबर



595 परियोजनाओं की हुई समीक्षा

प्राधिकरण ने बताया कि रेरा लागू होने के बाद पूरी हो चुकी परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इस समीक्षा में कुल 595 ऐसी परियोजनाओं की पहचान हुई, जिनका पूर्णता प्रमाण-पत्र प्राप्त हो चुका है, लेकिन प्रमोटर ने आवंटियों की सोसायटी या एसोसिएशन को कॉमन एरिया और संबंधित दस्तावेजों का हस्तांतरण नहीं किया है। इन्हीं ▶▶| शेष पेज 7 पर

15 दिन में जवाब नहीं दिया तो कार्रवाई

सीजी रेरा ने संबंधित प्रमोटर्स को 15 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। निर्धारित अवधि में जवाब नहीं देने या प्राप्त जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में संबंधित प्रमोटर्स के खिलाफ भू-संपदा (विनियमन एवं ▶▶| शेष पेज 7 पर

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%)	₹116225/-
22 कैरेट रेट (91.60%)	₹141950/-
24 कैरेट रेट (99.99%)	₹154952/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand Jewels Pandri, Raipur

वाड्रफनगर क्षेत्र का मामला

रिश्वत लेते पकड़े गए सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

एरियर्स भुगतान के नाम पर 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए शिक्षा विभाग के सहायक ग्रेड दो कर्मचारी को जिला शिक्षा अधिकारी ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। डीईओ ने यह कार्रवाई एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा की गई कार्रवाई के मामले में विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा सुनाई गई सजा के बाद की गई है। कोर्ट ने आरोपी सहायक ▶▶| शेष पेज 7 पर

एएआईबी को सुपुर्द की गई जांच

अचानक 300 फीट नीचे कैसे आई एयर इंडिया फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि हाल में एयर इंडिया की उड़ान के दौरान हुई घटना की एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच करेगा। यह घटना 4 अगस्त को हुई थी, जब फुकेत से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान की उड़ान ▶▶| शेष पेज 7 पर



ठहराया गया मौत का जिम्मेदार

सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति असद को फांसी की सजा

दमिश्क। सीरिया की एक अदालत ने मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनके छोटे भाई माहेर अल-असद को फांसी की सजा सुनाई। दोनों को गृहयुद्ध के दौरान लाखों लोगों की हत्या और अत्याचार के मामलों में दोषी ठहराया गया। इसी मामले में बशर अल-असद के मामा के बेटे अतीफ नजीब को भी फांसी की सजा सुनाई गई। बशर और माहेर दिसंबर 2024 में सरकार गिरने के बाद रूस भाग गए थे।



राम मंदिर के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के लिए शुरू हुई प्रक्रिया

सीईओ का इंटरव्यू देने पहुंचे कलेक्टर, एसपी, आर्मी अफसर

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या राम मंदिर के प्रशासनिक संचालन के लिए पहले चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) की नियुक्ति प्रक्रिया तेज कर दी है। देशभर से मिले 5,300 से अधिक आवेदनों में से चयन के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए 18 उम्मीदवारों के इंटरव्यू की चार दिवसीय प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले दिन मंगलवार को 8 पूर्व अफसरों ने इंटरव्यू दिया। इनमें 3 पूर्व आईएएस, एक आईपीएस और 4 पूर्व सैन्य अफसर ▶▶| शेष पेज 7 पर

यह पूछे गए सवाल

इंटरव्यू सुबह साढ़े 11 बजे से 2 बजे तक चला। सूत्रों के मुताबिक, हर कैंडिडेट का 15-20 मिनट तक इंटरव्यू हुआ। उनसे कहां-कहां काम किया? धार्मिक क्षेत्र में क्या काम किया? भगवान राम में कितनी आस्था है? परिवार में कौन-कौन है? इस तरह के सवाल किए गए। 4 दिन तक चलने वाले इंटरव्यू में 18 कैंडिडेट शामिल होंगे।



ट्रस्ट लगाएगा अंतिम मुहर

तीन सदस्यीय पैनल द्वारा चुने गए तीन नामों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपा जाएगा। इसके बाद ट्रस्ट के पदाधिकारी इन तीनों उम्मीदवारों का इंटरव्यू लेंगे और उनमें से एक योग्य नाम पर अंतिम मुहर लगाएंगे। मंदिर की बढ़ती प्रशासनिक व्यवस्थाओं, ▶▶| शेष पेज 7 पर

5,300 लोगों ने किया था आवेदन

सीईओ पद के लिए 5,300 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया था, लेकिन सिर्फ 18 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला सामने आने के बाद ट्रस्ट ने सीईओ पद के लिए 13 से 18 जुलाई तक आवेदन मांगे थे। आवेदकों से ऑनलाइन गूगल फॉर्म के जरिए 34 सवालों के जवाब मांगे गए थे। इन्हीं के ▶▶| शेष पेज 7 पर

www.rungta.ac.in

RUNGTA INTERNATIONAL SKILLS UNIVERSITY
Approved by UGC U/s 2(F)

27 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES

Start Your Journey to a Rewarding Healthcare Career

A NAAC

Learn | Innovate | Impact Lives

SCHOOL OF LIFE SCIENCES

- B.Sc Biotechnology (Zoology / Botany) | (3 Years)
- B.Sc Forensic Science (3 Years)
- B.Sc. (Hons) Cosmetic Science (4Years)
- M.Sc Biotechnology | Forensic Science (2 Years)
- Diploma in Forensic Science (1 Year)
- Master in Public Health (2 Years)
- PhD

SCHOOL OF PHARMACY

Approved By Pharmacy Council of India (PCI) Government of India

- B.Pharmacy (4 Years | PCI Approved)
- B.Pharmacy (Lateral) (3 Years | PCI Approved)
- D.Pharmacy (2 Years | PCI Approved)
- M.Pharmacy Pharmaceutics | Pharmacology Pharmaceutical Chemistry (2 Years)
- B.Pharmacy Practice (2 Years | PCI Approved)
- PhD

Industry Certifications | Modern Laboratories | Experienced Faculty | Placement Assistance

Backed by Industry-Ready Certifications

University of Cambridge | Imperial College London | Johns Hopkins University | University of Toronto | University of Michigan | Duke University | The University of Melbourne | Nanyang Technological University | Novartis | UC San Diego

Bhilai Campus: Rungta R1 Educational Campus, Kohka-Kurud Road
Raipur City Office: Shop No. FF-1 & FF-2, First Floor, Shyam Plaza, Pandri
9016 11 33 33
8880 48 88 70

Deepak Advertisers

Agriculture & Industrial Needs



C&G ENERGYTECH
— Powered by IIT & NIT Engineers —
WAAREE One with the Sun
2.14 kW
WAAREE SOLAR PLANT
Generate average 250 Units per month*
(4 Panels of 535 W Each)
Avail Govt. Subsidy ₹92,520
SUBSIDY FROM GOVERNMENT
PROJECT SPECIAL PRICE ₹1,30,000*
LOWER ELECTRICITY BILLS
4 Premium Waaree Panels (535 W Each)
25 Years Performance Warranty
Net Metering Support
Professional Installation
Powered by IIT & NIT Engineers
SERVING RAIPUR, BHILAI, DURG
CALL / WHATSAPP NOW 9439540571
BOOK YOUR FREE SITE SURVEY TODAY
www.cgenergytech.com | Plot No. 7, Kedia Business Park, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh
*T&C Apply, Subsidy subject to MNRE eligibility and government guidelines. | Average generation depends on location and weather.



हरेली तिहार के गाड़ा-गाड़ा बधाई

जहां हरेली (हरियाली) वहां के राज्य में खुशहाली

छत्तीसगढ़ के लोगों के बीच सबसे लोकप्रिय और सबसे पहला त्यौहार हरेली त्यौहार है। पर्यावरण को समर्पित यह त्यौहार छत्तीसगढ़ी लोगों का प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण दर्शाता है। सावन मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला यह त्यौहार पूर्णतः हरियाली का पर्व है इसीलिए हिंदी के हरियाली शब्द से हरेली शब्द की उत्पत्ति मानी जाती है।

मूलतः किसानों का पर्व हरेली – किसानों का यह त्यौहार उनकी औज़ार पूजा से शुरू होता है, किसान आज काम पर नहीं जाते घर पर ही खेत के औजार व उपकरण जैसे नांगर, गैंती, कुदाली, रापा इत्यादि की साफ-सफाई कर पूजा करते हैं साथ ही साथ बैलों व गायों की भी इस शुभ दिन पर पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ के गाँव मे तो इस पर्व की बड़ी धूम दिखती है।

Contact for ad 93408-08313

VENUS MACHINERY
कृषि और निर्माण हेतु विश्वसनीय मशीनें
"वीनस मशीनरी कृषि हो या निर्माण क्वालिटी और मजबूती हमारी पहचान"
उत्तम गुणवत्ता | मजबूत व टिकाऊ | वाजिब कीमत | समय पर सेवा | ग्राहक संतुष्टि हमारी प्राथमिकता
कृषि उपकरण हमारी विशेषता
पावर वीडर | पैलेट मशीन | चाफ कटर | आटा चक्की
ट्रॉली | कंक्रीट मिक्सर | वाटर टैंकर | बैटरी स्प्रेयर | स्प्रेयर
निर्माण और कृषि, हर क्षेत्र के लिए एक ही समाधान
निर्माण कार्य | कृषि कार्य | ग्रामीण क्षेत्र | उद्योग एवं प्रोसेसिंग | सिंचाई एवं बागवानी | किसानों लिए उपयुक्त
वीनस मशीनरी
एफ-1, महिंद्रा शोरूम के बाजु में मेनरोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-3149312
मो.: 9343500569, 9516906000



aries agro limited
Office: Ring Road No. 1, Indraprasth Phase-II
2nd Floor, Raipura, Raipur (C.G.)-492013 GST-22AAACA5035G1ZB
Mob. 9137852800, 9137852801

AANDRAYA ENTERPRISES
जम्मो किसान भाई-बहिनी मन ला
हरेली तिहार के गाढ़ा-गाढ़ा बधाई...
ES MANSOON LAUNCHING OFFER
New Challenger 76 (55HP)
BSV BULL BACKHOE
₹36,20,000
₹35,20,000
BULL
EXCLUSIVE LAUNCHING BENEFITS
1 ONE YEAR INSURANCE FREE
2 LIFE TIME TAX PAID RTO
3 EMI AFTER 60 DAYS
4 FIRST EMI PAID BY US
5 UPTO 2000 HRS SERVICING FILTER KIT FREE
6 UPTO 35 HOURS BACKHOE OPERATION DIESEL FREE
संचालक अजुराम सेन
कीमत बढ़ने से पहले बुक कराए हार्वेस्टर
हार्वेस्टर की बुकिंग पर 51000/- का स्पेशल डिस्काउंट
MALKIT : 997 Deluxe Model
इंडिया का पहला इंटेलिजेंट हार्वेस्टर SWARAJ 8200
स्पेशल डिस्काउंट 11000/- से 21000/-
साथ ही लोडर की खरीदी पर निश्चित उपहार
नियम एवं शर्तें लागू*
Branches : Raipur, Rajnandgaon, Abhanpur, Kanker, Jagdalpur
Authorized Distributor:
AANDRAYA ENTERPRISES
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
Beside Indian Bank, Dhamtari Road, Abhanpur, Dist-Riapur-493661, Mob. 9713955115, 7089000180
A.N. AUTOMOBILE
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
9174511635, 7697955115, 7089000188

हरेली तिहार के गाड़ा-गाड़ा बधाई
जम्मो किसान भाई मन ल
हरेली तिहार के गाड़ा-गाड़ा बधाई
GREEN FIELD AGRICO
ग्रीन फील्ड
नांगर फॉल/रोटावेटर ब्लेड
70-11-13"
EMSON AUTO
GREEN FIELD
पडलर | रोटावेटर | रीजर (3 फेरो) | डिस्क हैरो | एम.बी. प्लाउ (2 फेरो)
निर्माता: एमसन ऑटो
9 ब्लॉक भनपुरी, रायपुर (छ.ग.), फोन : 0771-2224452, 4030531
098261-64452, 099930-30531

रायपुर
बुधवार 12 अगस्त 2026
श्रावण कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 25, अंक : 23
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.2
न्यून. 24.8

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

इधर

इनकी पदस्थापना संशोधित

प्राध्यापक डा. स्निग्धा जैन कबीरधाम से वापस रायपुर मेडिकल कालेज, डा. मनीष पाटिल जांजगीर से सीएमसी दुर्ग, डा. शशिकला कोसम जशपुर से कबीरधाम, डा. नरेन्द्र नरसिंह मनेन्द्रगढ़ से महासमुंद, डा. विशाल कुलकर्णी दंतेवाड़ा से कांकेर चिकित्सा महाविद्यालय, डा. केशव कश्यप जांजगीर से बिलासपुर, डा. चंद्रपाल भगत जशपुर से दुर्ग, डा. अजय हलवाई जांजगीर से दुर्ग, डा. राजेन्द्र रात्रे कबीरधाम से महासमुंद, सह-प्राध्यापक डा. विवेक शर्मा कबीरधाम से दुर्ग, डा. राजीव रतन जैन बिलासपुर से रायपुर, डा. नितिन वेल महासमुंद से दुर्ग के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में पदस्थ किए गए हैं।

डायरेक्टर प्रोफेसर बनाने की तैयारी

चिकित्सा शिक्षा विभाग में लंबे समय से प्राध्यापक के रूप में काम करने वाले डाक्टरों को डायरेक्टर प्रोफेसर बनाने की तैयारी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग में इसके योग्य चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने का काम शुरू कर दिया गया है। डायरेक्टर प्रोफेसर के रूप में इन्हें उच्च वेतनमान का लाभ मिलेगा। इसी तरह वर्ष 2017 बैच के एसोसिएट प्रोफेसरों की पदोन्नति की आने वाले दिनों में सुगबुगाहट का दौर शुरू हो गया है। चिकित्सा महाविद्यालयों में पदस्थ डाक्टरों की पदोन्नति की प्रक्रिया काफी समय बाद पूरी की जा रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का मास्टर कूपन
कल के अंक में देखें।

दर्जनभर चिकित्सा शिक्षकों का पदस्थापना आदेश संशोधित

ये कैसा खेल...पदोन्नति के बाद नए मेडिकल कालेजों में पदस्थ 10 प्राध्यापकों का 45 दिन में ही तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

पदोन्नति का लाभ देने के बाद प्रदेश में इसी साल अस्तित्व में आए पांच शासकीय मेडिकल कालेजों में पदस्थ 10 प्राध्यापकों का 45 दिन में ही तबादला कर दिया गया। मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 12 चिकित्सा शिक्षकों की पदस्थापना का संशोधित आदेश जारी किया है। जून के अंतिम सप्ताह में विभाग ने 40 सह-प्राध्यापकों को प्राध्यापक बनाया था, जिसमें संशोधित आदेश में शामिल 11 डाक्टरों के नाम थे।



राज्य में पांच नए चिकित्सा कॉलेज

महाविद्यालयों में इस साल एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू होनी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग यहां शिक्षकों की भर्ती के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी दौर में 25 जून को राज्य के शासकीय मेडिकल कालेजों में पदस्थ 40 चिकित्सा शिक्षकों को पदोन्नत कर प्रोफेसर बनाकर नए स्थान पर पदोन्नति दी गई थी। प्राध्यापकों की पोस्टिंग में पांचों नए मेडिकल कालेज शामिल थे। आदेश जारी होने के तुरंत बाद कुछ डाक्टरों ने अपना पुराना क्षेत्र छोड़ने से इनकार कर दिया था। ट्रांसफर कैंसिल करवाने के लिए वे पदोन्नति का लाभ भी छोड़ने के लिए तैयार थे। मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 11 प्राध्यापक और 1 सह-प्राध्यापक का पदस्थापना संशोधित आदेश जारी कर दिया। इस आदेश में 10 ऐसे प्राध्यपकों के नाम शामिल हैं, जो नए मेडिकल कालेज, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, जशपुर, दंतेवाड़ा, मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ किए गए थे। 45 दिनों में इनका ट्रांसफर विभिन्न चर्चाओं का कारण बनने लगा है।

खबर संक्षेप

मनमोहन के खिलाफ कैंपेन था सुनियोजित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में



क्लीन चिट मिलने के कुछ दिन बाद कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। सोनिया ने मंगलवार को एक अखबार में प्रकाशित अपने आर्टिकल में आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के खिलाफ लॉबी कैंपेन सुनियोजित और संगठित था।

आईपीएल क्रिकेटर अभिषेक रेप के आरोप में गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाले बंगाल के क्रिकेटर अभिषेक पोरेल को रेप केस में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी मंगलवार को कोलकाता में हुई। यह मामला एक मेडिकल छात्रा की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसमें पोरेल पर रेप, आपराधिक धमकी और अन्य आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित ने जून में शिकायत दर्ज कराई थी।

एसआईआर में कटा वोटर लिस्ट से मेरा नाम : राज

बेंगलुरू। जाने माने एक्टर प्रकाश राज ने बड़ा दावा किया है। उनका



कहना है कि बेंगलुरु निर्वाचन क्षेत्र से उनका वोटिंग राइट डिलीट कर दिया गया है। एसआईआर की प्रक्रिया के बाद ये सब हुआ है। प्रकाश ने कहा कि वो बेंगलुरु में जन्मे हैं। यही पर उन्होंने पढ़ाई और थियेटर किया है।

हिमाचल में तेल पर अनाथ, विधवा सेस

शिमला। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल और डीजल महंगा होने जा रहा है। राज्य सरकार ने पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल पर 'अनाथ और विधवा सेस' बढ़ाने का फैसला लिया है। नई दरें 12 अगस्त को रात 12 बजे से लागू होंगी। फिलहाल, लागू किए गए नए सेस के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में प्रति लीटर 60 पैसे की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यह राज्य स्तर पर लगाया गया एक विशेष सेस है, जिसका सीधा असर अब लोगों की जेब पर पड़ने वाला है।

इंदिरा के हत्यारे का बेटा लड़ेगा पंजाब चुनाव

चंडीगढ़। अकाली दल (वारिस पंजाब दे) ने पंजाब विधानसभा



चुनाव 2027 चुनाव के लिए अपना पहला उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी ने बस्सी पठाना विस सीट से सतवंत सिंह को उम्मीदवार बनाया है। सतवंत, केहर सिंह के बेटे हैं, जिसे इंदिरा गांधी हत्याकांड में फांसी हुई थी। सतवंत सिंह की उम्मीदवारी की घोषणा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तरसेम सिंह ने की। तरसेम सिंह जेल में बंद खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल सिंह के पिता हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को दी सख्त चेतावनी

उम्र-लिंग की सीमा नहीं, हर लापता की तुरंत दर्ज करनी होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने लापता लोगों के एफआईआर मामले में राज्य सरकारों को सख्त चेतावनी दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिलने पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने का उसका निर्देश हर व्यक्ति पर लागू होगा, चाहे वह बच्चा हो या वयस्क, पुरुष हो या महिला। कोर्ट ने कहा कि उसके पहले के आदेश में इस्तेमाल किया गया शब्द 'व्यक्ति' उम्र या लिंग से सीमित नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिलते ही तत्काल एफआईआर दर्ज करने का उसका निर्देश हर व्यक्ति पर लागू होता है, चाहे उसकी उम्र या लिंग कुछ भी हो। कोर्ट ने कहा कि उसके पहले के आदेश में इस्तेमाल किए गए 'व्यक्ति' शब्द का अर्थ केवल बच्चों तक सीमित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चेतावनी दी कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है।

फैसले को समझाया

खास खबर

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने मानव तस्करी रोकने और लापता लोगों का पता लगाने से जुड़े मामले में पहले दिए आदेशों के अमल की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिया। कोर्ट को बताया गया कि कुछ राज्य 22 मई, 2026 के आदेश की गलत व्याख्या करते हुए मान रहे हैं कि उसमें 'व्यक्ति' शब्द का मतलब केवल बच्चे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस व्याख्या को खारिज करते हुए इसे 'जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से उठाया गया बहाना' बताया। पीठ ने कहा कि उसके आदेश की भाषा पूरी तरह स्पष्ट है और 'व्यक्ति' का अर्थ हर व्यक्ति है, चाहे वह वयस्क हो या बच्चा तथा उसका लिंग कुछ भी हो।



आदेश का पालन नहीं होने पर जारी होगा नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने आदेश का पालन नहीं किया है तो संबंधित मुख्य सचिव और डीजीपी को अवमानना नोटिस जारी किया जाएगा। उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होकर हलफनामा दाखिल करना होगा और बताना होगा कि जानबूझकर आदेश की अवहेलना करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

सुप्रीम कोर्ट का सभी पुलिस थानों को निर्देश

22 मई के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने सभी पुलिस थानों को निर्देश दिया था कि किसी भी व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिलते ही बिना प्रारंभिक जांच का इंतजार किए तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। पुलिस परिवार या अभिभावकों से पहले खुद तलाश करने को कहकर जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। कोर्ट ने कहा था कि लापता होने के बाद शुरुआती कुछ घंटे 'गोल्डन आवर्स' होते हैं और इसी अवधि में सुरक्षित बरामदगी की संभावना सबसे अधिक रहती है। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (**BNS**), 2023 तथा अपहरण, बहला-फुसलाकर ले जाने या मानव तस्करी से संबंधित अन्य कानूनी प्रावधान शामिल किए जाने के निर्देश भी दिए गए थे।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स को विशेष निर्देश

कोर्ट ने मानव तस्करी की आशंका वाले मामलों को चार महीने की अवधि पूरी होने का इंतजार किए बिना संबंधित विशेष इकाई को सौंपने और सभी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स को पूरी तरह सक्रिय करने का भी निर्देश दिया था। वहीं, बरामद व्यक्ति को सत्यापन के बाद बिना देरी उसके सही अभिभावक या परिवार को सौंपने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, यदि परिवार या अभिभावक खुद तस्करी में शामिल हों तो पीड़ित को उनके हवाले नहीं किया जाएगा।

अनुपालन हलफनामा दाखिल नहीं करने पर नाराजगी

5 अगस्त के आदेश में कोर्ट ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अनुपालन हलफनामा दाखिल नहीं करने पर नाराजगी जताई और उन्हें प्रथमदृष्टया अवमानना का दोषी माना। लद्दाख के मुख्य सचिव और डीजीपी को भी व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया। केंद्र सरकार को देशभर के संबंधित पोर्टलों को छह सप्ताह में एकीकृत करने का निर्देश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर, 2026 को दोपहर 2 बजे होगी।

पान मसाला नहीं मिलेंगे अब प्लास्टिक पाउच में लगाया गया प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पान मसाला की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक को बैन कर दिया है। नए नियमों के तहत कंपनियां अब सिर्फ पेपर, टिन या ग्लास कंटेनर में ही पान मसाला पैक कर बेच सकेंगी। एफएसएसएआई ने फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड पैकेजिंग अमेंडमेंट रेगुलेशन 2026 को नोटिफाई कर दिया है। ये नए नियम तुरंत लागू हो गए हैं। एफएसएसएआई द्वारा नए नियमों में बताया गया है कि उत्पाद की पैकेजिंग के लिए कौन-कौन सी प्लास्टिक-मुक्त सामग्री इस्तेमाल की जा सकती है। नए नियमों के मुताबिक पैकेजिंग में प्लास्टिक, एल्युमिनियम फॉइल और मेटलाइज्ड लेयर का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

बढ़ सकती है लागत

नए नियम लागू होने के बाद निश्चित रूप से पान मसाला कंपनियों की लागत पर असर पड़ने वाला है। पैकेजिंग में बदलाव होने से रॉ मेटेरियल में भी बदलाव लाना होगा। यानी कागज, पेपर बोर्ड, सेलूलोज जैसी चीजों पर कास्टिंग बढ़ेगी। इसके साथ ही पैकेजिंग करने वाली मशीन में भी बदलाव करने हो सकते हैं। ऐसे में कंपनी पर बजट का प्रभाव और लागत बढ़ेगा जो ग्राहकों से ही वसूले जाएंगे।

यह है नए प्रावधान में

संशोधन फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स (पैकेजिंग) रेगुलेशन्स, 2018 में बदलाव किया गया है। अब पान मसाला को कागज, पेपरबोर्ड, सेलुलोज या अन्य प्राकृतिक स्रोतों से बने मटीरियल में पैक किया जा सकता है। लेकिन ये मटीरियल पूरी तरह से प्लास्टिक-मुक्त होना चाहिए। इसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पॉलीप्रोपीलीन, पॉलिएस्टर, पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी), या कोई भी अन्य सिंथेटिक पॉलिमर, कोपॉलीमर या लेमिनेट नहीं हो सकते।

साइबर फ्रॉड पर चार राज्य में छापे, दुबई तक नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट साइबर पुलिस स्टेशन ने देशभर में फैले साइबर इन्वेस्टमेंट फ्रॉड और 'म्यूल अकाउंट' सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और पंजाब से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के तार कतर और दुबई से भी जुड़े पाए गए हैं। अब तक की जांच में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) की 34 शिकायतों में 15.71 करोड़ रुपये से अधिक के संदिग्ध लेनदेन का खुलासा हुआ है।

■ 15.71 करोड़ रुपए के बड़े साइबर घोटाले का भंडाफोड़



ऐसे पकड़ में आया मामला

पीड़ित को व्हाट्सएप ग्रुप्स में जोड़ा गया था, जिन्हें निवेश सिखाने वाला प्लेटफॉर्म बताया गया था। आरोपित फर्जी शेयर बाजार विश्लेषक बनकर फर्जी ट्रेडिंग ऐप के जरिए भारी मुनाफे के झूठे स्क्रीनशॉट और कहानियां दिखाते थे।

विदेशी कनेक्शन भी उजागर

पूछताछ में मुख्य आरोपी जमालुद्दीन फैसल ने खुलासा किया कि कतर में रहने के दौरान वह इस नेटवर्क के संपर्क में आया था।

ईरानी पोर्ट पर ब्लॉकेड तोड़ने की कोशिश

अमेरिका ने पनामा के जहाज पर किया हमला

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिकी सैन्य हेलीकॉप्टर ने पनामा के झंडे वाले एक जहाज के रडर पर गोलीबारी की। यह कार्रवाई तब की गई, जब जहाज के चालक दल ने ईरानी बंदरगाहों पर लागू नौसैनिक नाकाबंदी को लागू करने में जुटे अमेरिकी कर्मियों की चेतावनियों को नजरअंदाज किया। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मंगलवार को एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हमले के बाद ऐसा लग रहा था कि जहाज अपने चालक दल को किसी दूसरे नागरिक जहाज में स्थानांतरित करने की कोशिश कर रहा था।

गुजर रहा था ओमान की खाड़ी से

इससे पहले ब्रिटिश समुद्री जोखिम प्रबंधन समूह वैनगार्ड और एक समुद्री सुरक्षा सूत्र ने बताया था कि शुरुआती आकलन के मुताबिक, पनामा के झंडे वाला कंटेनर जहाज 'वेला नोवा' ओमान की खाड़ी से गुजरते समय मिसाइल की चपेट में आया था।



हस्तक्षेप तभी संभव है, जब निर्णय स्पष्ट रूप से मनमाना या कानून के विपरीत साबित हो

टैट परीक्षा विवाद, 20 अभ्यर्थियों की याचिकाएं खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजी टैट)-2024 की फाइनल आंसर-की से हटाए गए प्रश्नों को दोबारा शामिल करने की मांग करने वाले 20 अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने सभी याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि परीक्षा और अकादमिक मूल्यांकन जैसे मामलों में अदालतें विशेषज्ञों की राय में सामान्य तौर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। हस्तक्षेप तभी संभव है, जब निर्णय स्पष्ट रूप से मनमाना, ⏭शेष पेज 7 पर



व्यापमं ने बताई प्रश्न हटाने की वजह

सुनवाई के दौरान सीजी व्यापमं की ओर से बताया गया कि विवादित प्रश्न एक ही गद्यांश पर आधारित थे। प्रिंटिंग की त्रुटि के कारण गद्यांश से पहले ही उससे संबंधित प्रश्न छप गए थे। इससे प्रश्नों के क्रम में विसंगति पैदा हो गई। व्यापमं ने बताया कि मामले को विषय विशेषज्ञों की समिति के सामने रखा गया था। समिति की सिफारिश के आधार पर सभी सेटों से संबंधित प्रश्नों को हटाने का निर्णय लिया गया, ताकि सभी परीक्षार्थियों के साथ समान व्यवहार हो। हटाए गए प्रश्नों के अंक निर्धारित फॉर्मूले के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को समान रूप से दिए गए।

मॉडल आंसर-की से अधिकार नहीं बनता

हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद माना कि प्रश्नों को हटाने का फैसला बिना विचार किए नहीं लिया गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल प्रोविजनल या मॉडल आंसर-की के आधार पर किसी अभ्यर्थी के न्यूनतम पात्रता अंक पूरे हो जाने से उसे कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं होता। अदालत ने कहा कि आपत्तियों और विशेषज्ञों की राय के बाद तैयार होने वाली फाइनल आंसर-की के आधार पर ही अंतिम परिणाम निर्धारित होता है। कोर्ट ने सभी 20 याचिकाएं खारिज कर दीं।

नई दिल्ली। खगोल विज्ञान की दृष्टि से आज 12 अगस्त वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण दिन बनने जा रहा है। एक ही दिन पूर्ण सूर्यग्रहण, छह ग्रहों की दुर्लभ ग्रह-पंक्ति और पर्सिड उल्का वर्षा जैसी कई असाधारण खगोलीय घटनाएं देखने को मिलेंगी। हालांकि भारत में सूर्यग्रहण दिखाई नहीं देगा, फिर भी यह दिन वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिकों और खगोल प्रेमियों के लिए विशेष महत्व रखेगा।चूंकि भारत में उस समय रात रहेगी इसलिए यह ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। इसी कारण भारत में इस ग्रहण से संबंधित धार्मिक या वैज्ञानिक प्रत्यक्ष अवलोकन संभव नहीं होगा, जबकि जिन देशों में ग्रहण दिखाई देगा वहां वैज्ञानिक अभियान और सार्वजनिक अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कई देशों में छा जाएगा अंधेरा, भारत में नहीं दिखाई देगा

सूर्यग्रहण आज

एक कतार में दिखेंगे 6 ग्रह एक साथ

सूर्योदय से पहले आकाश में बुध, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून एक लगभग सीधी पंक्ति में दिखाई देंगे। इसके बाद दिन के समय वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण पूर्ण सूर्यग्रहण घटित होगा और रात में पर्सिड उल्का वर्षा अपने चरम पर पहुंचेगी। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस प्रकार की घटनाओं का एक साथ घटित होना खगोल विज्ञान के अध्ययन और आम लोगों में अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

इन देशों में थोड़ी देर के लिए छा जाएगा अंधकार

पूर्ण ग्रहण का दृश्य उत्तरी रूस, ग्रीनलैंड, आइसलैंड, स्पेन तथा पुर्तगाल के कुछ क्षेत्रों से देखा जा सकेगा। इन स्थानों पर कुछ मिनटों के लिए दिन के समय भी अंधकार जैसा वातावरण उत्पन्न हो जाएगा। विशेष रूप से स्पेन के उत्तरी भागों में यह दृश्य अत्यंत आकर्षक होगा, जहां पूर्ण ग्रहण के दौरान दिन अचानक सांध्यकाल जैसा प्रतीत होगा। सूर्य का कोरोना भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने की संभावना है, जिसे सामान्य परिस्थितियों में देख पाना संभव नहीं होता।



अनेक देशों में दिखाई देगा आंशिक सूर्यग्रहण : पूर्ण ग्रहण के अतिरिक्त उत्तरी अमेरिका के कुछ भागों, कनाडा, उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका तथा यूरोप के विस्तृत क्षेत्रों में आंशिक सूर्यग्रहण दिखाई देगा। कई स्थानों पर चंद्रमा सूर्य के 90 प्रतिशत से अधिक भाग को ढक लेगा, जिससे सूर्य का आकार अर्धचंद्र जैसा दिखाई देगा। अफ्रीका और मुख्यभूमि यूरोप के कुछ क्षेत्रों में सूर्यास्त के समय ग्रहण दिखाई देने के कारण यह दृश्य और भी मनोहारी होगा।

भारत में उस समय रहेगी रात

भारतीय समय के अनुसार यह सूर्यग्रहण 12 अगस्त की रात लगभग 9 बजकर 5 मिनट पर प्रारंभ होगा। पूर्ण ग्रहण की अवस्था लगभग 10 बजकर 29 मिनट से शुरू होकर मध्यरात्रि से पहले अपने चरम पर पहुंचेगी तथा पूर्ण ग्रहण की समाप्ति लगभग 12 बजकर 5 मिनट पर होगी। अंतिम चरण 13 अगस्त की रात लगभग 1 बजकर 29 मिनट तक चलेगा। चूंकि इस पूरी अवधि में भारत में रात्रि रहेगी और सूर्य क्षितिज के नीचे होगा, इसलिए यह सूर्यग्रहण देश के किसी भी भाग से दिखाई नहीं देगा।

दिखेगी पर्सिड उल्का की बारिश

इसी दिन अमावस्या होने के कारण रात का आकाश अत्यंत अंधकारमय रहेगा, जिससे पर्सिड उल्का वर्षा अपने चरम पर अत्यंत स्पष्ट दिखाई देने की संभावना है। प्रकाश प्रदूषण से दूर क्षेत्रों में प्रति घंटे बड़ी संख्या में उल्काएं आकाश में चमकती हुई देखी जा सकेंगी, जो इस दिन को खगोल प्रेमियों के लिए और भी यादगार बना देंगी।

खबर संक्षेप

'जेन जेड' पर टिप्पणी कंगना के खिलाफ याचिका स्वीकार



आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को भाजपा की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ दायर याचिका स्वीकार कर ली। अधिवक्ता ने बताया कि सांसद/विधायक अदालत में यह याचिका प्रश्न पत्र लीक के मुद्दे को लेकर जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों और उनके माता-पिता तथा 'जेन जेड' के बारे में रनौत की कथित टिप्पणियों को लेकर दायर की गई थी। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने बताया कि अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 अगस्त की तारीख तय की है।

हूती विद्रोहियों के जहाज पर हमले में चार की मौत

काहिरा। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य में एक जहाज पर मिसाइलें दागीं, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि मृतकों में तीन पाकिस्तानी नागरिक और एक इंडोनेशियाई नागरिक शामिल हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन के एक वाणिज्यिक जहाज पर तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। मंत्रालय ने बताया कि विद्रोहियों ने एक और मिसाइल दागी, जिसका निशाना जहाज तक पहुंचने की कोशिश कर रही बचाव टीम थी। इस हमले में यमन का एक बचावकर्मी घायल हो गया।

राहुल के खिलाफ मामले में सुनवाई 19 सितंबर को



हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस में वर्ष 2020 में हुए दुष्कर्म के एक मामले पर टिप्पणी से जुड़े मानहानि के मुकदमे में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जारी अदालत का नोटिस तामील हो गया। यह नोटिस सांसद, विधायक अदालत संख्या-5 के अपर जिला न्यायाधीश विजय कुमार द्विवेदी ने 15 जुलाई को पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया था। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 19 सितंबर की तारीख तय की है।

राष्ट्रपति के आगमन, राज्यपालों के भाषण जैसे समारोहों में गाए जाएंगे

अब 'वंदे मातरम' का अपमान होगा अपराध

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून हुआ लागू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एक विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसके तहत जानबूझकर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन में बाधा डालना या उसे रोकना अपराध माना जाएगा। सरकार के एक बयान में कहा गया है कि इसे वही कानूनी सुरक्षा मिलेगी जो अभी राष्ट्रीय गान को हासिल है।

'वंदे मातरम' गायन के अपमान पर कैद और जुर्माना दोनों की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति की सहमति से राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026, कानून बन गया है। लोकसभा ने 30 जुलाई को विधेयक पारित किया था, जबकि राज्यसभा ने इसे एक दिन पहले ही मंजूरी दे दी थी। इस विधेयक के अंतर्गत वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा दिया गया है।

पहली बार लाल किले की प्राचीर से वंदेमातरम गायन : केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में पहली बार लाल किले की प्राचीर से वंदे मातरम गाया जाएगा। इससे पहले, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम के तहत जानबूझकर राष्ट्रगान (जन गण मन) गाने से रोकना या ऐसे गायन में लगे किसी भी सभा में अशांति पैदा करना प्रतिबंधित था।



बिल में क्या कहा गया था?

बिल में कहा गया था, 'अभी 'वंदे मातरम' के गायन के अपमान को रोकने के लिए कोई खास कानूनी प्रावधान नहीं है, जबकि इसे राष्ट्रीय गीत का सम्मान प्राप्त है। इसलिए, किसी व्यक्ति को जानबूझकर राष्ट्रीय गीत गाने से रोकने या ऐसे गायन में लगी किसी सभा में बाधा डालने से रोकने के लिए, उक्त अधिनियम की धारा 3 में संशोधन करके राष्ट्रीय गीत को भी इसके दायरे में लाने का प्रस्ताव है, ताकि ऐसे कार्यों को दंडनीय बनाया जा सके।'

जन गण मन जैसा मिलेगा कानूनी संरक्षण

विधेयक में आगे कहा गया है कि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 24 जनवरी, 1950 को कहा था कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम', जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी, को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान सम्मान दिया जाएगा और उसे उसके बराबर दर्जा प्राप्त होगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से क्या निर्देश जारी किया गया था?

इस वर्ष की शुरुआत में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया था कि जब राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत एक साथ बजाए जाएं तो 'वंदे मातरम' के सभी छह श्लोक पहले गाए जाएं। 28 जनवरी के एक आदेश में, गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगान गाने के लिए प्रोटोकॉल का पहला सेट जारी किया, जिसमें निर्देश दिया गया कि इसके छह छंद, जिनकी अवधि 3 मिनट और 10 सेकंड है, राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राज्यपालों के भाषण जैसे आधिकारिक समारोहों में गाए जाएंगे।

कानून में क्या हैं मुख्य प्रावधान?

- **सजा और जुर्माना:** नए कानून के तहत यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर वंदे मातरम के गायन को रोकता है या इसे गा रही किसी सभा में व्यवधान डालता है, तो उसे अधिकतम तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है
- **दोबारा अपराध पर कठोर कार्रवाई:** यदि कोई व्यक्ति दोबारा या बार-बार यह अपराध करता है, तो उसे कम से कम एक साल की अनिवार्य जेल की सजा भुगतनी होगी
- **समान दर्जा:** अब तक राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत केवल राष्ट्रगान 'जन गण मन' के अपमान पर ही सजा का प्रावधान था। पुराने कानून में राष्ट्रगीत के लिए ऐसा कोई विशिष्ट सुरक्षात्मक दायरा नहीं था, जिसे अब धारा तीन में संशोधन करके जोड़ दिया गया है

वंदे मातरम को लेकर दिशा-निर्देश और प्रोटोकॉल

- पहले गाया जाएगा राष्ट्रगीत: राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राज्यपालों के भाषण जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों में गाए जाएंगे। जिन आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान दोनों बजाए या गाए जाएंगे, वहां सबसे पहले वंदे मातरम का गायन होगा
- तीन मिनट 10 सेकंड की अवधि: राष्ट्रपति के आगमन, ध्वजारोहण और राज्यपालों के संबोधन जैसे आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम के सभी छह अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकंड होगी।
- सावधान की मुद्रा अनिवार्य: राष्ट्रगीत के गायन के दौरान सभा में मौजूद सभी व्यक्तियों को 'सावधान' की मुद्रा में खड़ा होना अनिवार्य होगा
- स्कूलों में अनिवार्य सामूहिक गायन: देश के सभी विद्यालयों में दिन की शुरुआत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ की जाएगी।

ट्रंप का बड़ा ऐलान, फिर बढ़ेगा तनाव

'होर्मुज पर सिर्फ यूएस का कंट्रोल', ईरान से वसूलेंगे मुआवजा



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जहां एक ओर यह दावा किया है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अब सिर्फ अमेरिकी नौसेना का कंट्रोल है वहीं उन्होंने ईरान से युद्ध के दौरान हुए नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग भी रख दी है। मुआवजे की यहा मांग उन्होंने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए की है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जबकि होर्मुज में जहाजों की आवाजाही को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव लगातार चर्चा में है। इस बीच ट्रंप ने साफ कर दिया है कि ईरान को कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। उल्टा इस युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए ईरान अमेरिका को मुआवजा दे।

हम जिसे चाहेंगे वही इस रास्ते से गुजरेगा

डोनाल्ड ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर कहा कि इस पर अब केवल अमेरिकी नौसेना का नियंत्रण है और इस इलाके में अमेरिकी नाकाबंदी पूरी तरह से मजबूत है। उन्होंने इस नाकाबंदी को स्टील के दीवार की तरह बताया और कहा कि अमेरिका उन्हीं जहाजों को रास्ता देगा जिन्हें वह इस क्षेत्र से गुजरने देना चाहता है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर हमारा 100 प्रतिशत कंट्रोल है।

ईरान अमेरिका को दे मुआवजा

डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा- अब मैं भी ईरान से मुआवजे की मांग कर रहा हूं, उन सभी लोगों के लिए जिन्हें उन्होंने अपने रोडसाइड बमों और कई लड़ाइयों से मारा है और गंभीर रूप से घायल किया है। जिसकी शुरुआत जनरल सुलेमानी ने की थी, जिसमें यूएसएस कोल पर मारे गए लोगों के परिवार और लड़ाई में

अमेरिका के बयान पर ईरान ने रखी थी ये मांग

दरअसल, ईरान ने होर्मुज को फिर से खोलने के लिए अमेरिका से अरबों डॉलर के भुगतान, नौसैनिक नाकेबंदी खत्म करने, अमेरिकी सैनिकों को क्षेत्र से वापस बुलाने और अन्य रियायतों की मांग की है। वहीं इससे पहले द वॉल स्ट्रीट जर्नल में छपी एक रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रंप अपने करीबी अधिकारियों से यह संकेत दे चुके हैं कि अगर ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में समुद्री यातायात पूरी तरह बहाल कर देता है, तो अमेरिका परमाणु समझौते के बिना भी संघर्ष को समाप्त करने का रास्ता तलाश सकता है।

कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले में दखल से किया इनकार

सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, टीएमसी के बैंक खातों पर रोक बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के तीन बैंक खातों पर लगी रोक से जुड़ी कानूनी लड़ाई में सुप्रीम कोर्ट से पार्टी को कोई राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत ने कोलकाता हाईकोर्ट के उस फैसले में दखल देने से साफ इनकार कर दिया है, जिसके तहत वित्तीय गड़बड़ी के आरोपों के बाद बैंक खातों के लेनदेन पर पाबंदी लगाई गई थी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्न बी वराले की पीठ ने मामले की सुनवाई की। हालांकि, शीर्ष अदालत ने टीएमसी को विशेष अधिकारी के सामने अपनी आपत्तियां दर्ज कराने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है।

क्या है स्पेशल अफसर की निगरानी का दायरा

इससे पहले कोलकाता हाईकोर्ट ने इस मामले में ममता बनर्जी की अगुवाई वाली पार्टी को थोड़ी मोहलत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि पार्टी अपने रोजमर्रा के प्रशासनिक खर्चों के लिए इन खातों से पैसों का इस्तेमाल कर सकती है। यह पूरी प्रक्रिया कोर्ट की ओर से नियुक्त विशेष अधिकारी की सीधी देखरेख में ही पूरी होगी।

पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ 86 हैंड ग्रेनेड सहित एक पकड़ाया

आईएसआई के इशारे पर काम कर रहा था आरोपी



जालंधर। पंजाब के जालंधर में पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। विदेश में बैठे आतंकी पूरा मॉड्यूल चला रहे थे। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी व्यक्ति के पास 86 हैंड ग्रेनेड भी मिले हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी व्यक्ति ने ये बम डेड लेटर बॉक्स/ड्रॉप लोकेशन से उठाए थे। उसे इस लोकेशन के बारे में विदेश में बैठे आतंकी ने बताया था। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच करने के लिए जांच कर रही है। यह कार्रवाई जालंधर की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने शहीद भगत सिंह नगर पुलिस के साथ मिलकर की है। इस जॉइंट ऑपरेशन में आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है।

पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने में जुटी पुलिस

पुलिस ने एक मुख्य ऑपरेटिव को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 86-पी हैंड ग्रेनेड भी बरामद किया है। पूरे आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच जारी है, जिसमें विदेशी हैंडलर, स्थानीय सपोर्ट नेटवर्क और फॉरवर्ड व बैकवर्ड लिंकेज शामिल हैं।

डीजीपी ने दी जानकारी : पंजाब के डीजीपी ने एक्स पर लिखा, सीमा पार आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता में काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने एसबीएस नगर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में, एक प्रमुख संचालक की गिरफ्तारी के साथ विदेशी-आधारित संचालकों द्वारा संचालित एक आईएसआई-प्रायोजित बीकेआई आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और एक योजनाबद्ध हमले को विफल करते हुए 86-पी हैंड ग्रेनेड बरामद किया।

HDFC BANK

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई -440013
क्षेत्रीय कार्यालय: एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, चौथी मंज़िल, फिदवी टॉवर, सराफ चैंबर के सामने, माउंट रोड, सदर, नागपुर 440001 महा.

ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।

इसके द्वारा आम जनता को एवं विशेष रूप से उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को यह सूचना दी जाती है कि, **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कार्रवाई 'सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' की धारा 13(2) के तहत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक का बकाया एवं ब्याज वसूलने के लिए इन प्रॉपर्टीज को **'जैसा है, जहाँ है, जो है और बिना किसी रिकोर्स (बिना किसी दावे) के आधार पर'** बेचने का अधिकार है। बकाया राशि न चुकाने के कारण, नीचे हस्ताक्षर करने वाला अधिकारी, उक्त एक्ट की धारा 13(4) और नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, उक्त प्रॉपर्टी/प्रॉपर्टीज को बेचकर बैंक का बकाया वसूलने का प्रस्ताव करता है। नीचे बताई गई प्रॉपर्टीज की बिक्री वेब पोर्टल **https://BidDeal.in** के जरिए ई-ऑक्शन (ऑनलाइन नीलामी) के माध्यम से की जाएगी।

अचल संपत्तियों का विवरण

क्र.	शाखा एवं खाता का नाम	संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक	निरिक्षण की तिथी एवं समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की राशि	ई-नीलामी की तिथी/समय	बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई-मेल आईडी
1.	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, भिलाई, छत्तीसगढ़ एवं एनाल ऑटोमोबाइल्स प्रोपराइटर – श्रीमती संगीता चावला	जमानतदार: 1. श्रीमती संगीता चावला 2. श्री तरुण चावला बंधककर्ता: श्रीमती संगीता चावला	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, कमर्शियल प्रॉपर्टी जिसमें बेसमेंट, तल मंजिल, पहली मंजिल और दूसरी मंजिल वाला शोरूम शामिल है) प्लॉट नंबर 01, 02, 03, 04, 05, 06, 06ए, 08, 09 एवं 10, ब्लॉक नं. 18ए, 'दक्षिण गंगोत्री व्यवस्थापन योजना', नौजा सुपेला, वार्ड नं. 3, जीई रोड, भिलाई, आरआईसी दुर्ग, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल 648 वर्ग मीटर, **संपत्ति स्वामी** श्रीमती संगीता चावला	रु. **9,12,95,403.64** 30.11.2023 तक बकाया राशि एवं आगे के ब्याज के साथ ब्याज का समावेश @18% प्रतिवर्ष, 01.12.2023 से मासिक के साथ क्रेडिट सुविधाओं के तहत पूर्ण और अंतिम भुगतान की तारीख तक **02.01.2024**	**20-08-2026** एवं समय: प्रात: 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक	आरक्षित मूल्य रु. **11,34,00,000/-** ईएमडी रु. **1,34,00,000/-** बोली वृद्धि राशि रु. **2,00,000/-**	**05-09-2026** दोपहर 1.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक	**03-09-2026** सायं 5 बजे तक	नितिन बेन्दवाल nitin.bendwal@hdfc.bank.in 9893694235 कुशल डांगी kushal.dangi@hdfc.bank.in 7748882223 आशीष रावत Ashish.rawat9@hdfcbank.com 9981126266 राजेश कुलाकडा rajesh.kulakada@hdfc.bank.in 7498288849

*वसूली तक अनुवर्ती ब्याज भी लागू होगा

नियम एवं शर्तें

1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://BidDeal.in** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://BidDeal.in** पर नाम पंजीकृत कर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं.: 57500000904261 खाता का नाम : DFSO TRANSITORY ACCOUNT : DOC SERV, लाभार्थी का नाम : एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : HDFC0000240 में एनईएफटी / आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर अन्य भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है, सिवाय उसके जो विस्तृत नियमों एवं शर्तों में उल्लेखित है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/बकाया करों/मुकदमेबाजी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण ऊपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए जाने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मेसर्स वेल्यू ट्रस्ट केपिटल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, ए1, तल मंजिल, 585, हेस्टींग कॉलोनी, वीआईपी नगर, आनंदपुर कलकत्ता 700 100. केन्द्रीकृत सहायता डेस्क +91 92666 04643, ई-मेल आईडी Auction.Manager@BidDeal.in. से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से कार्यालय अवधि (प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे) के दौरान कार्यदिवसों में संपर्क कर सकते है।**
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा https://BidDeal.in देखें)**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत सांविधिक 15 दिनी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को ऊपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में भी समझा जाएगा।

दिनांक : 12.08.2026
स्थान : भिलाई (छ.ग.)

प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड





आरडी बर्मन की बायोपिक में नजर नहीं आएंगे इमरान

मुंबई। आरडी बर्मन की बायोपिक को लेकर दर्शकों में उत्साह है। नीरज पांडे निर्देशित इस फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर खूब अटकलें लग रही हैं। बीते दिनों कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए गए कि अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म से जुड़ गए हैं। वे पंचम दा के करीबी दोस्त और मशहूर एक्टर-सिंगर व कॉमेडियन महमूद की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मगर, इन खबरों का इमरान ने खंडन कर दिया है। इमरान ने बीती रात अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि वे बायोपिक में काम नहीं कर रहे हैं। 'मैं साफ कर दूं कि एक बायोपिक में मेरे महमूद की भूमिका निभाने की खबरें सच नहीं हैं'।



हॉलीवुड मसाला



जॉर्ज-अमल की तलाक की उड़ी अफवाह

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर जॉर्ज क्लूनी और ह्यूमन राइट्स लॉयर अमल क्लूनी 12 साल से शादी के रिश्ते में हैं। 2014 में शादी के बाद से इस कपल की शादीशुदा जिंदगी खुशहाल रही है। इसके बावजूद दोनों के अलग होने की खबरें आग की तरह फैल रही हैं। हालांकि, ये अफवाहों पूरी तरह से झूठी हैं। इन अफवाहों की वजह एमा वॉटसन को बताया जा रहा है। रविवार को कुछ तस्वीरें सामने आईं जिनमें एमा वॉटसन को लेक कोमो में जॉर्ज और अमल क्लूनी के प्राइवेट घर पर आते हुए देखा गया।

लाइफ Style

कोमल

रूपा और दुनियादारी से बॉलीवुड में कदम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कोमल रानी स्वर्णकार भारतीय सिनेमा में एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं, जो जल्द ही हिंदी फिल्म उद्योग में अपना बड़ा कदम रखने जा रही हैं। गोविंदा के साथ नाम जुड़ने से पहले मुख्यधारा के सिनेमाई दर्शकों के बीच उनकी कोई खास पहचान नहीं थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कोमल मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। हालांकि उनके शुरुआती जीवन, पारिवारिक पृष्ठभूमि, शिक्षा और सटीक उम्र को लेकर सार्वजनिक रूप से विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध नहीं है। गोविंदा के साथ उनकी आगामी फिल्मों और बढ़ती नजदीकी के कारण ही वे अचानक से सुर्खियों में आई हैं। कोमल और गोविंदा के बीच की चर्चा का सबसे मुख्य कारण उनका व्यावसायिक जुड़ाव है। कोमल, गोविंदा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रूपा' में उनके साथ मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को गोविंदा के बड़े पर्दे पर वापसी के एक बड़े मौके के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा मीडिया रिपोर्ट्स में कोमल का नाम गोविंदा के एक और आगामी प्रोजेक्ट 'दुनियादारी' से भी जोड़ा जा रहा है। एक साथ दो-दो फिल्मों में वरिष्ठ अभिनेता के साथ काम करने की खबरों ने दोनों के रिश्तों को लेकर चल रही अफवाहों को और बल दिया है। इन दोनों के बीच अफेयर की खबरों ने तब तूल पकड़ा जब मुंबई एयरपोर्ट पर गोविंदा और कोमल को एक साथ देखा गया। एयरपोर्ट से सामने आई तस्वीरों और वीडियोज ने सोशल मीडिया पर यूजर्स का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लिया। इसके बाद से ही दोनों के रिश्ते को लेकर अफवाहों का दौर शुरू हो गया।



बाल नकली हैं, लेकिन बेबी बंप असली है

लॉस एंजिल्स। 43 साल की उम्र में मां बनने जा रहीं एनी हाल ही में अपनी फिल्म 'द एंड ऑफ ओक स्ट्रीट' के प्रीमियर में नजर आईं, जहां उन्होंने अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया। लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उनकी प्रेग्नेंसी को ही फेक बताना शुरू कर दिया। अब एनी ने ट्रोल्स को अपने अंदाज में करारा जवाब दिया है। वीडियो में जब स्टाइलिस्ट उनके बालों को पोनीटेल में सेट कर रही थीं, तब एनी ने मजाक में कहा, 'ये मेरे असली बाल नहीं हैं।' इसके बाद उन्होंने वीडियो के कैप्शन में ट्रोल्स को जवाब देते हुए लिखा, 'बाल नकली हैं, लेकिन बेबी बंप असली है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो एनी हैथवे हाल ही में निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' में नजर आई थीं।

18 साल बाद साथ लौटे अक्षय और सैफ

नई दिल्ली। अभिनेता अक्षय कुमार और सैफ अली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हैवान' सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मंगलवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए टीजर रिलीज डेट की जानकारी दी। फिल्म में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आएग। दोनों लगभग 18 सालों के बाद स्क्रीन पर साथ नजर आएंगे। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर अपने और सैफ अली खान के लुक की तस्वीर पोस्ट की. इसके साथ उन्होंने लिखा, 'बदला ही मेरी वजह है, हर सेंस उसका हथियार है। आप किसकी तरफ हो? हीरो हो या



हैवान? हैवान का टीजर बुधवार को आएगा।' 'हैवान' एक दमदार थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। फिल्म का निर्माण कार्य केवीएन प्रोडक्शंस और द स्पियन फिल्म्स साथ मिलकर कर रहे हैं। वहीं, वेंकेट के. नारायण और शैलजा देसाई इसे मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। अपने दमदार फर्स्ट लुक के रिलीज के बाद से ही दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता पैदा कर चुकी अक्षय कुमार और सैफ अली खान स्टारर हैवान अब 12 अगस्त को अपना बहुप्रतीक्षित टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

सावन में महादेव की भक्ति में लीन हुए सितारे

मुंबई। पवित्र सावन मास चल रहा है। इसे विशेष रूप से भगवान शिव की आराधना का महीना माना जाता है। मंगलवार को सावन शिवरात्रि थी। लोग भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहे। कई सितारों ने भी भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। कुछ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करके फैंस को बधाई दी है। अभिनेत्री निमरत कौर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे गुजरात के दीव स्थित श्री गंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करती दिख रही हैं। पारंपरिक ड्रेस में शिवलिंग की आराधना करते हुए अभिनेत्री ने तस्वीरें वीडियो साझा किए हैं।



इसके साथ शुभकामना देते हुए निमरत ने लिखा है, 'महादेव का दिव्य आशीर्वाद हमारी सभी परेशानियों को दूर करे और हमें भीतर से मजबूत बनाए। सभी को सावन शिवरात्रि की शुभकामनाएं।

नमः पार्वतीपतये हर हर महादेव। टीवी जगत की चर्चित अदाकारा निया शर्मा ने भी सावन शिवरात्रि पर मंदिर जाकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें साझा की हैं। निया ने पोस्ट के साथ लिखा है, 'सावन शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं'।



रोहित कर रहे छोटे पर्दे पर डेब्यू, मचाएंगे धमाल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा टी20 और टेस्ट से संन्यास के बाद अपने नए शो से छोटे पर्दे पर डेब्यू कर रहे हैं। इसके साथ ही त्योहारी सीजन में अजय देवगन, माधुरी दीक्षित और एआर रहमान के नए शो भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ कप्तान रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 और टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने के बाद अब जीवन की एक नई पारी की ओर कदम बढ़ाया है। बल्ला थामकर गेंदबाजों के छक्के छुड़ाने वाले हिटमैन अब पहली बार एक नए अंदाज में दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। मीडिया जगत में हलचल मचाने वाली इस नई शुरुआत के साथ रोहित जल्द ही छोटे पर्दे पर अपने खुद के शो के जरिए आधिकारिक तौर पर मनोरंजन जगत में कदम रखने जा रहे हैं। हाल ही में सामने आई इस नई पहल की विस्तृत जानकारी को भले ही अभी गुप्त रखा गया हो, लेकिन सामने आई कुछ झलकियों ने प्रशंसकों की उत्सुकता को कई गुना बढ़ा दिया है। शो से जुड़े एक दिलचस्प वीडियो में रोहित शर्मा अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते दिखाई देते हैं। इस दौरान उनके प्रशंसक लगातार उनसे उनका प्रसिद्ध संवाद, 'कोई भी गार्डन में नहीं घूमेगा,' दोहराने की गुजारिश करते हैं। बार-बार एक ही मांग से थोड़े असहज होकर रोहित वहां से चले जाते हैं। यह मजेदार पल शो के पूरे मनोरंजन पैकेज का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा भर है, जो यह संकेत देता है कि दर्शकों को मैदान से बाहर भी उनका एक अनोखा रूप देखने को मिलेगा। हिटमैन के इस नए अवतार के अलावा आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नए और रोमांचक कंटेंट की एक बड़ी कतार तैयार की गई है। दर्शकों के मनोरंजन के लिए सामान्य ज्ञान आधारित क्विज शो का 18वां संस्करण भी नए विचार 'सोचना पड़ेगा' के साथ वापसी कर चुका है, जो लोगों के ज्ञान और आकांक्षाओं को एक नया मंच देता है।



चिंतन

कॉलेजों में रैगिंग पर जीरो टॉलरेंस जरूरी

रैगिंग को लेकर देश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में कानून और नियमों की कमी नहीं है, अगर कमी है तो उनके प्रभावी पालन और जवाबदेही की। सूरत के सरकारी मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर के रेजिडेंट डॉक्टर हर्ष पंड्या की मौत ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग पर रोक कब लगेगी? डॉक्टर बनने आए युवा अगर अपने ही वरिष्ठों की प्रताड़ना से इस कदर टूट जाएं कि उन्हें जिंदगी खत्म करने जैसा कदम उठाना पड़े, तो यह पूरे संस्थागत तंत्र की गंभीर विफलता है। रैगिंग को अक्सर नए छात्रों से परिचय, अनुशासन या कॉलेज की 'परंपरा' के नाम पर सामान्य बनाने की कोशिश की जाती है, लेकिन जब यही कथित परंपरा मानसिक प्रताड़ना या शारीरिक उत्पीड़न में बदल जाए तो इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थान, जहां छात्रों से भविष्य में दूसरों की जिंदगी बचाने की अपेक्षा की जाती है, वहां किसी जूनियर को भय और हिंसा के माहौल में रखना और भी गंभीर सवाल पैदा करता है। हर्ष पंड्या मामले में चार सीनियर छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगा है। कॉलेज प्रशासन ने उन्हें छह महीने के लिए निलंबित किया, हॉस्टल खाली करने का आदेश दिया और एफआईआर भी दर्ज कराई। एचओडी और तीन फैकल्टी सदस्यों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। यह कार्रवाई जरूरी है, लेकिन पर्याप्त नहीं। सवाल यह है कि अगर रैगिंग की शिकायत पहले भी की गई थी, तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या संस्थान के जिम्मेदार लोगों को संभावित खतरे का अंदाजा नहीं हुआ? वहीं, रैगिंग के उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 2022 में 457 शिकायतें दर्ज हुई थीं। 2023 में यह संख्या 655 और 2024 में 758 हो गई। 2025 में 693 शिकायतें सामने आईं, जबकि 2026 में 22 जुलाई तक ही 520 मामले दर्ज हो चुके हैं। दूसरी ओर, नेशनल एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का आंकड़ा 2021 के 532 से बढ़कर 2025 में 1,369 हो गया। रैगिंग की समस्या को हल्के में नहीं लिया जा सकता। देश में यूजीसी के एंटी-रैगिंग नियम वर्ष 2009 से लागू हैं। वर्ष 2016 में संशोधित भी किया गया। कॉलेजों में एंटी-रैगिंग कमेटियां, हेल्पलाइन, शपथ-पत्र और जागरूकता कार्यक्रम जैसी व्यवस्थाएं भी मौजूद हैं। फिर भी शिकायतों का सामने आना बताता है कि नियम बनाना और उनका पालन कराना दो अलग बातें हैं। जूनियर छात्र तभी आवाज उठाएगा जब उसे यह भरोसा होगा कि शिकायत करने के बाद उसकी पहचान सुरक्षित रहेगी और उसके खिलाफ बदले की कार्रवाई नहीं होगी। कॉलेज प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायत मिलते ही तत्काल जांच हो, पीड़ित को सुरक्षा मिले और दोषी पाए जाने वालों पर बिना किसी दबाव के कार्रवाई हो। साथ ही शिकायत को दबाने, नजरअंदाज करने या देर करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो। अब समय आ गया है कि हर कॉलेज और विश्वविद्यालय रैगिंग के खिलाफ वास्तव में जीरो टॉलरेंस अपनाए। शिकायत के बाद नहीं, शिकायत की आशंका से पहले व्यवस्था सक्रिय हो। दोषियों के साथ-साथ लापरवाह प्रशासन पर भी कार्रवाई हो और शिकायत तंत्र के साथ-साथ कॉलेज प्रशासन और शिक्षण संस्थानों की जवाबदेही तय हो। क्योंकि किसी छात्र की जिंदगी बचाने के लिए हमें उसकी मौत का इंतजार नहीं करना चाहिए। इसलिए समय रहते सभी कॉलेजों और शिक्षण संस्थाओं को जागरूक होकर छात्र हितों के लिए आगे आना होगा, ताकि भविष्य में रैगिंग के कारण किसी की छात्र की जान न जाए।



आर्थिकी

-डॉ. जयंतीलाल भंडारी

महंगाई, मानसून और टैरिफ की चुनौती

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद देश में महंगाई, आर्थिक स्थिति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि से जुड़ी तस्वीर पेश की है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का अनुमान 5.0 प्रतिशत कर दिया है। खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में महंगाई में वृद्धि के संकेत हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। खास तौर से रेपो रेट को लगातार चौथी बार 5.25 प्रतिशत के स्तर पर यथावत रखा गया है।

इन दिनों देश में बढ़ती महंगाई, कमजोर मानसून और अमेरिका के बहुआयामी टैरिफ-वीजा संबंधी नई मुश्किलों पर प्रकाशित हो रही रिपोर्टें भारतीय अर्थव्यवस्था की चिंताएं बढ़ा रही हैं। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद देश में महंगाई, आर्थिक स्थिति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि से जुड़ी तस्वीर पेश की है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2026- 27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का अनुमान 5.0 प्रतिशत कर दिया है। खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में महंगाई में वृद्धि के संकेत हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। खास तौर से रेपो रेट (वह ब्याज दर जिस पर बैंक रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं) को लगातार चौथी बार 5.25 प्रतिशत के स्तर पर यथावत रखा गया है।

रिजर्व बैंक ने यह भी कहा है कि आने वाले दिनों में मानसून, अल नीनो और पश्चिम एशिया के संघर्ष की वजह से खाने-पीने की वस्तुएं और ईंधन महंगे हो सकते हैं। निसंदेह इस समय पश्चिम एशिया संकट और अमेरिकी प्रशासन की आर्थिक नीतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर चौतरफा दबाव देखने को मिल रहा है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत को कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, माल ढुलाई संकट और व्यापारिक बाधाओं जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में प्रस्तुत ब्लूमबर्ग रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और व्यापारिक अनिश्चितता के चलते जुलाई 2026 में भारत की आर्थिक गतिविधियां पिछले चार वर्षों के सबसे निचले स्तर पर आ गई हैं। यद्यपि भारत की आंतरिक आर्थिक बुनियाद मजबूत है, लेकिन युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक जोखिम और कच्चे तेल की मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था की रफ्तार को प्रभावित कर सकती हैं। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार ईरान युद्ध के चलते आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है, जिससे उर्वरक और कृषि से जुड़ी वस्तुओं के आयात में लागत बढ़ी है। इससे ग्रामीण आय और कृषि विकास दर पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही ऊर्जा गलियारों में जारी गतिरोध के कारण माल ढुलाई (फ्रेट) और बीमा लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे भारत का व्यापार घाटा बढ़ रहा है और रुपये पर दबाव बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि इस समय अमेरिका से भी भारत के लिए तीन परिदृश्य नई चुनौतियां के रूप में दिखाई दे रहे हैं। एक, 25 जुलाई को अमेरिकी सीनेट में एच-1बी वीजा पर 3 साल तक रोक लगाने संबंधी एक नया और बेहद सख्त विधेयक पेश किया गया है। दो, 24 जुलाई से धारा 301 के तहत अमेरिका में भारतीय आयातों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लागू किया गया है। तीन, 1 अगस्त 2026 से अमेरिका के द्वारा आयात की जाने वाली भारत की जेनेरिक दवाओं पर चरणबद्ध तरीके से 200 प्रतिशत तक टैरिफ का ऐलान किया गया है। यह चिंता जनक है कि अमेरिकी सीनेट में 25 जुलाई को पेश किए गए एक नए विधेयक के तहत एच-1बी वीजा जारी करने पर तीन साल की रोक लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस कदम से अमेरिका जाने का सपना देख रहे भारतीय आईटी और तकनीकी क्षेत्र के पेशेवरों पर सीधा और बड़ा असर पड़



सकता है। वीजा के लिए नए प्रस्तावों में 1,00,000 डॉलर (लगभग 85-95 लाख रुपये) तक का भारी-भरकम शुल्क और कठोर न्यूनतम वेतन मानदंड शामिल हैं। वीजा के लिए पारंपरिक रैंडम लॉटरी खत्म करके केवल उच्च वेतन और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की तैयारी है। वीजा धारकों के आश्रितों और परिजनों पर भी कई तरह की पाबंदियां लगाने की चर्चा है। हालांकि, 1 लाख डॉलर की भारी फीस वाले प्रशासनिक आदेश पर अदालती रोक फिलहाल बरकरार है, फिर भी संसद में पेश इस नए विधेयक ने अनिश्चितता का माहौल बना दिया है। यदि यह कानून लागू होता है, तो भारतीय पेशेवरों और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए चुनौतियां काफी बढ़ सकती हैं। गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा 24 जुलाई से भारत समेत 17 देशों से आने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया गया है। शुरुआत में भारत पर 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव था, जिसे घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। भारत द्वारा अपनी विदेश व्यापार नीति में सुधार कर जबरन मजदूरी से बने सामानों पर प्रतिबंध लगाने के कारण यह राहत मिली है। इसी परिप्रेक्ष्य में इन विभिन्न कारणों से एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर बढ़ने लगा है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशियाई संकट और लॉजिस्टिक कीमतों में बढ़ोतरी का भारत की विकास दर पर प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में एडीबी ने भारत के लिए इस वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्व में निर्धारित की गई 6.9 प्रतिशत विकास दर को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2026- 27 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत में आर्थिक चुनौतियां बढ़ा सकती हैं। हालांकि इस समय भारत आपूर्ति चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है, फिर भी चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने के लिए रणनीतिपूर्वक नए आर्थिक उपायों के साथ आगे बढ़ना होगा। सरकार को 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र को और अधिक आक्रामक ढंग से उपयोग में लाना होगा। वैश्विक झटके और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत को अपनी समष्टि-आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में बदलाव करना होगा। केंद्रीय बैंक को अब महंगाई को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ विकास की गति को थमने से बचाना होगा।वैश्विक संकट के समय निजी निवेश में सुस्ती आना स्वाभाविक है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिए सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कारगर बनाना होगा। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, नए बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश बढ़ने से इस्पात, सीमेंट और निर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में मांग बनी रहती है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी।

उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा बढ़ाकर उन क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए जो आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारत को अपनी निवेश नीतियों को और अधिक सरल बनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना होगा। अब बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भी ढाल बनाना होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सारा संसार



तमिलनाडु के तिरुविरापल्ली स्थित सातवीं शताब्दी का रॉकफोर्ट उच्ची पिल्लाय मंदिर भगवान गणेश को समर्पित है, जिन्हें स्थानीय लोग पिल्लयार के नाम से जानते हैं। पौराणिक कहानियों के मुताबिक इसे भगवान राम के राज्याभिषेक की कथा और रावण की विभीषण की मूर्ति छिपाने में गणेश जी की अहम भूमिका से जोड़ती है। यह मंदिर तिरुविरापल्ली के मनोरम दृश्यों में शामिल है।

आनंद आपके भीतर है, जिसे खोजने की जरूरत नहीं



संकलित

दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।

बहुत सारे काम के बदले एक काम को बेहतर करे



संकलित

प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

श्रद्धा

शान्तनु शुक्ला



सावन में ही क्यों बरसती है महादेव की विशेष कृपा

सावन का महीना आते ही पूरा देश शिवमय हो उठता है। मंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते हैं, कांवड़ यात्राओं में आस्था का सैलाब उमड़ता है और करोड़ों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि आखिर सावन को भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना क्यों माना जाता है? सनातन परंपरा में सावन को भगवान शिव की आराधना, तपस्या और आत्मशुद्धि का विशेष काल माना गया है। समुद्र मंथन की पौराणिक कथा में जब हलाहल विष निकला और उससे समस्त सृष्टि पर संकट मंडराने लगा, तब भगवान शिव ने लोककल्याण के लिए उस विष को अपने कंठ में धारण



कर लिया। मान्यता है कि विष की उष्णता को शांत करने के लिए देवताओं ने भगवान शिव पर जल अर्पित किया। इसी भाव से शिवलिंग पर जलाभिषेक की परंपरा का विशेष महत्व जुड़ा हुआ है। सावन प्रकृति के नवजीवन का भी प्रतीक है। वर्षा से धरती की तपन शांत होती है और चारों ओर हरियाली छा जाती है। भगवान शिव का संबंध स्वयं प्रकृति, पर्वतों, वनों और समस्त जीव-जगत से माना जाता है। इसलिए सावन और शिव आराधना का संबंध प्रकृति और आध्यात्मिकता के अद्भुत संगम को दर्शाता है। सावन का संबंध माता पार्वती की कठोर तपस्या से भी जोड़ा जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तप किया था। इसलिए इस महीने शिव-पार्वती की आराधना को विशेष महत्व प्राप्त है। सावन भक्तों को यह संदेश देता है कि सच्ची श्रद्धा के साथ किया गया तप, धैर्य और समर्पण जीवन को नई दिशा दे सकता है। वास्तव में शिवलिंग पर चढ़ाया जाने वाला जल केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि एक गहरा आध्यात्मिक संदेश है। जल मनुष्य के भीतर की तपन को शांत करने का प्रतीक है। जब भक्त शिवलिंग पर जल चढ़ाता है, तो वह प्रतीकात्मक रूप से अपने क्रोध, अहंकार, लोभ और नकारात्मक विचारों को भी महादेव के चरणों में समर्पित करता है। शिव आराधना का अर्थ केवल मंदिर जाना नहीं, बल्कि शिव के गुणों को अपने जीवन में उतारना भी है। त्याग, तप, संयम, करुणा, सरलता और लोककल्याण—यही शिवत्व के मूल भाव हैं। सावन इसलिए केवल एक महीना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत आध्यात्मिक परंपरा है। यह हमें प्रकृति से जोड़ता है, महादेव से जोड़ता है और अंततः अपने भीतर मौजूद शिवत्व को पहचानने की प्रेरणा देता है। सावन का सच्चा संदेश यही है—बाहर शिवलिंग पर जल चढ़ाने के साथ-साथ भीतर के अहंकार और अशांति को भी शांत किया जाए। तभी शिव आराधना जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। हर हर महादेव!

(लेखक धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अंतर्मन



आज की पाती

एनटीए से छात्रों की अपेक्षाएं

राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए से अभ्यर्थियों की अपेक्षा केवल निष्पक्ष परीक्षा की नहीं होती, बल्कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता की भी होती है। प्रश्नपत्र, रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स, प्रोविजनल उत्तर कुंजी, आपत्ति दर्ज करने का अवसर, अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम- इन सभी चरणों की स्पष्ट जानकारी उम्मीदवारों को समय पर मिलनी चाहिए। यदि किसी प्रश्न या परीक्षा को लेकर जांच चल रही है तो उसकी जानकारी भी आधिकारिक रूप से दी जानी चाहिए। इससे अफवाहों और सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों पर रोक लगेगी। आज के डिजिटल युग में एक संक्षिप्त आधिकारिक सूचना जारी करना कठिन नहीं है। छात्रों की सभी अपेक्षाएं पूरी की जानी चाहिएं।

-पवन ठाकुर, बिलासपुर

ट्रेंड

शहद एक्सपोर्ट



पहली बार, त्रिपुरा से दुबई 1 मीट्रिक टन सरसों का शहद एक्सपोर्ट किया गया है। यह खेप हमारे नॉर्थ-ईस्ट के मधुमक्खी पालकों को इंटरनेशनल मार्केट से जोड़ती है, जिससे हमारे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और इस इलाके के एग्री-एक्सपोर्ट इकोसिस्टम के लिए नए रास्ते खुलेंगे।

- **पीयूष गोयल,** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री

सदन की गरिमा



गृहमंत्री अमित शाह छात्रों से जुड़े मुद्दे पर सदन में अपना पक्ष रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस और पूरे विपक्ष से यह उम्मीद की जाती है कि वे तथ्यों का सामना करें, सदन की गरिमा बनाए रखें और जवाब को पूरा सुनें। लोकतंत्र में बहस से प्रतिष्ठा बढ़ती है, न कि भागने से।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

अर्थव्यवस्था



क्या आलू के लिए किसान को '1 रुपये प्रति किलो' का दाम देने से '1 ट्रिलियन' डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगी? यह 'डील में ढिलाई' का नतीजा है। देश का किसान हैरान और परेशान है।

- **अखिलेश यादव,** पूर्व सीएम, उप्र

आकांक्षाओं के अनुरूप



हमारा मकसद झारखंड के अपने युवा साथियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ना है, और हम लगातार आगे बढ़ते रहेंगे। बीजेपी झूठ, धोखे और साजिशों का अपना पारंपरिक काम जारी रखेगी। - **हेमंत सोरेन,** सीएम, झारखंड

करंट अफेयर

कोलंबिया भूकंप: शोध में सामने आईं इमारतें ढहने की वजहें

कोलंबिया के चोको प्रांत में सैन जोस डेल पालमार के पास आए शक्तिशाली भूकंप के बाद स्थानीय लोग और अधिकारी बड़े पैमाने पर बचाव एवं राहत अभियान में जुटे हैं। इस भूकंप से काली, मैनिजालेस और पेरेइरा शहरों में भारी नुकसान हुआ है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, 7.4 तीव्रता का यह भूकंप मुख्य रूप से स्ट्राइक-स्लिप भ्रंश (फॉल्ट) के कारण आया। सरल शब्दों में, इस तरह के भूकंप में धरती की पपड़ी के दो हिस्से एक-दूसरे के ऊपर या नीचे जाने के बजाय क्षैतिज दिशा में खिसकते हैं और आपस में टकरा जाते हैं। यह घटना वेनेजुएला में भूकंप आने के करीब एक महीने बाद हुई है, जिसमें 58 हजार से अधिक इमारतों के नष्ट या क्षतिग्रस्त होने और हजारों लोगों की मौत की आशंका जताई गई थी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में किए गए कुछ अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि आसपास के भूकंपीय भ्रंश एक-दूसरे को प्रभावित कर सकते हैं। एक भ्रंश पर होने वाली हलचल दूसरे नजदीकी भ्रंश पर दबाव बढ़ाकर भूकंप ला सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, कोलंबिया में अपनाई जाने वाली निर्माण पद्धतियां इस तरह के भूकंप में इमारतों के अधिक नुकसान का कारण बन सकती हैं।



ऑफ बीट

कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा

जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जो इंसानों के समान होते हैं। एक 'ब्रेन इमेजिंग' अध्ययन में, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कुत्तों के 'टेम्पोरल कॉर्टेक्स' में आवाज को समझने वाले क्षेत्र होते हैं, जो ध्वनियों के जवाब में सक्रिय हो जाते हैं। कुत्ते न केवल किसी भी ध्वनि पर, बल्कि आपकी आवाज के भावनात्मक स्वर पर भी प्रतिक्रिया देते हैं। कुत्तों के मस्तिष्क के अध्ययन से पता चलता है कि भावनात्मक ध्वनियां, मसलन हंसी, रोना, गुस्से से चीखना उनके श्रवण और भावनाओं को समझने से संबंधित मस्तिष्क के एक हिस्से को सक्रिय करती हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



संस्कृति
डा. ज्योति चंद्राकर

पशुधन संरक्षण का त्योहार हरेली

छत्तीसगढ़ में हरेली का त्यौहार कृषि से संबंधित त्यौहार माना जाता है ।यह सावन माह के अमावस्या के दिन मनाया जाता है। यह त्यौहार पशुधन संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन ग्रामीण अँचल में कृषि औजारों की पूजा,बिजकुटनी माँगना, पौनी - पसारी को भेंट देना,गेँड़ी चढना परंपरागत रूप से किया जाता है। हरेली त्यौहार पशुधन संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस त्यौहार के दिन पशुधन, गाय ,बछड़े, चौपायों को बरसाती बिमारी से बचाने का उपाय किया जाता है । हरेली के पहले दिन राऊत जंगल से दशमूल जड़ी, जंगली गोदँली औंर खम्हार पत्ता को हण्डी में डालकर उबालते हैं। और अगले दिन सुबह हरेली के दिन गृहस्वामी के घर गेहूं आटा को गुँथकर उसमें दशमूल जड़ी, गोंदली व नमक मिलाकर गोलाकार लोई बनाकर खम्हार पत्ते में लपेटकर पशुओं को खिलाते है। ऐसा माना जाता है कि इससे चौपायों को खुरहा- चपका की बीमारी से बचाया जाता है ।दशमूल जड़ व गोँदली को भगवान में चढ़कर घर के सभी लोग प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते हैं यह रक्त शोधक लोकऔषधि के रूप में ग्रामीण क्षेत्रो में प्रचलित है, जिसे हरेली के दिन खाया जाता है। और ऐसा माना जाता है कि इससे बरसाती बिमारियों से बचा जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन कृषि औजारों की पूजा की जाती है। इस दिन बच्चे व युवा गेडी चढ़ने का आनंद भी उठाते हैं। ग्रामीण अंचल में राऊत अपने गृहस्वामी के घर चौखट पर नीम की टहनी भी बाँधते हैं, जिसके पीछे वैज्ञानिक कारण है कि बरसाती कीड़े मकोड़े घर में प्रवेश न करें।



लोक साहित्य
डा. सत्यभामा आडिल

छत्तीसगढ़ी काव्य का दूसरा पड़ाव स्वाधीनता आंदोलन के मध्य



छत्तीसगढ़ी काव्य का दूसरा पड़ाव स्वाधीनता आंदोलन की हलचलों के मध्य होता है। किन्तु तत्कालीन जनभावना का जैसा यथार्थ आकलन कुंजबिहारी चौबे की अत्यल्प रचनाओं और गिरिवर दास वैष्णव के ' छत्तीसगढ़ी सुराज ' की रचनाओं में हुआ है। उनकी रचनाओं में अंग्रेजों के प्रति ग्राम्य आक्रोश की अभिव्यक्ति हुई है, वहां चल मोर भइया बियासी के नागर में समूचा ग्राम जीवन स्पष्ट हो गया है -

पहिरे बर दू बीता के पागी जी,
पिए ल चोगी धरे ल आगी जी,
खाए ल बासी पिए ल पेज पसिया,
करे बर दिन रात खेत म तपसिया,
साधू जोगी ले बड़ के दरजा हे हमर,
चल मोर भइया बियासी के नागर।

इसी प्रकार ' तैहर ठग डाले हमला रे गोरा ' में अंग्रेजों की शोषण नीति को उजागर किया गया है और ' गांधी गोरा ' में महात्मा गांधी के अवतरण की दिव्यता और रचनात्मक कार्यक्रमों का चित्रण के साथ उनके अहिंसात्मक सत्याग्रह का गुणगान किया है।

लोक नाट्य
डा. संतराम देशमुख

अंग्रेजों के क्रूरता से व्यथित होता पाय दुखित



लोक नाट्य चंदैनी गोंदा में दुखित एक महत्वपूर्ण पात्र होता है। भारत पाकिस्तान का युद्ध लोक नाट्य का केंद्र बिंदु होता है। संवाद शुरू होता है -दुश्मन ने हमारी सेना पर आक्रमण कर दिया है। हम शांति प्रेमी हैं। शांति से रहना चाहते हैं मगर हमें कोई छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। जब सारा देश दुश्मन से सामना करने के लिए तैयार है तो दुखित अपने आपको कैसे दूर रख सकता है। दुखित का मोर्चा है खेत। दुखित इस गीत के माध्यम से अपना निश्चय व्यक्त करता है -

हम करतब कारन मर जाबो रे,
हम धरती कारन जूझ जाबो रे,
फेर ले लेबो संग्राम रे,
बढ़व जहुरिया बंदूक वाले भारत भुइया लाल रे,
टूट परव इकर छाती म बनके भैरव काल रे।

दुखित की इच्छा जब पूरी होती है जब उसका बेटा विश्व युद्ध में भर्ती होने की सूचना मिलती है। अपने बेटे के जाने के बाद दुखित बच्चों के साथ खेलता है और उनमें राष्ट्र और देश प्रेम की चेतना जागृत करने का प्रयास करता है।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

अनेक उतार चढ़ाव को अंगीकृत किए : राजा पृथी

ऐतिहासिक
डा. लक्ष्मीधर झा

अंग्रेजी शासन काल में राजा पृथी साय अंग्रेजों के मार्गदर्शन में राज्य का सफल संचालन करने लगे। फुलझर एक वन राज्य था, इस कारण अंग्रेज इस राज्य से अधिक से अधिक लाभ लेना चाहते थे। इसलिए व्यवस्था अपने अनुरूप करने में जुट गए। कृषि के क्षेत्र में कोई प्रगति नहीं हुई थी, लोग प्राचीन परम्परा के अनुसार कोदो, कुटकी और मक्का की खेती करते थे। इस राजा के कार्यकाल में अंग्रेजों के विरोध में संघर्ष की कोई घटना नहीं हुई। बाजार में कौड़ियों का चलन था।



राजा पृथी साय ओडिशा के अन्य राजाओं की तरह अंग्रेजों के अधीनस्थ थे। मराठों की पराजय के बाद अंग्रेजों का पूर्ण राजत्व हो गया था। अंग्रेजों का मुख्य उद्देश्य यहां के लोगों को अशिक्षित रखना था, जिससे यहां के लोगों में राष्ट्रीय चेतना का उदय न हो सके। अंग्रेजों को प्रारंभिक अवस्था में विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, उन्हें संदेह था कि देशी रियासत कभी भी अंग्रेजों के विरुद्ध हो सकती है। देशी रियासतों को मराठा शासन ने भी पूरी तरह शोषण किया था। अंग्रेजी शासन का कहीं भी विरोध नहीं हो रहा था सन 1833 में बरगढ़ के राजा अजीत सिंह ने बगावत का बीड़ा उठाया था, किन्तु वे असफल हो गए। सारे देशी रियासतों का भविष्य अंग्रेजों की कृपा पर टिका हुआ था। सभी राजा, जमींदार अंग्रेजों के पिट्ठू बन चुके थे। अंग्रेजी शासन काल में राजा प्रीथी साय अंग्रेजों के मार्गदर्शन में राज्य का सफल संचालन करने लगे। फुलझर एक वन राज्य था, इस कारण अंग्रेज इस राज्य से अधिक से अधिक लाभ लेना चाहते थे। इसलिए व्यवस्था अपने अनुरूप करने में जुट गए। कृषि के क्षेत्र में कोई प्रगति नहीं हुई थी, लोग प्राचीन परम्परा के अनुसार कोदो, कुटकी और मक्का की खेती करते थे। इस राजा के कार्यकाल में अंग्रेजों के विरोध में संघर्ष की कोई घटना नहीं हुई। बाजार में कौड़ियों का चलन था। प्रजा राजा को देव तुल्य मानते थे। इनके राजत्व काल में अंग्रेजी सिक्कों का चलन हुआ।

परंपरा : डा. प्रकाश पतंगीवार

अंग्रेज वसूली के लिए नियुक्त करते थे मुकद्दम



सन 1745 में हैहयवंशियों का राज समाप्त हो गया था। तब मराठों ने छत्तीसगढ़ पर कब्जा जमाया। मराठा शासन सौ वर्षों तक चला। सन 1854 में कृष्णराव अप्पाजी को हटाने के साथ अंग्रेज छत्तीसगढ़ की धरती पर काबिज हो गए। एलेकजेंडर किनीमाऊथ इलियट सन 1778 में पहले आया। आते आते ही सारंगगढ़ के पास सालर गांव में उसकी मृत्यु हो गई। उसकी समाधि गांव में अभी भी स्थित है। छत्तीसगढ़ में अंग्रेजों के शासन काल में प्रशासन व्यवस्था में कोई खास परिवर्तन नहीं देखा गया। मालगुजार ही लगान वसूल करते थे। जमींदार जिसकी होती थी, वही मालगुजार होता था। मराठों के समय छत्तीसगढ़ का राजस्व पांच लाख रूपए था। अंग्रेजों ने नया पद ग्राम पटेल बनाया, उन्हें लगान वसूलने की जिम्मेदारी दी गई। ब्रिटिश सरकार ने भू राजस्व संहिता धारा 244 के तहत उन्हें संलग्न किया, जिन्हें मुकद्दम कहा गया। यही गौटिया या सियान कहलाए।

गांव की कहानी
डा. हेमवती ठाकुर

आजादी की आग नवागांव में भी लगी



छत्तीसगढ़ के धमतरी से 6 कि मी दूर नवागांव में 9 अगस्त 1930 को जंगल सत्याग्रह आरंभ हुआ। सत्याग्रह का नेतृत्व करने के लिए तैयार सभी प्रमुख नेताओं को प्रारम्भ में ही गिरफ्तार कर लिया गया। इससे ग्रामवासियों का हौसला कम नहीं हुआ। वे प्रतिदिन प्रतिबन्ध के बावजूद घास काटने तथा वनोपज पर अधिकार के नारे लगाने लगे। रोज जुलूस निकलने लगा, भीड़ बढ़ती गई। एक दिन जब बहुत ज्यादा आंदोलनकारी एकत्रित थे, तब लाठी से पिटाई कर गोली चलाई गई। मिंधू और रतनू को गोली लगी। उन्हें घायल अवस्था में रायपुर जेल में बंद कर दिया गया। इसके बाद 25 सितंबर 1930 को मिंधू की मृत्यु हो गई। रतनू को तीन माह रायपुर में रखने के बाद नरसिंहपुर जेल भेज दिया गया। इसके बाद नवागांव जंगल सत्याग्रह की गूंज पूरे देश में फैल गई।

सुरता : वीरेंद्र बहादुर सिंह

समर्पित होकर देश सेवा में अपना योगदान देने वालों में पूनमचंद सांखला

श्री सांखला ने 1940 के कांग्रेस के पूना अधिवेशन और 1941 के त्रिपुरी अधिवेशन में भाग लिया था। जिनकी अध्यक्षता क्रमशः प. जवाहर लाल नेहरू और सुभाषचंद्र बोस ने की थी। सन 1942 में श्री सांखला ने छुईखदान खैरागढ़ किसान सभा का गठन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और किसान सभा के मंत्री बनाए गए थे। गांधीजी के करो या मरो के आव्हान पर 01 सितंबर 1942 को वे छुईखदान में मुंबई अधिवेशन के प्रस्ताव की प्रतियां वितरित करते हुए गिरफ्तार हुए। उन्हें तीन साल सख्त कैद की सजा सुनाई गई।

सर्वोदयी नेता पूनमचंद सांखला का जन्म 15 अप्रैल सन 1906 को उनके ननिहाल ग्राम खैरबना (छुईखदान) में हुआ था। उनके पिता का नाम छगनलाल सांखला था। वे ग्राम संडी के मूल निवासी थे। छुईखदान में रियासती आंदोलन शुरू होने के पूर्व उन्हें दो तीन बार वर्धा जाने का अवसर प्राप्त हुआ और वे गांधीजी के संपर्क में आए थे। सन 1930-31 के रियासती आंदोलन में अपने पिता के विरोध के बाद भी शामिल हुए थे। सन 1939 में स्टेट कांग्रेस द्वारा नर्मदा कैम्प से संचालित सत्याग्रह आंदोलन में वे शामिल हुए थे। आंदोलन के दौरान मेलाराम ठेकेदार के नेतृत्व में निकले जुलूस में वे अग्रिम पंक्ति में थे। रियासत सीमा का उल्लंघन करने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया और एक माह की सजा सुनाई गई। श्री सांखला ने 1940 के कांग्रेस के



पूना अधिवेशन और 1941 के त्रिपुरी अधिवेशन में भाग लिया था। जिनकी अध्यक्षता क्रमशः प. जवाहर लाल नेहरू और सुभाषचंद्र बोस ने की थी। सन 1942 में श्री सांखला ने छुईखदान खैरागढ़ किसान सभा का गठन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और किसान सभा के मंत्री बनाए गए थे। गांधीजी के करो या मरो के आव्हान पर 01 सितंबर 1942 को वे छुईखदान में मुंबई अधिवेशन के प्रस्ताव की प्रतियां वितरित करते हुए गिरफ्तार हुए। उन्हें तीन साल सख्त कैद की सजा सुनाई गई। 10 मई 1944 को जेल से रिहा हुए। जेल से छूटने पर उन्हें स्टेट कांग्रेस परिषद का मंत्री बनाया गया। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने और साहूकारों के चंगुल से मुक्त कराने के लिए उन्होंने 1946 में किसान सभा के माध्यम से न केवल व्यापारियों द्वारा किसानों के साथ किए गए छल को बाकायदा जांच की बल्कि जांच रिपोर्ट से जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत भी कराया। आजादी के बाद श्री सांखला संत विनोबा भावे के भूदान आंदोलन से जुड़ गए। वे ग्राम पंचायत संडी के सरपंच भी निर्वाचित भी हुए थे। 25 मई 1981 को उनका निधन हुआ।

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शिवनाथ-भवन, नार्थ ब्लाक सेक्टर-19,नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर

:: सूचना ::

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (अकार्यपालिक) सहायक मानचित्रकार (सिविल) के पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेजों का सत्यापन।

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (अकार्यपालिक) सहायक मानचित्रकार (सिविल) के पदों पर भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 09.07.2026 को कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में किया गया है। उक्त दस्तावेज सत्यापन दिनांक को अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु पुनः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए, उनके मूल दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 20.08.2026 को सुबह 11.00 बजे से कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में किया जाना है। दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट में http://www.cgwrd.in पर देखा जा सकता है।

प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
नवा रायपुर, अटल नगर

G-262702714/3

**कीव। रूस ने मिसाइलों, ड्रोन और ग्लाइड बमों से यूक्रेन के शहरों पर हमले किए, जिनमें कम से कम नौ आम नागरिक मारे गए। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि मॉस्को को चार साल से ज़्यादा समय से चल रहे हमले के लिए उत्तर कोरिया से नई सैन्य मदद मिल रही है।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
e Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 196870 निविदा सूचना क्रमांक 11 / व.ले.लि. / ई-प्रोक्यूरमेंट / 2026-27 दिनांक 06.08.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 27.08.2026 तक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम :- बिलासपुर जिले के हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत नगर पालिका निगम क्षेत्र बिलासपुर में प्रस्तावित "जी" टाईप के लिये नए आवासीय भवन का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत :- रू. 438.38 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 एवं संशोधित दिनांक 23.04.2026 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 13.08.2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है ।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

G-262702732/4

बंगाल एसआईआर... चुनाव आयोग पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

इस रफ्तार से तो अगला चुनाव आ जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की उस याचिका पर सुनवाई की जो पश्चिम बंगाल में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी हुई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ कहा कि जो ट्रिब्यूनल उसके आदेश पर बनाए गए थे, अब उनके कामकाज पर नजर डालने का समय आ गया है। सुनवाई की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि काफी समय बीत चुका है, इसलिए अब यह देखना जरूरी है कि अभी तक कितने मामलों का निपटारा हुआ है। मुख्य न्यायाधीश ने भी इस पर चिंता जताते हुए कहा कि जिस रफ्तार से काम चल रहा है, उस हिसाब से सारी अपीलों की सुनवाई पूरी होते होते अगला चुनाव आ जाएगा। यह टिप्पणी सुनकर पश्चिम बंगाल सरकार के वकील ने कहा कि वे इससे जुड़ा पूरा डेटा कोर्ट में पेश करेंगे।

कितनी अपील कितनों पर फैसला

कोर्ट ने ईसी से राज्य में एसआईआर से जुड़े मामलों में कितनी अपीलें दाखिल हुईं, कितनों पर फैसला हुआ और कितने मामले अभी लंबित हैं, इसकी जानकारी मांगी है। इससे यह साफ होगा कि वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के खिलाफ लोगों की ओर से दाखिल अपीलों पर ट्रिब्यूनल ने अब तक कितनी कार्रवाई की है। ट्रिब्यूनल में करीब 34 लाख अपील पेंडिंग हैं। कोर्ट ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया।

आतंकी धमकी से घाटी में हाईअलर्ट : जम्मू। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने एक कथित धमकी भरा पत्र भेजा है, जिसमें कुछ कश्मीरी पंडित सरकारी कर्मचारियों के नाम शामिल हैं। इस पत्र के मिलने के बाद इन कर्मचारियों को 25 अगस्त तक छुट्टी पर भेज दिया गया है। उनकी सुरक्षा को देखते हुए पत्र में जिन कर्मचारियों का नाम था, उन्हें जम्मू भेज दिया गया है। इस पूरे मामले से इलाके में काफी तनाव और बेचैनी फैल गई है।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

:::: सूचना::::

क्रमांक 13895/दो-14-1/2026 बिलासपुर, दिनांक 11/08/2026
Adv. No. 03/2026 (Lib. Astt. (JJA))

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की स्थापना में लाइब्रेरी असिस्टेंट (जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट) के रिक्त 20 पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक-03/2026 के माध्यम से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे।

उक्त पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों की प्रथम चरण की लिखित परीक्षा दिनांक 23/08/2026 को आयोजित की जायेगी।

दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात उक्त पद की लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की **अंतिम सूची** जारी की जाएगी। लिखित परीक्षा के लिये पात्र अभ्यर्थियों का **प्रवेश पत्र** उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर परीक्षा पूर्व उपलब्ध करा दिया जायेगा। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं, जो अभ्यर्थी के लिखित परीक्षा के लिये अधिकृत प्रवेश पत्र होगा। कृपया ध्यान रखें कि किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी रूप में परीक्षा हेतु सूचना/प्रवेश पत्र/बुलावा पत्र पृथक से नहीं भेजा जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(रजनीश श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार जनरल

G-262702730/1

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.

(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions)** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

S. N	Tender No.	Name of work	Value of contract (Without GST)	Last date & Time of submission of bids	Due date of Opening
1.	TR-2026_53 Dt.11.08.2026 RFX No. 8100053665	**Estimate for sanction 175 kw NDLF connection external electrification Mr. Dipesh Ank Beside Pithaliya Plaza Fafadih Raipur under Budhpara Zone under City Dn. Central Raipur. 76-063V-5160-2026-0002 dt. 07.07.26. R6063C260243, 0244. (66C-04-I). Estt. Amt. 1983339.00**	5,30,791.00	Dt.31.08.2026 upto 02:30 PM	Dt.31.08.2026 upto 03:00 PM
	TR-2026_54 Dt.11.08.2026 RFX No. 8100053668	**Estimate for replacement of 15 no. Isolator at Nutan Various substation under City Dn. West Raipur. 76 -028-5146-26-0022 dt. 17.07.26. R46028260357. Estt. Amt. 562130.00**	4,30,016.00	Dt.31.08.2026 upto 02:30 PM	Dt.31.08.2026 upto 03:00 PM
	TR-2026_55 Dt.11.08.2026 RFX No. 8100053670	**Estimate for electrification of 41 no. House & 46 No. Empty Plot at Hanuman Vatika, Bhatagaon Raipur under Rawanbhata Zone City Dn. South, Raipur. 46-064-5156-25-0004 dt. 19.05.26. R56064250231, 232 & 233. (64-11-I). Estt. Amt.** 34,46,485.00	18,39,410.00	Dt.31.08.2026 upto 02:30 PM	Dt.31.08.2026 upto 03:00 PM

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in**The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

Superintending Engineer
City Circle-I, CSPDCL: Raipur

SAVE ELECTRICITY

Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur
Atal Nagar, Raipur- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512500;
Fax No.: +91 771 2512400. Website: www.navaraipuratalnagar.com

Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 03.08.2026

Notice Inviting Tender

Online Tenders are invited for **"Selection of Agency for Operation and Management of Working Women Hostel on License basis in Sector-16"** and **"Allotment of land for Prefabricated Building Material and Allied Structure Industry"** at Nava Raipur Atal Nagar. Details of the projects are as below:

S. No.	System Tender No.	NIT No.	Location of Project	Plot Area (In Sq.mt.) approx.	Reserve Price (in INR.)	EMD (in INR. Lakhs)
1	196083	5905/R-12/PRJ /NRANVP/2026	Operation and Management of Working Women Hostel on License basis **Sector-16**	**15,438** (3.81 Acres)	Fixed Annual License Fees **INR. 2.25 Lakh**	0.20
2	196082	5906/R-14/PRJ /NRANVP/2026	Prefabricated Building material and allied structure industry **Layer II**	**48,562.20** (12 acre)	Reserve Land Premium **INR. 2,350.00**	115.00

Tenderers shall download tender from e-Procurement website. The tender processing fee is INR. 5,900/- only (Including GST) per tender.

- Date and Time of Pre-bid meeting at **at 12:00 PM on 17th August 2026**
- Last Date for Online submission of Tender - **up to 03:00 PM on or before 31st August 2026**
- Last Date for Hard copy Submission of Technical Bid - **up to 03:00 PM on or before 2nd September 2026**
- Opening of Technical Bid after **03.30 PM on 2nd September 2026**

The details of tender and terms & conditions are available on **the e-Procurement website https://eproc.cgstate.gov.in**

Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.

Note: If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.

(Approved by CEO)

Manager (Estate)
NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar

S-48730/1

जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला-दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)

कलेक्टर कैम्पस, पुराना कलेक्टर भवन, जिला शिक्षा कार्यालय दन्तेवाड़ा
(mis.dantewada@gmail.com)

क्रं. / 570 / समग्र शिक्षा / ईई / लक्ष्य / 2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक 11/08/2026

-:: रुचि की अभिव्यक्ति ::-

जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा की ओर से संस्था/फर्म/ एजेंसियों से दन्तेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा जिले के पात्र अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग, छ. ग. लोक सेवा आयोग एवं छ.ग. व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परीक्षा एवं छ.ग. में अन्य समकक्ष भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा, छ.ग. शिक्षक भर्ती परीक्षा, SSC, RAILWAY, BANKING, की परीक्षाओं की तैयारी के लिए परिणामोन्मुखी अध्यापन सह कोचिंग कार्य कराये जाने हेतु दर प्रस्तुत करने हेतु मोहरबंद रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। रुचि की अभिव्यक्ति प्रपत्र एवं अन्य शर्तों की जानकारी जिले के वेबसाइट www.dantewada.nic.in में अपलोड कर दी गई है, प्रकाशित रुचि की अभिव्यक्ति जिले के वेबसाइट www.dantewada.nic.in से डाउनलोड कर इच्छुक प्रतिभागी संस्था/फर्म/एजेंसी के द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति में दिये गये नियम एवं कंडिकाओं के आधार पर आवश्यक दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर, रजिस्ट्री पोस्ट एवं कूरियर के माध्यम से दिनांक 31/08/2026 तक कार्यालयीन दिवस/समय पर कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

1. प्री-बिड मिटिंग - 17/08/2026 समय सांय 4.00 बजे
2. प्री-बिड मिटिंग क्यूरी तिथि जमा करने की तिथि - 18/08/2026 समय सांय 5.00 बजे तक
3. संका/स्पष्टीकरण के संबंध में समिति द्वारा लिये गये निर्णय का प्रकाशन जिले की वेबसाइट में - दिनांक 20/08/2026
4. रुचि की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि - 31/08/2026 समय अपरान्ह 1.00 बजे तक
5. रुचि की अभिव्यक्ति खोलने की तिथि - 31/08/2026 समय अपरान्ह 3.00 बजे

जिला मिशन समन्वयक
समग्र शिक्षा, जिला द.ब. दन्तेवाड़ा

S-48727/1

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्रं.	सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
1	196882 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	लुकापारा मीडिल स्कूल से बनियापाली उडीसा सीमा तक पहुंच मार्ग लंबाई 1.20 कि. मी. का निर्माण कार्य।	**227.61**
2	196883 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	जिला जशपुर के कांसाबेल के दारुपिसा से कटंगखार पहुंच मार्ग लं. 2.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।	**247.64**
3	196884 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	कोपरा बांध से गढेरिया डिपरा (डिपरापारा) मार्ग लंबाई 2.40 कि.मी. एवं लोखण्डी ब्रिज से जोंकी मोड तक नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य लंबाई 1.15 कि.मी. (कुल लंबाई 3.55 कि.मी.) का निर्माण कार्य।	**665.04**
4	196885 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	छुहीपाली से नवघट्ट पुराना मार्ग में सीमेंट कांक्रीट तक पहुंच मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।	**203.19**
5	196886 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	छीतापारा (चकला) से रजपालपुर मार्ग लंबाई 1.15 कि.मी. एवं बोडतरा सिलतरा मुख्यमार्ग से गाडापारा तक मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. (कुल लंबाई 3.45 कि.मी.) का निर्माण कार्य।	**529.72**
6	196889 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	लुकापारा मुख्य सडक से देवगढ तक पहुंच मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य।	**205.71**
7	196891 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	मंगला भैसाझार मुख्य जिला मार्ग स्थित महर्षि स्कूल होते उस्लापुर स्टेशन मार्ग लंबाई 1.65 कि.मी. का मजबूतीकरण तथा डामरीकरण का निर्माण कार्य।	**291.67**
8	196893 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	जिला जशपुर के खुटगांव से घोधर जोर पहुंच मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	**247.18**
9	196895 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	लोरमी विश्रामगृह में रेनोवेशन एवं 3 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि. एवं विद्युतीकरण सहित।	**287.31**
10	196896 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	लच्छनपुर से मोहतरा तेली तक पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. , ग्राम सुखाताल से बिजराकांपा खुर्द पहुंच मार्ग लंबाई 1.70 कि.मी. एवं डिंडौल मुख्य मार्ग से विचारपुर मुख्य मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. कुल लंबाई 4.90 कि.मी. का निर्माण कार्य।	**633.04**
11	196929 द्वितीय आमंत्रण 05.08.2026	जिला धमतरी के अंतर्गत नगरी - जबर्रा मार्ग के काजल (कलस) नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**622.00**
12	196979 द्वितीय आमंत्रण 06.08.2026	1) जिला जशपुर के कलिया फगनू दुकान से धरसा जंगल (टोगो टोली) मार्ग लं. 2.28 कि.मी. निर्माण कार्य। 2) जिला जशपुर के बेहराखार अटल चौक से कुरूम धोरहा मार्ग लं. 2.86 कि.मी. निर्माण कार्य।	**678.85**
13	196981 द्वितीय आमंत्रण 06.08.2026	जिला महासमुंद के ग्राम अमेरा से बोईरगांव मार्ग लंबाई 3.30 कि.मी.का निर्माण कार्य ।	**511.33**
14	196984 द्वितीय आमंत्रण 06.08.2026	जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के चंदेली -धरजरा मार्ग पर लीलार नालापर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ।	**217.43**

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 11 से सं.क्र. 14 दिनांक 27.08.2026 निर्धारित है। एवं अन्यशेष निविदाओं के लिए दिनांक 21.08.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ, कार्यालय
प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,
नवा रायपुर अटल नगर

G-262702710/4

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756
Email : response.haribhoomi@gmail.com

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 20000 फील्ड अधिकारी 18000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 -20000 टेंडर कार्य, मेस सुविधा ,आवास फ्री **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016.** (आरे-815)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 **पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254.** (आरे-41602)

टीचर

आवश्यकता है- लेडी वाईस प्रिंसीपल, इंचार्ज (फ्रेशर बी.एड.) एवं एकाउंट, मैथ्स, मैनेजमेंट इको, एसएसटी, इंग्लिश पढ़ाने हेतु, डांस, म्यूजीक, स्पोर्ट्स शिक्षक/शिक्षिकाओं, माली की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 13.08.2026 प्रातः 9:30 बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 0771-2252855.** (आरे-002)

हरिभूमि

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस में साफ सफाई एवं अन्य कार्य हेतु चपरासी एवं महिला, 1 फुल टाइम को (घर),1 ई-रिक्शा ड्राइवर, फार्महाउस हेतु चौकीदार (सफाईकर्मी) रहने की सुविधा **उपलब्ध 7974351591.** (आरे-4157)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में लड़को/लड़की (फ्रेशर/अनुभवी) की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसारः **आशीष शुभम मेडिकोज 41 छत्तीसगढ़ दवा बाज़ार राजबंधा मैदान रायपुर 81039 81038.** (आरे-230)

आवश्यकता है- फटाका दुकान में काम करने हेतु 12वी पास (कार्मस) लड़कों की आवश्यकता । **सम्पर्क तापड़िया फटाका, नेमीं चंद गली, तेलघानी नाका चौक, रायपुर** (आरे-234)

डिजाइनर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- फ्लेक्स प्रिंटिंग के कार्यालय में डिजाइनर,1 फ्लेक्स पेस्टर ,1 मशीन ऑपरेटर ,1 हेल्पर (लेबर) की शीघ्र आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध **सरोना चौक के पास लॉजिस्टिक पार्क रायपुर. 7869187165.** (आरे-4156)

पैकिंग कार्य

शीघ्र आवश्यकता है- आयुर्वेदिक क्लीनिक में दवा पैकिंग कार्य हेतु लड़के लड़कियां पुरुष महिलाओं की जरूरत संपर्क करें **डॉक्टर अग्रवाल मोहन नगर थाना के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे मो 9827199213.** (आरे-4162)

हरिभूमि

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, **पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681.** (आरे-209)

ड्रायवर

आवश्यकता है- कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। **पता- आर.बी.पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर- 8435904413.** (आरे-819)

Property प्रापर्टी

बेचना है - बिलासपुर नया हाईकोर्ट के पास काली ढाबा के सामने 5168 वर्गफुट प्लॉट एवं मोपका में कमर्शियल डायवर्सन किया हुआ 2500 वर्गफुट प्लॉट बेचना है **सम्पर्क करें 7898855268 (ब्रोकर क्षमा करें)** (आरे-41541)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। **संपर्क:- 7988465321, 7988465321.** (आरे-049)

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

बाजार में अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-विवाद पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व सावधानी से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उत्पाद किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दावाओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क : शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर- 1 आदर्श विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare



मेरठ में मुस्लिम जनाजे के लिए कांवड़ियों ने रोका सफर

मेरठ। मेरठ में कांवड़ियों का एक समूह उस वक्त चर्चा में आ गया, जब उन्होंने दिल्ली-देहरादून हाईवे पर अपनी पवित्र यात्रा थोड़ी देर के लिए रोक दी। यह इसलिए किया गया ताकि एक मुस्लिम जनाजा सुरक्षित तरीके से निकल सके। यह जनाजा 40 वर्षीय निजाम का था, जिनकी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी और उन्हें भीड़भाड़ वाली सड़क के पार कब्रिस्तान ले जाया जा रहा था। जब गांव वालों ने मदद मांगी, तो स्थानीय पुलिस ने कांवड़ियों के साथ मिलकर तालमेल बैठाया। कुछ भक्तों ने हाथ पकड़कर एक इंसानी कड़ी बनाई और जनाजे को रास्ता दिया। वहीं उन्होंने दूसरे तीर्थयात्रियों से रुकने का आग्रह किया।

रामतुंड चोटी पर दिखे चार संदिग्ध आतंकवादी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में रामतुंड चोटी पर चार संदिग्ध आतंकवादियों के चढ़ाई करने का एक कथित वीडियो सामने आने के बाद एक व्यापक आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया है। रामतुंड क्षेत्र उधमपुर जिले की सेओज धार इलाके के पास स्थित है। यह सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित एक सघन पर्वतीय वन क्षेत्र है, जिसका इस्तेमाल आतंकवादी आवाजाही के लिए और कभी-कभी छिपने की जगह के तौर पर करते हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कुछ स्थानीय लोगों ने फुटेज रिकॉर्ड किया और सोमवार अपराह्न सुरक्षा बलों को इसकी जानकारी दी।

पहलवान सुशील को हाईकोर्ट से झटका, जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व चैंपियन पहलवान सुशील कुमार की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यह मामला पहलवान सागर ढांकर की हत्या से जुड़ा है। न्यायाधीशों ने साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट ने जब से उनकी जमानत रद्द की थी, तब से इस मामले में कोई नई जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में हाई कोर्ट ने भी अपने पुराने रुख को ही बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कुमार की जमानत इसलिए रद्द कर दी थी क्योंकि कोर्ट को आशंका थी कि वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

हेली टैक्सी से 100 में करें मणिमहेश यात्रा : पहली बार लॉटरी से मिलेगी टिकट

एजेंसी ▶▶| चंबा

हिमाचल प्रदेश के चंबा में होने वाली मणिमहेश यात्रा में श्रद्धालुओं को इस बार महज 100 रुपए में हेली टैक्सी से भगवान भोले के धाम पहुंचने का मौका मिलेगा। रेड क्रॉस सोसायटी ने पहली बार श्रद्धालुओं के लिए लकी ड्रॉ निकालने का फैसला लिया है। इसकी पर्ची मंगलवार 11 अगस्त से बनना शुरू हो गई है। इसके तहत हर सप्ताह लकी ड्रॉ निकाला जाएगा। इसमें चयनित श्रद्धालु को भरमौर से मणिमहेश और वापस भरमौर तक हेली टैक्सी से यात्रा करने का अवसर मिलेगा। रेड क्रॉस सोसायटी के मुताबिक, पहले सप्ताह एक श्रद्धालु का लकी ड्रॉ निकाला जाएगा। यदि लकी ड्रॉ के लिए पर्चियां खरीदने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होता है, तो दूसरे सप्ताह से दो-दो श्रद्धालुओं का चयन किया जाएगा। मणिमहेश यात्रा की शुरुआत 25 अगस्त से होगी, जो 19 सितंबर तक चलेगी। हर साल हिमाचल के अलावा पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मणिमहेश पहुंचते हैं।

यात्रा 25 अगस्त से शुरू होकर 19 सितंबर तक चलेगी

समुद्रतल से 13385.83 फीट ऊंचाई पर स्थित

फुल किराया 6255 लक्की ड्रॉ से 100 रुपए

खास बात यह है कि लकी ड्रॉ में चयनित श्रद्धालु को हेली टैक्सी के लिए महज 100 रुपए खर्च करने होंगे, जबकि भरमौर से मणिमहेश तक हेली टैक्सी में आने जाने का पूरा किराया करीब 6,255 रुपए है। ऐसे में लकी ड्रॉ में शामिल होने वाले श्रद्धालु को बेहद कम राशि में हवाई यात्रा का अवसर मिलेगा।

ऐसे मिलेगी लकी ड्रॉ की पर्ची

इस लकी ड्रॉ के लिए पर्ची की बिक्री 11 अगस्त से शुरू हो गई। प्रत्येक पर्ची की कीमत 100 रुपए निर्धारित की गई है। इच्छुक श्रद्धालु और आमजन एसडीएम कार्यालय भरमौर तथा तहसील कार्यालय से हेली टिकट खरीद सकते हैं। जल्द ही क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पर्ची भी उपलब्ध होंगे। क्यूआर कोड जल्द भरमौर प्रशासन की वेबसाइट पर शेयर किया जाएगा। भरमौर के एसडीएम अजय कुमार सिंह ने बताया कि मणिमहेश यात्रा लगभग एक माह तक चलेगी। इस अवधि के दौरान प्रत्येक सप्ताह एक लकी ड्रॉ निकाला जाएगा।



भरमौर से गौरीकुंड तक उड़ेगी हेली टैक्सी

मणिमहेश यात्रा के दौरान हेली टैक्सी भरमौर से गौरीकुंड तक उड़ती है। यहां से डेढ़ किलोमीटर पैदल या घोड़ों पर मणिमहेश जाना पड़ता है। भरमौर से गौरीकुंड की दूरी 13 किलोमीटर है। मणिमहेश की पावडल डल झील जिसमे हर साल 8 से 10 लाख श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं। मणिमहेश झील समुद्र तल से 13385.83 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

कैलाश शिखर में शिव का निवास

ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव मणिमहेश के कैलाश शिखर पर निवास करते हैं, जो झील से दिखाई देता है। यह यात्रा हर साल, आमतौर पर अगस्त या सितंबर के महीने में हिंदू त्यौहार जन्माष्टमी के अवसर पर होती है। माना जाता है कि यह यात्रा 9वीं शताब्दी में शुरू हुई थी, जब एक स्थानीय राजा, राजा साहिल वर्मन को भगवान शिव के दर्शन हुए थे। जिन्होंने मणिमहेश झील पर एक मंदिर स्थापित करने का निर्देश दिया। मणिमहेश यात्रा को उत्तर भारत की कठिन धार्मिक यात्रा माना जाता है। मणिमहेश पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को ऊंचे-ऊंचे पहाड़ चढ़ने पड़ते हैं।

स्थापित किए गए सुविधायुक्त कैंप

प्रशासन ने मणिमहेश यात्रा के लिए भरमौर, हड़सर, धनछो, सुंदरासी और गौरीकुंड में 5 जगह कैंप स्थापित किए है। इन कैंप में मेडिकल टीमें तैनात रहेगी। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के खाने-पीने के लिए लंगर और जगह जगह रहने के लिए टैंट की व्यवस्था की गई है।

जैकेट के शेष

हरेली पूजा में ....

अश्लेषा नक्षत्र है। पुष्य नक्षत्र को नक्षत्रों का राजा कहा जाता है। यह एक शुभ नक्षत्र है, इसमें आप शुभ कार्य कर सकते हैं, जिसमें सफलता प्राप्त होती है। स्थिर कार्य भी इस नक्षत्र में कर सकते हैं।

उल्टे पंख वाले ....

होता है। इसे अलग-अलग स्थानों में अलग-अगल नाम से जाना जाता है। कुछ स्थानों में इसे सियार देव कहा जाता है तो कुछ जगहों में इसे सांहड़ा देव भी कहते हैं। सावन माह के पहले रविवार को सभी ग्रामवासी सीमा रेखा में स्थित इस पत्थर के पास जुटते हैं। विभिन्न सामग्री से मंत्रोच्चारण सहित पूजन किया जाता है। इसी दौरान उल्टे पंख वाले मुर्गे की पूजा भी की जाती है। इसके पश्चात ग्रामवासी सीमा से गांव की ओर मुड़ते हैं। इसके बाद से पीछे मुड़कर देखने की मनाही होती है। मुंह पीछे करके ही वे उल्टे पंख वाले मुर्गे को छोड़ देते हैं। यह समस्त क्रिया गांव बुरी शक्तियों से गांव की रक्षा के लिए की जाती है।

रात्रि 8 बजे ....

तांत्रिक क्रियाएं सर्वाधिक होती हैं, लेकिन गांवों में रात्रि 8 बजे से ही ताला लग गया। राजधानी के घरों में भी यह स्थिति नजर आई। यहां भी गोबर से मानव आकृतियां निर्मित की गईं।

दरवाजे पर कील ठोकने ....

को बारसूर, मुचनार, रोंजे आदि गांव में हरियाली पर्व यानि अमुष खावनी त्यौहार मनाई जाएगी। ग्रामीण एक दिन पहले से ही पर्व की तैयारी में जुट गए हैं। जंगल से मवेशियों के लिए जड़ी-बूटी संग्रहण व बलि के लिए पशु के इंतजाम का जिम्मा बड़े - बजुर्ग को सौंपा गया है। परंपरानुसार बुधवार को अल सुबह गाय, बैल, भेड़ बकरियों को जंगल से संग्रहित रसना, सतावरी आदि वनौषधि खिलाने की रस्म अदा की जाएगी। तत्पश्चात खेत में उगाए गए खरीफ फसलों की पूजा कर कुल देवता से अच्छी बारिश और भरपूर उत्पादन की कामना करते हैं। प्रतीक स्वरूप जंगली लता और पौधे बांध तेंदु की टहनी को खेत के बीचों- बीच गाड़कर रखते हैं। हरेली के दिन शाम को पर्व का मुख्य देव विधान घर की चौखट पर कील ठोककर घर के सदस्यों को हर प्रकार की बुरी शक्ति और प्रेत बाधा से रक्षा करने का आव्हान किया जाता है।

आदिवासियों के लिए खास : जानकार थलेश ठाकुर के मुताबिक श्रावण मास की अमावस्या को आदिवासी समुदाय के लोग देव अनुष्ठान के लिए बेहद शुभ मानते हैं। उनकी मान्यता है कि इस दिन ग्राम व कुल देवता की पूजा करने से सारी मनोकामना पूरी होती है। कुल देवता से प्रार्थना करना केवल अपने परिजनों के स्वास्थ्य बल्कि मवेशियों को भी सालभर किसी प्रकार की महामारी नहीं आती। यही नहीं हरियाली अमावस्या के देव विधान से बाढ़, अकाल आदि प्राकृतिक विपदा तथा कीट- पतंग के नुकसान का खतरा भी कम रहता है। इसलिए अमावस्या का त्यौहार आदिवासियों के लिए बेहद शुभ और खास पल माना जाता है।

देवता प्रसन्न हों, गांव .....

से पूजा-अर्चना की गई। ग्रामीणों के अनुसार हरेली पर्व के पहले पूरे गांव की खुशहाली, सुख-समृद्धि और प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा के लिए देवी-देवताओं को प्रसन्न करने की परंपरा ग्रामीण क्षेत्रों में निभाई जाती है। छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा के अनुसार ग्रामीण हरेली से पहले एकत्र होकर 'गांव बनाने' की रस्म पूरी करते हैं। मान्यता है कि विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से गांव में बीमारी और प्राकृतिक आपदा का संकट दूर रहता है, मवेशी स्वस्थ रहते हैं और खेतों में अच्छी फसल होती है। इस अवसर पर नागेश्वर जायसवाल, परदेशी सोनकर, चंद्रकुमार जायसवाल, कलिका सोनकर, परमेश्वर पटेल, फूल सिंह साहू, छबिल, मंगला, विष्णु निषाद, लखन साहू, भरत गोंड, गोकुल सोनकर, लीलाराम सोनकर, रमेश सोनकर, मनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्राकृतिक आपदाओं से बचाव : उपसरपंच ठाकुरराम सोनकर ने बताया कि गांव में समय-समय पर आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसी से बचाव और गांव की सुख-समृद्धि के लिए यह परंपरा निभाई जाती है। ग्रामीणों की कामना है कि गांव हरा-भरा रहे, अच्छी फसल हो और सभी के सामाजिक, निजी एवं वैवाहिक कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हों।

वर्षों से चली ....

और ग्रामीणों की रक्षा की कामना की जाती है। पूजा के दौरान गांव के मवेशियों को भी एक स्थान पर एकत्र किया गया और उनके सामने पूजा-अर्चना की गई, ताकि वे बीमारी से सुरक्षित रहें।

बिल्डर्स ने सोसाइटी ....

रही है। प्राधिकरण ने कहा है कि परियोजना पूरी होने के बाद भी यदि प्रमोटर आवंटियों की सोसाइटी या एसोसिएशन के गठन और कॉमन एरिया व परियोजना से संबंधित दस्तावेजों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं करता है, तो यह नियमों के अनुरूप नहीं है। **सिर्फ रजिस्ट्रेशन नहीं, खरीदारों के अधिकारों की रक्षा भी उद्देश्य** : सीजी रेरा ने कहा है कि रेरा का उद्देश्य केवल रियल एस्टेट परियोजनाओं का पंजीकरण करना नहीं है। इसका मकसद परियोजना के खरीदारों के अधिकारों की रक्षा, पारदर्शिता, जवाबदेही और सुरक्षित रियल एस्टेट व्यवस्था सुनिश्चित करना भी है। प्राधिकरण के मुताबिक कॉमन एरिया और परियोजना प्रबंधन का समयबद्ध हस्तांतरण उपभोक्ता हितों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्राधिकरण ने सभी आवंटियों से भी अपील की है कि वे अपने वैधानिक अधिकारों के साथ-साथ अधिनियम के तहत निर्धारित कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहें और सोसायटी के गठन तथा परियोजना प्रबंधन के हस्तांतरण की प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें।

595 परियोजनाओं ....

मामलों में संबंधित प्रमोटर्स को नोटिस जारी किए गए हैं। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया केवल परियोजना के पंजीकरण तक सीमित नहीं है। रेरा कानून के तहत प्रमोटर का दायित्व है कि वह आवंटियों की सोसायटी या एसोसिएशन के गठन को सुनिश्चित करे और परियोजना के सामान्य क्षेत्रों, सुविधाओं तथा संबंधित अभिलेखों का विधिवत हस्तांतरण संबंधित संस्था को करे।

15 दिन में जवाब नहीं....

विकास) अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। यानी प्राधिकरण ने फिलहाल प्रमोटर्स को अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर दिया है, लेकिन तय समय में अनुपालन नहीं होने पर मामला औपचारिक कार्रवाई की दिशा में बढ़ेगा।

रिश्वत लेते पकड़े ....

ग्रेड-2 कर्मचारी रिश्वत लेने के मामले में दोषी मानते हुए 3 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर इंजानी शासकीय उमावि में पदस्थ व बीईओ कार्यालय में संलग्न सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी गौतम सिंह आयम को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 13 अगस्त 2024 को 12 हजार रूपए की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में आरोपी गौतम सिंह आयम को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। जेल भेजने के बाद शासकीय सेवक द्वारा 48 घंटे से अधिक अवधि तक न्यायिक अभिरक्षा में रहने के कारण कलेक्टर के निर्देश पर 21 अगस्त 2024 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। इस मामले में 29 जुलाई को विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा विशेष आपराधिक प्रकरण (भ्रष्टाचार निवारण) में 15 मई निर्णय देते हुए आरोपी को दोषी माना। कोर्ट में यह सिद्ध हुआ कि आरोपी गौतम सिंह आयम द्वारा प्रार्थी नितेश रंजन पटेल से एरियर्स भुगतान के नाम पर 20 हजार रूपए की रिश्वत मांगी गई और 12 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए। कोर्ट ने आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित अधिनियम, 2018) की धारा 7 के तहत दोषी मानते हुए 3 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया है। डीईओ कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई में यह उल्लेख किया गया है कि गौतम सिंह आयम को न्यायालय द्वारा दोषी मानते हुए सजा दी गई है इसलिए पृथक से विभागीय जांच की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में डीईओ ने छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10 (9) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा माननीय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम द्वारा दी गई सजा के आधार पर शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है।-

अचानक 300 फीट ....

के दौरान अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गई थी। हालांकि, बाद में विमान स्थिर हो गया और दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग हुई। मंत्रालय ने कहा कि एएआईबी फिलहाल घटना से जुड़े सभी प्रासंगिक तकनीकी, परिचालन, चिकित्सकीय और मानवीय कारकों से संबंधित साक्ष्यों को व्यवस्थित तरीके से जुटाने, सुरक्षित रखने और उनकी जांच करने में लगा है। किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी उपलब्ध भौतिक एवं अन्य साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा, ताकि घटना की परिस्थितियों और इसके लिए जिम्मेदार संभावित कारकों का पता लगाया जा सके। मंत्रालय के अनुसार, जांच के आधार पर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों की पहचान की जाएगी। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जांच स्वतंत्र, साक्ष्य-आधारित और व्यापक होगी।

सीईओ का इंटरव्यू ....

शामिल हैं। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट रहे पूर्व आईपीएस राजेश पांडेय और जौनपुर के पूर्व डीएम दिनेश चंद्र ने भी इंटरव्यू दिया। सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रमोद कोहली, डॉ. सुरेश हावड़े और सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी की तीन सदस्यीय समिति उम्मीदवारों का एक से दो घंटे तक गहन साक्षात्कार ले रही है।

ट्रस्ट लगाएगा अंतिम ....

श्रद्धालुओं की सुविधाओं और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिहाज से यह सीईओ पद बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

5,300 लोगों ने ....

आधार पर टीम ने 5,300 आवेदनों की स्कूटनी की। इनमें से 18 कैंडिडेट पद के योग्य पाए गए। इसके बाद इन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाया गया।

राशिफल

मेष — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर एक नया पोस्ट

विकसित भारत का संकल्प लें घर-घर तिरंगा, हर मन तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक और वीडियो को पोस्ट किया है जो कि वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मोदी ने देश के लोगों से हर घर पर तिरंगा लहराने की अपील की है। आपको बता दें कि 15 अगस्त के दिन भारत अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। ऐसे में इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है और अलग-अलग हिस्सों में तिरंगा यात्रा भी निकाली जा रही है। आपको बता दें कि इससे पहले मंगलवार को एनडीए सांसदों की साप्ताहिक बैठक के दौरान सांसदों ने तिरंगा लहराकर तथा 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया था।

क्या बोले पीएम मोदी : मोदी ने इंस्टा पर पोस्ट किए गए वीडियो में जनता से अपील करते हुए कहा- आइए 15 अगस्त को आन-बान-शान से मनाए, स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को श्रद्धांजलि दें, विकसित भारत का संकल्प लें, हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, हर मन तिरंगा, आइए हर घर पर तिरंगा लहराइए।



हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जानिए

हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत साल 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत की गई थी। ये अब एक सालाना परंपरा बन गया है जिसमें देश के करोड़ों नागरिक स्वेच्छा से राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। पीएम मोदी ने एक पोस्ट में कहा- हमारा तिरंगा हमारा गौरव है और देश के लिए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की निरंतर प्रेरणा है। आइए, हम हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लें और 'विकसित भारत' के निर्माण में योगदान देने के अपने सामूहिक संकल्प को दोहराएं।

कितनी है पीएम मोदी के फॉलोवर्स की संख्या?

आपको बता दें कि पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले एक्टिव नेता हैं। उनके इस प्लेटफॉर्म पर 106 मिलियन फॉलोवर्स हैं। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी के 107 मिलियन से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। हाल के दिनों में नीट परीक्षा के मुद्दे पर पोस्ट किए गए पीएम मोदी के वीडियो ने 24 घंटे में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले वीडियो का रिकॉर्ड बना दिया था। इस वीडियो पर 400 मिलियन से भी ज्यादा व्यूज आ चुके हैं।

उत्तराखंड में बाढ़ का तांडव, 12 जिलों के लिए आईएमडी का हाई अलर्ट

एजेंसी ▶▶| देहरादून

भारतीय मौसम विभाग ने उत्तराखंड के 12 जिलों के लिए मूसलाधार बारिश और बाढ़ का हाई अलर्ट जारी किया है। इनमें चमोली, देहरादून और अल्मोड़ा जैसे जिले शामिल हैं। यह चेतावनी 11 अगस्त को शाम 5:30 बजे तक लागू रहेगी। लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से इन इलाकों में बाढ़, भूस्खलन और नदियों में अचानक उफान आने का खतरा है।

उत्तराखंड प्रशासन सतर्क, बचाव टीमें तैयार

प्रशासन ने बताया है कि वे हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और बचाव टीमें पूरी तरह मुस्तैद हैं। आपदा प्रबंधन सचिव विनय कुमार सुमन ने जानकारी दी कि संवेदनशील इलाकों में खास तौर पर निगरानी बढ़ाई गई है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अनुरोध किया गया है कि वे नदियों, नालों और भूस्खलन वाले इलाकों से दूर रहें, जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती।



चमोली में बाढ़ से बीआरओ कार्यकर्ता लापता

हाल ही में 10 अगस्त को चमोली में आई बाढ़ ने एक वाहन और एक पुल को बहा दिया था। इसकी वजह से सीमावर्ती कई गांवों का संपर्क टूट गया और एक बीआरओ कार्यकर्ता भी लापता हो गया। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है और वे इस चुनौतीपूर्ण मौसम से निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)

//नोटिस//

क्रमांक / / तह./वा./2026 धमतरी दिनांक 07/08/2026

प्रति
दिलेश्वरी साहू पति देवकुमार साहू
निवासी पोस्ट ऑफिस वार्ड धमतरी
तह व जिला धमतरी

विषय :- आगामी सुनवाई तिथि को उपस्थिति प्रस्तुत करने बाबत।

संदर्भ:-इस न्याया का रा.प्र.क्र. 202607130700025 अ-6 अ वर्ष 2025-2026।

उपरोक्त विषयांगर्त लेख है, कि आवेदक साईमन बारा पिता पेट्रस बारा निवासी सिविल लाईन धमतरी के द्वारा ग्राम गोकुलपुर प.ह.नं. 35 स्थित भूमि ख.नं. 143/6 रकबा 1.01 एकड़/0.409 हे. लगान 1.60 रु. को विक्रेता हीरालाल पिता सुकलाल गोड निवासी गोकुलपुर वार्ड धमतरी से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया है। आवेदित भूमि ऑनलाइन रिकॉर्ड में अनावेदक दिलेश्वरी साहू पति देवकुमार साहू निवासी पो. आ. वार्ड धमतरी का नाम त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जिसके सुधार हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर जांच हेतु राजस्व प्रकरण क्रमांक 202607130700025 वर्ष 2025-2026 मद अ-6 में पंजीबद्ध कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त प्रकरण के संबंध में दिनांक 19/08/2026 को उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित है। उपरोक्त दिवस को आपके अनुपस्थिति या आपके या अभिभाषक के माध्यम से कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आपकी मौन स्वीकृति मानी जावेगी। नियत समयावधि पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

पेज एक के शेष

टैट परीक्षा विवाद...

दुर्भावनापूर्ण या कानून के विपरीत साबित हो। दरअसल सीजी टैट 2024 की फाइनल आंसर-की में व्यापमं ने सेट-ए के प्रश्न क्रमांक 56, सेट-बी के प्रश्न क्रमांक 55 तथा सेट-सी और डी के प्रश्न क्रमांक 57 को विलोपित कर दिया था। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि मॉडल आंसर-की के आधार पर वे न्यूनतम पात्रता अंक 75 हासिल कर रहे थे, लेकिन प्रश्न हटाए जाने के बाद उनके अंक 74.5 से 74.9 के बीच रह गए। इस तरह वे पात्रता अंक हासिल करने से महज एक अंक से कम अंतर पर रह गए। अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में दलील दी थी कि परीक्षा के निर्देशों के मुताबिक संबंधित प्रश्नों को विलोपित नहीं किया जा सकता था। उन्होंने हटाए गए प्रश्नों को दोबारा शामिल करने की मांग की थी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ट्रैक मशीन/इंजीनियरिंग विभाग
ई–निविदा

क्रमं (1) निविदा सं.: एसईसीआर–टीएम–टूल्स–2026–06, दिनांक: 24.07.2026 कार्य का नाम : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर स्थित सैटेलाइट डिपो में न्यूमैटिक टूल्स, पाइपलाइन, कंप्रेसर एवं सहायक उपकरणों सहित पूर्ण व्यवस्था की आपूर्ति, स्थापना (इरेक्शन) एवं कमीशनिंग का कार्य। निविदा मूल्य: ₹ 17,75,040.96/-। निविदा बंद होने की तिथि और समय : 17/08/2026 को 11.00 बजे।

क्रमं (2) निविदा सं.: एसईसीआर एचक्यू इंजी टीएम–बीआरएन–2026–05A दिनांक: 29.07.2026 कार्य का नाम : टीआरटी मशीन के उपयोग हेतु बीआरएन वैगनों पर गैंट्री रेलों की आपूर्ति, फिटिंग एवं वेल्डिंग। निविदा मूल्य: ₹ 2,36,02,820.00/-। निविदा बंद होने की तिथि और समय : 20/08/2026 को 11.00 बजे।

निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों की पूरी जानकारी के लिए निविदाकर्ता www.ireps.gov.in वेबसाइट पर लॉगइन कर सकते हैं। ईनिविदा के–विरुद्ध मैन्युअल निविदाएं पर विचार नहीं किया जाएगा।

कार्यपालन इंजीनियर/टी.एम./मुख्या. सीपीआर/10/321 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

न्यायालय तहसीलदार, दोरनापाल जिला-सुकमा (छ.ग.)

रा.प्र.क्रं/202604190100004

// उद्घोषणा // विषयः- /अ-20(3)/2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय सहायक संचालक उद्यान विभाग सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा रोपणी निर्माण कार्य हेतु ग्राम पंचायत मनीकोण्टा के ग्राम पेदाकुर्ती में प.ह.न. 08/ मनीकोण्टा रा.नि.मं. दोरनापाल जिला सुकमा में स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 557 रकबा 3.4750 हेक्टेयर में से 1.930 हेक्टेयर भूमि एवं खसरा नम्बर 563, 564 रकबा क्रमशः 0.4400, 5.8750 में से 1.790 हे. भूमि का कुल रकबा 3.72 हे. का कुल रकबा 3.72 हे. पर रोपणी निर्माण कार्य हेतु कार्यालय सहायक संचालक उद्यान विभाग सुकमा जिला सुकमा के नाम से आबंटित हेतु दिया जाना प्रस्तावित है। प्रकरण में चयनित भूमि सहायक संचालक उद्यान विभाग सुकमा जिला सुकमा (छ.ग.) को आबंटन हेतु राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 4 क्रमांक 1 की कंडिका 36 में दिये गये बिंदुओं तथा शासन द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देश का पालन कर विस्तृत जाँच कर जाँच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। प्रकरण अग्रिम कार्यवाही हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

तत संबंध में जिस किसी व्यक्ति को लिखित या मौखिक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पत्र में उल्लेखित नियत दिनांक 05/08/2026 से 20/08/2026 तक शासकीय अवकाश के दिन को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में न्यायालयीन समय में प्रातः 10:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान - दोरनापाल
दिनांक - 03/08/2026
मुहर

तहसीलदार
तहसील-दोरनापाल, जिला- सुकमा (छ.ग.)

शब्द पहेली - 6315



बाएँ से दाए
1. असह्य,नागवार-5
4. कली-3
6. पराया,पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी,सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल,धोखा-3
16. पक्षी,उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा,पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत,मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल,जान-2
27. रसदार-3
28. जगत,दुनिया-2
29. नग,मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

ऊपर से नीचे
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र,राधेय-3
5. वश,अधीन-2
7. संपूर्ण,पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली,शुद्ध-3
13. हठ करना,रोना -4
15. हारा हुआ,पराजित-3
16. मशवरा,सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना,स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी,चित-2
28. संपत्ति-2

शब्द पहेली - 6314 का हल

■	अ	ह	म	क	■	जा	य	दा	द	■
ल	■	क	म	र	■	न	म	न	■	अ
व	स	■	ता	त	■	का	ज	■	हा	र
कु	ली	न	■	ल	ह	र	■	रा	ज	मा
श	ब	न	म	■	म	■	आ	स	मा	न
■	■	■	सा	फ	स	फा	ई	■	■	■
अ	च	र	ज	■	फ	■	ना	ला	य	क
व	म	न	■	ह	र	म	■	ल	की	र
ता	न	■	स	जा	■	हा	र	■	न	त
र	■	क	र	म	■	व	ज	न	■	ब
■	ग	फ	ल	त	■	त	क	दी	र	■

सूडोकु नवताल - 6325

कठिनतम

| | | | | | | |









मरीन ड्राइव में दिखा प्रकृति का अनोखा नजारा, ब्लैक-क्राउन्ड नाइट हेरॉन ने किया मछली का शिकार

रायपुर। शहर का तेलीबांधा तालाब, जिसे राजधानी का मरीन ड्राइव कहा जाता है। इन दिनों मरीन ड्राइव में प्रकृति का खूबसूरत नजारा देखने को मिल रहा है। तालाब के किनारे एक ब्लैक-क्राउन्ड नाइट हेरॉन को मछली का शिकार करते हुए कैमरे में कैद किया गया। पक्षी पानी के किनारे बेहद शांत मुद्रा में खड़ा रहा और सही अवसर मिलते ही तेजी से पानी में चोंच डालकर मछली को पकड़ लिया। शिकार के दौरान उसकी एकाग्रता और तेजी ने आसपास मौजूद लोगों का ध्यान अपने ओर खींचा। मरीन ड्राइव में दिखाई देने वाले पक्षी और उनका प्राकृतिक व्यवहार शहरवासियों के लिए प्रकृति को करीब से देखने का अवसर भी प्रदान करता है। ब्लैक-क्राउन्ड नाइट हेरॉन का मछली का शिकार करते हुए यह दृश्य बताता है कि शहर के बीच मौजूद जलाशय स्थानीय जैव-विविधता के लिए भी महत्वपूर्ण है। **(फोटो : रमन हलवाई)**

रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



कुसुमकसा। दल्लीराजहरा रेल लाइन पर रेलवे फाटक कुसुमकसा के समीप सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब 1 बजे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह ग्रामीणों को हुई, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। इसी दौरान ग्राम अरमुरकसा के युवकों ने मृतक की पहचान रेलवे पारा अरमुरकसा निवासी सूर्यकांत कुल्हारा के रूप में की। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पिता भीखम कुल्हारा घटनास्थल पहुंचे और शव की शिनाख्त अपने बड़े बेटे सूर्यकांत के रूप में की। घटना की जानकारी मिलने पर राजहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए चिखलाकसा स्थित मर्चुरी भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। मृतक सूर्यकांत, ग्राम अरमुरकसा की पूर्व सरपंच हिरमोतिन भीखम कुल्हारा के पुत्र बताए गए हैं। युवक की मौत की खबर से ग्राम अरमुरकसा में शोक की लहर दौड़ गई।

कार्रवाई : उधारी की रकम लौटाने के नाम पर 4.50 लाख के नकली नोट थमाए

12.50 लाख रुपए के नकली नोट जब्त 3 गिरफ्तार, कलरप्रिंटर-मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा





कबीरधाम पुलिस ने नकली नोट तैयार कर उन्हें असली रकम के रूप में खपाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 8 लाख रुपए के तैयार नकली नोट बरामद किए हैं। इसके अलावा प्रार्थी को डिलीवरी किए गए 4.50 लाख रुपए के नकली नोटों को मिलाकर कुल 12.50 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किए गए हैं। आरोपियों के पास से नकली नोट छापने में प्रयुक्त कलर प्रिंटर, मोबाइल फोन और टाटा पंच कार भी बरामद की गई है। आरोपी नए बस स्टैंड के पास किराए के मकान में कलर प्रिंटर के माध्यम से नकली नोट तैयार कर रहे थे।

इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि ग्राम कमराखोल निवासी दिनेश कुमार यादव ने चौकी पोंड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अप्रैल 2026 में घुरवा राम को 3 लाख 75 हजार रुपए उधार दिए थे। रकम की वापसी के संबंध में दोनों के बीच एग्रीमेंट भी हुआ था। उधारी की रकम वापस मांगने पर घुरवा राम ने रकम लौटाने का आश्वासन दिया। 9 अगस्त को उसने दिनेश को बताया कि सतीश कुमार के माध्यम से रकम भेजी जा रही है और उसे ग्राम पोंड़ी स्थित शराब भट्टी के आगे बुलाया। दिनेश कुमार अपने परिचित कैलाश चंद्रवंशी के साथ रात करीब 9 बजे पोंड़ी शराब भट्टी के पास पहुंचा।

वहां सतीश कुमार और उसके एक साथी ने काले रंग के बैग में रकम दी। रकम की जांच करने पर नोट संदिग्ध लगे। बैग खोलकर देखने पर उसमें 500-500 रुपए के कुल 4 लाख 50 हजार रुपए के नकली नोट मिले। इसके बाद दिनेश ने 10 अगस्त को चौकी पोंड़ी में लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सतीश कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने रामप्रसाद उर्फ रमऊ निवासी तालपुर और घुरवा राम निवासी कान्हाभैरा के साथ मिलकर नकली नोट तैयार करने और उन्हें खपाने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और तस्दीक में सामने आया कि तीनों आरोपी जुलाई 2026 से मिलकर नकली नोट तैयार कर रहे थे। इसके लिए आरोपी रामप्रसाद ने नए बस स्टैंड के पास किराए का कमरा लिया था। बताया गया कि 13 जुलाई को रामप्रसाद और सतीश कुमार ने एक कलर प्रिंटर खरीदा था। इसी प्रिंटर के माध्यम से कमरे में 500 रुपए के नकली नोट तैयार किए जाते थे।

आगे कहां खपाए नोट, इसकी जांच जारी

पुलिस अब आरोपियों से नकली नोट तैयार करने की पूरी प्रक्रिया, अब तक कितनी मात्रा में नकली नोट छापे गए तथा इन्हें जिले में और किन-किन स्थानों पर खपाया गया, इस संबंध में विस्तृत पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि पूछताछ में नकली नोट के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में चौकी पोंडी पुलिस एवं साइबर टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर, चौकी पोंडी प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सहायक आयुक्त कार्यालय की चल संपत्ति होगी कुर्क



दुर्घटना मुआवजा राशि समय पर नहीं मिलने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले महेतर ध्रुव के परिजनों को न्यायालय द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि का समय पर भुगतान नहीं किए जाने का मामला अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, गरियाबंद ने अधिनिर्णय की राशि की वसूली के लिए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, गरियाबंद के कार्यालय की चल संपत्ति कुर्क करने का वारंट जारी किया है। न्यायालय के आदेश के अनुसार कुल 13 लाख 14 हजार 564 रूपए की राशि की वसूली की जानी है। मामला दावा प्रकरण क्रमांक 06/2022, पार्वती ध्रुव वगैरह बनाम सत्येन्द्र कुमार गंगासागर वगैरह से संबंधित है। न्यायालय ने 9 अगस्त 2024 को अधिनिर्णय पारित करते हुए अनावेदकगण को आवेदकगण के पक्ष में 9 लाख 71 हजार 312 क्षतिपूर्ति राशि अदा करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही दावा प्रस्तुत करने की तिथि से वास्तविक भुगतान तक 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज देने के निर्देश भी दिए गए थे।न्यायालयीन अभिलेख के अनुसार 22 नवंबर 2022 को दोपहर करीब 2:30 बजे महेतर ध्रुव अपनी पत्नी के साथ गरियाबंद बाजार आए थे। जनपद पंचायत गरियाबंद के सामने सब्जी लेकर सड़क पार करते समय कलेक्टर कार्यालय की ओर से आ रहे वाहन क्रमांक सीजी-02-जी-5316 ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी थी।

विशेष न्यायालय एनआईए एक्ट नारायणपुर का फैसला

नक्सलियों तक विस्फोटक सामग्री पहुंचाने के मामले में 3 आरोपियों को सजा, लगा अर्थदंड

नारायणपुर। जिले में नक्सल गतिविधियों के लिए विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराने के मामले में विशेष न्यायालय एनआईए एक्ट नारायणपुर ने तीन आरोपियों पर दोषसिद्ध करते हुए विभिन्न धाराओं में कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।



- जड़ी-बूटी बेचने के सामान के बहाने गठरियों में रखा थी विस्फोटक सामग्री

न्यायालय सूत्रों के अनुसार प्रकरण के अनुसार 19 मार्च 2024 को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम तारागांव में कुछ आरोपियों द्वारा जड़ी-बूटी बेचने के सामान के बहाने गठरियों में पोटेशियम नाइट्रेट, कॉर्डेक्स वायर एवं डेटोनेटर जैसे विस्फोटक पदार्थ छिपाकर रखे गए हैं। इन्हें नक्सलियों तक पहुंचाने की योजना है। पुलिस ने विस्फोटक सामग्रियों के साथ आरोपियों को पकड़ लिया। मामले की विवेचना के पश्चात पुलिस ने मामला कोर्ट में पेश किया। विशेष न्यायालय एनआईए एक्ट नारायणपुर द्वारा तीनों आरोपियों को दोषसिद्ध कर दंडित किया गया।

इन्हें मिली सजा

1. चमेली बाई
2. रवि मरकाम उर्फ सुशील
3. कोसरू वड्डे

इन धाराओं में सुनाई गई सजा

- धारा 4, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 में 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 रुपए अर्थदंड।
- धारा 5, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 में 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 रुपए अर्थदंड।
- धारा 10(1), विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 में 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड।
- धारा 13(1) में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड।
- धारा 38(2) में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड।

5 धारा 39(2) में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 अर्थदंड।

एएसआई की अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

धमतरी। ड्यूटी से घर जाने के बाद एएसआई की अचानक तबीयत खराब हो गई जिसे अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार नगरी थाना क्षेत्र के ग्राम सामतरा निवासी कैलाशचंद्र नाग पिता बंधुराम उम्र 50 वर्ष जिला पुलिस विभाग की डीएसबी शाखा में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ था। सोमवार को कैलाश ड्यूटी पर आया था जहां से वह रूद्री रोड स्थित अपने घर चला गया। घर में ठीक नहीं लग रहा है, कहकर सो गया। लगभग शाम 4 बजे वह बेहोश हो गया।

दूसरे जिलों में तबादलों पर कांस्टेबल की वरिष्ठता सबसे नीचे मानी जाएगी : हाईकोर्ट

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने बड़े फैसले में कहा है कि यदि कांस्टेबल का तबादला एक जिले से दूसरे जिले में किया जाता है तो उसकी वरिष्ठता सबसे नीचे मानी जाएगी। जिलों में पदस्थ कांस्टेबल को पहले प्रमोशन में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने कोरबा सहित प्रदेश भर के जिलों से दायर 72 कांस्टेबलों की याचिका स्वीकार कर ली है। इस मामले में कोरबा जिले के आरक्षकों ने याचिका दायर की है। याचिकाकर्ताओं ने पदोन्नति प्रक्रिया में कई खामियों का आरोप लगाया था। उनका कहना है कि अनुरोध पर ट्रांसफर होकर आए आरक्षकों को वरीयता दी जा रही है, जबकि जिले में सीधी भर्ती से नियुक्त जवानों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने भी प्रारंभिक तौर पर प्रक्रिया में कमियां होने की बात मानी थी। इसके बाद कोर्ट ने पदोन्नति प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी थी। कोरबा के 72 पुलिस कॉन्स्टेबल ने प्रमोशन को लेकर लगाई याचिका में कहा है कि पुलिस मुख्यालय ने प्रमोशन प्रक्रिया शुरू की है, लेकिन इसमें उन कॉन्स्टेबल को भी शुरुआती नियुक्ति की तारीख के आधार पर सीनियर मानकर प्रमोशन देने की तैयारी हो रही है, जिन्होंने स्वेच्छा से दूसरे जिले में ट्रांसफर कराया था।





खबर संक्षेप



सोना दो माह के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में लगातार छठे सत्र में बढ़ोतरी हुई। कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती के बावजूद व्यापारियों की ओर से निवेश की मांग के कारण सोना 1,200 रुपये बढ़कर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के दो महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार के 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 1,200 रुपये बढ़कर 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। चांदी भी इसी तेजी के दौर में है और इसकी कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई है, जिससे चांदी दो महीने से अधिक समय में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

जायडस लाइफसाइंसेज का मुनाफा 36 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। जायडस लाइफसाइंसेज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 36 प्रतिशत घटकर 939.8 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि अधिक खर्च के कारण मुनाफे में कमी आई है।वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 1,466.8 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार दो जानकारी में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल परिचालन आय बढ़कर 8,017 करोड़ रुपये हो गई।

पीएम इलेक्ट्रिक-ड्राइव योजना की समयसीमा बढ़ी, प्रोत्साहन घटा

नई दिल्ली। सरकार ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए 'पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट' (पीएम ई-ड्राइव) योजना की समयावधि 31 मार्च, 2028 तक बढ़ा दी है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए मिलने वाले प्रोत्साहन को पहले के 5,000 रुपये प्रति किलोवाट-घंटा से घटाकर आधा यानी 2,500 रुपये प्रति किलोवाट-घंटा कर दिया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने सोमवार देर रात जारी अधिसूचना में कहा कि पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन एक अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2028 के बीच 2,500 रुपये प्रति किलोवाट-घंटा की दर से प्रोत्साहन पा सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा 5,000 रुपये प्रति वाहन होगी।



गलत निर्णय के लिए एआई मॉडल को दोष न दें : आरबीआई गवर्नर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को बैंकों से कहा कि वे कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित मॉडल विकसित करते समय फैसलों की प्रक्रिया में सार्थक मानवीय निगरानी को अनिवार्य सिद्धांत के रूप में शामिल करें।

मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि एआई उपकरणों से हुई गलतियों के लिए केवल प्रौद्योगिकी को जिम्मेदार ठहराना नियामक को स्वीकार्य नहीं होगा। यहां उद्योग मंडल फिक्की और आईबीए (भारतीय बैंक संघ) के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि एआई का इस्तेमाल मानवीय निर्णय क्षमता का स्थान लेने के बजाय उसे बेहतर बनाने के लिए किया जाना चाहिए।

मानवीय निगरानी को अनिवार्य सिद्धांत के रूप में शामिल करें

एआई का इस्तेमाल जिम्मेदारी से किया जाए

उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार पर एआई के प्रभाव को लेकर व्यापक चिंताएं जताई जा रही हैं। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि आरबीआई एआई को ऐसे जोखिम के रूप में नहीं देखता जिसे नियंत्रित किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी क्षमता के रूप में देखता है जिसका जिम्मेदारी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



बैंक के फैसले की अंतिम जिम्मेदारी बैंक की हो

मल्होत्रा ने चेतावनी दी कि बैंकिंग प्रणाली में एआई को अपनाने के साथ समय के साथ मानवीय निर्णय क्षमता और जवाबदेही कम हो सकती है। उन्होंने कहा, ''किसी बैंक के फैसले की अंतिम जिम्मेदारी बैंक की होनी चाहिए, न कि सेवा प्रदाता या 'एल्गोरिदम' की। हम यह नहीं कह सकते कि फैसला मॉडल ने किया। चाहे बैंक के लिए हो, ग्राहक के लिए या नियामक के लिए, यह कभी स्वीकार्य जवाब नहीं हो सकता।''

बैंक ऋण मंजूरी और ग्राहक सेवा में कर रहा एआई उपयोग

मल्होत्रा ने कहा, ''सार्थक मानवीय निगरानी, फैसले को समझाने, हस्तक्षेप करने और जहां आवश्यक हो वहां उसे बदलने की क्षमता होनी चाहिए। वास्तव में यह डिजाइन का मूल सिद्धांत बना रहना चाहिए न कि बाद में इस पर ध्यान देने की जरूरत पड़े।'' उल्लेखनीय है कि कई भारतीय बैंक ऋण मंजूरी और ग्राहक सेवा समेत विभिन्न कार्यों में एआई का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर रहे हैं।

फिच ने 20वें साल भारत की रेटिंग बीबीबी- पर स्थिर रखी

फिच ने भारत की रेटिंग को 'बीबीबी-' पर कायम रखा, मुश्किलों के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को लगातार 20वें साल भारत की सॉवरेन रेटिंग को 'बीबीबी-' पर स्थिर परिदृश्य के साथ बरकरार रखा है। फिच ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न ऊर्जा संबंधी चुनौतियों के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

- ऊर्जा संबंधी चुनौतियों के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत

फिच ने कहा कि उसे अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़ी अनिश्चितता के कारण भारत की वृद्धि संभावनाओं पर कोई स्थायी खतरा होने की उम्मीद नहीं है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने नौकरियों को लेकर युवाओं के विरोध प्रदर्शनों के बीच राजकोषीय (वित्तीय) खर्च पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई है।

खास बातें

- खाड़ी युद्ध से जुड़ी अनिश्चितता का भारत पर कोई स्थायी खतरा नहीं
- नौकरियों को लेकर विरोध और राजकोषीय दबाव बढ़ने की आशंका



भारत की अर्थव्यवस्था झटकों के प्रति जुझारू रही

सबसे निचली निवेश ग्रेड रेटिंग 'बीबीबी-' की पुष्टि करते हुए फिच ने कहा, ''हाल के वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था झटकों के प्रति जुझारू रही है, और यह रुख आगे भी जारी रहने की उम्मीद है।'' फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग इसके मजबूत वृद्धि परिदृश्य और ठोस बाहरी वित्तीय बुनियादी सिद्धांतों को दर्शाती है। उसने मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

सरकारी कर्ज के नीचे आने की संभावना

फिच के अनुसार, व्यापक आर्थिक स्थिरता प्रदान करने और नीतिगत विश्वसनीयता में सुधार के मजबूत रिकॉर्ड से निकट अवधि की ऊर्जा संकट संबंधी चुनौतियों के बावजूद निरंतर मजबूत वृद्धि को बल मिलना चाहिए और आर्थिक मजबूती बढ़नी चाहिए। फिच ने आगे कहा, ''उच्च वृद्धि दर से ढांचागत ऋण संकेतकों में निरंतर सुधार को समर्थन मिलना चाहिए और सरकारी कर्ज के नीचे आने की संभावना बढ़नी चाहिए।''

कर्ज से जीडीपी अनुपात को घटाकर 50 फीसदी पर लाने का लक्ष्य

वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में सरकार ने कर्ज-से-जीडीपी अनुपात 55.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, जो वित्त वर्ष 2025-26 के 56.1 प्रतिशत से कम है। सरकार ने मार्च, 2031 तक अपने कर्ज-से-जीडीपी अनुपात को घटाकर 50 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है।

सरकार को शिक्षा, रोजगार व कौशल विकास पर खर्च बढ़ाना होगा

एजेंसी ने कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली बढ़त से केंद्र सरकार को अपनी नीतिगत प्राथमिकताओं को लागू करने में मदद मिलेगी। हालांकि, फिच ने आगाह किया कि हालिया युवा विरोध प्रदर्शनों से सरकार पर शिक्षा, रोजगार सृजन और कौशल विकास जैसे उपायों पर खर्च बढ़ाने का दबाव बढ़ सकता है।

युवाओं में रोजगार के अवसरों को लेकर चिंताओं की ओर इशारा

रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''मेडिकल परीक्षा के पेपर लीक होने से शुरू हुए हालिया विरोध प्रदर्शन युवाओं में रोजगार के अवसरों को लेकर बढ़ती चिंताओं की ओर इशारा करते हैं, जिससे समय के साथ राजकोषीय खर्च पर दबाव बढ़ने का जोखिम है।'' इसमें आगे कहा गया कि भारत की रेटिंग इसके मजबूत वृद्धि परिदृश्य और ठोस बाहरी वित्तीय बुनियादी सिद्धांतों को दर्शाती है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 15 प्रतिशत घटा

जुलाई में निवेश घटकर 24,697 करोड़ रुपए रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मूल्यांकन से जुड़ी चिंता और सीमित रिटर्न के बीच निवेशकों के सावधानी बरतने से जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश मासिक आधार पर 15 प्रतिशत घटकर 24,697 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये निवेश से समर्थन मिलना जारी रहा। म्यूचुअल फंड उद्योग के संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी केंद्रित योजनाओं में जुलाई लगातार 65वां महीना रहा, जब शुद्ध निवेश आया। इक्विटी योजनाओं में निवेश जून के 28,973 करोड़ रुपये और पिछले साल जुलाई के 42,702 करोड़ रुपये की तुलना में काफी कम रहा। हालांकि, खुदरा निवेशकों की भागीदारी बनी रहने से जुलाई में एसआईपी के जरिये निवेश मामूली रूप से बढ़कर 31,961 करोड़ रुपये हो गया, जो जून में 31,781 करोड़ रुपये था।

- एसआईपी के जरिए निवेश से समर्थन मिलना जारी रहा



रुपया 13 पैसे टूटकर 95.43 प्रति डॉलर पर

मुंबई। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 95.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हाल के दिनों में विदेशी पूंजी के प्रवाह से घरेलू मुद्रा को कुछ बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.38 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.37 से 95.45 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में 13 पैसे की गिरावट के साथ 95.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई–निविदा सूचना

क्रम सं. (1): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-153-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ब्रजराजनगर में आरपीएफ पोस्ट के लिए नई इमारत का निर्माण एवं ट्रैक मशीन कर्मचारियों के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने का प्रावधान। निविदा मूल्य (रू): 3,58,27,462/-, अमानत राशि (रू): 7,16,600/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

क्रम सं. (2): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-154-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खरसिया गुड्स शेड में गैलवेल्यूम शीट्स, स्प्रिंकलर एवं अन्य संबद्ध विविध कार्यों का प्रावधान। निविदा मूल्य (रू): 4,00,06,225/-, अमानत राशि (रू): 8,00,100/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

क्रम सं. (3): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-155-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक मशीन कर्मचारियों के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने का प्रावधान। निविदा मूल्य (रू): 2,41,39,916/-, अमानत राशि (रू): 4,82,800/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

क्रम सं. (4): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-156-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्यः 30/06/2027 को समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/पूर्व/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सड़क मरम्मत के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रू): 1,40,06,589/-, अमानत राशि (रू): 2,80,100/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 30.06.2027 तक।

क्रम सं. (5): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-157-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डों (अर्थात सारागांव रोड, चाम्पा एवं नैला) के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते पाथवे का निर्माण। निविदा मूल्य (रू): 3,36,69,988/-, अमानत राशि (रू): 6,73,400/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह।

क्रम सं. (6): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-158-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डों (अर्थात खरसिया, झारापीह, सक्ति एवं बाराद्वार के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते/ पाथवे का निर्माण। निविदा मूल्य (रू): 5,55,11,648/-, अमानत राशि (रू): 11,10,200/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह।

क्रम सं. (7): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-159-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डों (अर्थात रायगढ़, जेएसएलके, भूपदेवपुर, एसपीजीसीएल एवं रॉबर्टसन) के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते पाथवे का निर्माण। निविदा मूल्य (रू): 10,67,13,495/-, अमानत राशि (रू): 21,34,300/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह।

क्रम सं. (8): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-160-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डों (अर्थात हिमगीर, बीएसएमए, दघोरा, जामगा एवं कोतरलिया) के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते पाथवे का निर्माण। निविदा मूल्य (रू): 9,70,23,266/-, अमानत राशि (रू): 19,40,500/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह।

क्रम सं. (9): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-161-26-27, दिनांक. 29/07/2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/ ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न रेलवे यार्डों (अर्थात ईब, ब्रजराजनगर, लाजकुरा एवं बेलपहार) के सुधार एवं उन्नयन कार्य के संबंध में नाली एवं रास्ते पाथवे का निर्माण। निविदा मूल्य (रू): 6,84,46,458/-, अमानत राशि (रू): 13,68,900/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह। निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः- दिनांक. 11.08.2026 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः- दिनांक. 25.08.2026 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/324 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

बिजनेस साइट

गलगोटिया विवि ने शुरू किए बीटेक और बीबीए कार्यक्रम

ग्रेटर नोएडा। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने एक्सेंचर लर्नवैंटेज के साथ उद्योग-एकेडेमिया साझेदारी के तहत एआई आधारित नए बीटेक और बीबीए कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड, डेटा और डिजिटल तकनीकों के साथ-साथ व्यावसायिक एवं पेशेवर कौशल से लैस करना है।

पहल के तहत परिसर में एक्सेंचर सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडीज भी स्थापित किया जाएगा। बीटेक इन कंप्यूटर साइंस विद एआई कार्यक्रम में क्लाउड और एआई, एआई के साथ फुल स्टैक डेवलपमेंट, डेटा साइंस, एआई एवं मशीन लर्निंग तथा डिजाइन इंजीनियरिंग जैसी विशेषज्ञताएं शामिल हैं।

वहीं, बीबीए इंटीग्रेटेड विद एआई में एआई-एकीकृत जनरल मैनेजमेंट और एआई-संचालित सेल्स एंड मार्केटिंग की विशेषज्ञता उपलब्ध होगी। विकास, कार्यस्थल संचार, उद्योग मार्गदर्शन, साक्षात्कार की तैयारी और रोजगार सहायता भी प्रदान की जाएगी। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि भविष्य उन छात्रों का है, जो वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों में अपने ज्ञान को अनुकूलित और लागू करने में सक्षम हों। वहीं, एक्सेंचर लर्नवैंटेज, एशिया ओशिनिया के प्रबंध निदेशक अनुराग बंसल ने कहा कि एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच ऐसे स्नातकों की मांग बढ़ रही है, जो डोमेन विशेषज्ञता को एआई कौशल के साथ जोड़ सकें।



कच्चे तेल के दाम में उछाल से सेंसेक्स 388 अंक टूटा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी के साथ निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से बीएसई सेंसेक्स 388 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 112 अंक की गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 388.19 अंक की गिरावट के साथ 78,154.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 494.18 अंक टूटकर 78,048.26 अंक तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 112.10 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,471.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, इंटरग्लोब एविएशन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और पावर ग्रिड के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। वहीं इटर्नल, इन्फोसिस, टाइटन, एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर लाभ में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 2.18 प्रतिशत बढ़कर 89.63 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स और निफ्टी में करीब आधा प्रतिशत की गिरावट रही।



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़

–: शुद्धि–पत्र :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No. 386558 में प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या–RDSD/ RAMGARH /10/2026-27 (Gola Vendor Market Development Scheme For Promotion of Local Livelihoods (Phase-II) निविदा प्रकाशन की तिथि को कारणवश संसोधित किया जाता है। विवरणी निम्नवत्:–

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 14.08.2026
2.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.08.2026 से 21.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.08.2026 अपराह्न 02:00 बजे।

शेष सभी यथावत् है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़

PR 387214 (Rural Work Department)26-27*D

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कोरबा, वनमण्डल-कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)
Kosabadi Rajgamar Road, Korba,
Email:- dfo_korba@yahoo.co.in Phone No. 7587012300

क्रमांक/ राजस्व/ 5687 कोरबा, दिनांक 07/08/2026

// नीलाम सूचना //

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोरबा वनमण्डल के अंतर्गत जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा में रखी गई निम्न विवरण अनुसार वनोपज जलाऊ लकड़ी का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा वन परिक्षेत्र कार्यालय, कुदमुरा उत्पादन से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम – जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी,
नीलाम दिनांक – 18.08.2026, नीलाम प्रारंभ – प्रातः 09:00 बजे से
वनोपज की अनुमानित मात्रा

डिपो का नाम	प्रजाति	पुराना वनोपज	नया वनोपज	योग
जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी	सतकठा जलाऊ	3237 चट्टा	1002 चट्टा	4239 चट्टा
	सागौन जलाऊ	28 चट्टा	33 चट्टा	61 चट्टा
	योग	**3265 चट्टा**	**1035 चट्टा**	**4300 चट्टा**
अस्थाई डिपो कोसाबाड़ी	सतकठा जलाऊ	50 चट्टा	-	50 चट्टा
नगरीय डिपो कोसाबाड़ी	सतकठा जलाऊ	36 चट्टा	-	36 चट्टा
निस्तार डिपो नोनबिर्रा	सतकठा जलाऊ	105 चट्टा	-	105 चट्टा
	कुल योग	**3456 चट्टा**	**1035 चट्टा**	**4491 चट्टा**

टीपः- 01. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है।
04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
कोरबा वनमण्डल, कोरबा

G-262702728/2

समय पर इलाज से मिलती है राहत : डॉ. जील शेठ अग्रवाल

फिशर, बवासीर और फिस्ट्रला के लक्षणों को 90 प्रतिशत लोग करते है नजरअंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

फिशर, बवासीर और फिस्ट्रला जैसी समस्याएं अब सिर्फ बढ़ती उम्र की बीमारी नहीं रह गई हैं। बदलती जीवनशैली, कम शारीरिक गतिविधि, फास्ट फूड और पानी कम पीने की आदत के कारण अब हर उम्र के लोग इन समस्याओं से प्रभावित हो रहे हैं। जानकारी के अभाव और शर्म की वजह से अधिकांश मरीज समय पर डॉक्टर के पास नहीं पहुंचते, जिससे बीमारी गंभीर हो जाती है। इट्सा हॉस्पिटल रायपुर में एडवांस्ड लेजर प्रोक्टोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है, जहां इन बीमारियों का सुरक्षित, कम दर्द वाला और शीघ्र उपचार किया जाता है। इस विषय पर इट्सा हॉस्पिटल की प्रोक्टोलॉजिस्ट डॉ. जील शेठ अग्रवाल से बातचीत।

- इट्सा हॉस्पिटल में एडवांस्ड लेजर प्रोक्टोलॉजी से कम दर्द और शीघ्र उपचार की सुविधा

प्रश्न : प्रोक्टोलॉजी क्या है?

उत्तर – प्रोक्टोलॉजी मेडिकल साइंस की सर्जरी की एक विशेष शाखा है, जिसे कोलो-प्रोक्टोलॉजी भी कहा जाता है। इसमें बड़ी आंत, रेक्टम और मलद्वार से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया जाता है। फिशर, बवासीर, फिस्ट्रला, संक्रमण और कुछ प्रकार के कैंसर भी इसी ब्रांच के अंतर्गत आते हैं।

प्रश्न : किन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए?

उत्तर – मल त्याग के समय खून आना, दर्द होना, मवाद या रिसाव होना, बार-बार कब्ज या दस्त की शिकायत होना सामान्य नहीं है। ऐसे लक्षण लगातार दिखाई दें तो तुरंत प्रोक्टोलॉजिस्ट से सलाह लेनी चाहिए।

प्रश्न : फिशर, बवासीर और फिस्ट्रला में क्या अंतर है?

उत्तर – बवासीर में आमतौर पर मल त्याग के दौरान खून आता है और शुरुआती अवस्था में दर्द नहीं भी हो सकता है।





फिशर में मलद्वार पर चीरा होने से तेज दर्द होता है। फिस्ट्रला में मवाद निकलना और लगातार रिसाव होना प्रमुख लक्षण हैं।

प्रश्न : मरीज देर से क्यों आते हैं?

उत्तर – लोग शर्म या जानकारी के अभाव में घरेलू उपचार करते रहते हैं। जब तक वे विशेषज्ञ के पास पहुंचते हैं, तब तक बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। इसलिए शुरुआती जांच और इलाज बहुत जरूरी है।

प्रश्न : इलाज की क्या सुविधा उपलब्ध है?

उत्तर – इट्सा हॉस्पिटल में एडवांस्ड लेजर प्रोक्टोलॉजी और मिनिमली इनवेसिव तकनीक से इलाज किया जाता है। बवासीर के शुरुआती ग्रेड का इलाज दवाइयों से संभव है, जबकि गंभीर स्थिति में लेजर और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। फिस्ट्रला का भी लेजर तकनीक से प्रभावी उपचार उपलब्ध है।

प्रश्न : इन बीमारियों से बचाव कैसे किया जा सकता है?

उत्तर – पर्याप्त पानी पिएं, फाइबर युक्त भोजन करें, रोजाना शारीरिक गतिविधि करें और जंक फूड से बचें। जो लोग लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं, वे बीच-बीच में उठकर कुछ देर टहलें। अच्छी जीवनशैली अपनाने से इन समस्याओं का खतरा काफी कम हो जाता है।

प्रश्न : लोगों के लिए आपका संदेश?

उत्तर – सेहत से संबंधित किसी भी समस्या को छिपाएं नहीं और न ही केवल घरेलू नुस्खों पर भरोसा करें। लक्षण दिखते ही डॉक्टर से मिलें। समय पर इलाज कराने से बीमारी जल्दी ठीक होती है और जटिलताओं से बचा जा सकता है।

प्रश्नः कब डॉक्टर से मिलें?

उत्तर– मलद्वार से बार-बार खून आना, लगातार दर्द, पस निकलना, तेज सूजन, गांठ महसूस होना, कई दिनों तक कब्ज रहना और वजन कम होने या बार-बार खून आने पर तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

वनडे वर्ल्ड कप 2027: 10 टीमों को सीधा टिकट, वेस्टइंडीज को खेलना होगा क्वालीफायर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए दस टीमें क्वालिफ़ाई कर चुकी हैं। इस टूर्नामेंट की मेज़बानी संयुक्त रूप से दक्षिण अफ़्रीका, ज़िम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। अफ़ग़ानिस्तान ने तीसरे वनडे में आयरलैंड को तीन विकेट से हराकर अपनी जगह पक्की की। चूंकि क्वालिफ़िकेशन रैंकिंग पर आधारित है, इसलिए दो बार की वर्ल्ड चैंपियन टीम वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है।

अभी भी 4 स्लॉट खाली

इस बार वर्ल्ड कप का फ़ॉर्मेट बदल दिया गया है। टूर्नामेंट के लिए चार स्लॉट खाली हैं, लेकिन उनमें से केवल दो ही अंततः सुपर 12 स्टेज में पहुंच पाएंगे। आईसीसी ने हाल ही में घोषणा की है कि 10 टीमें क्वालिफ़ायर टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जिसमें विजेता को वर्ल्ड कप का सीधा टिकट मिलेगा।

10 टीमें कर चुकी हैं क्वालिफ़ाई

रैंकिंग के आधार पर भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड, अफ़ग़ानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका ने क्वालिफ़ाई किया है। वहीं, दक्षिण अफ़्रीका और ज़िम्बाब्वे को टूर्नामेंट के मेज़बान के तौर पर सीधे जगह मिली है। इस तरह, इन 10 टीमों ने अब तक अपनी जगह पक्की कर ली है। आईसीसी ने 30 सितंबर 2026 की समय-सीमा तय की थी। उस तारीख को वनडे रैंकिंग में शीर्ष आठ टीमें वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफ़ाई करेंगी। आयरलैंड पर अफ़ग़ानिस्तान की सीरीज जीत से यह पक्का हो गया है कि वेस्टइंडीज़ समय-सीमा से पहले रैंकिंग में उनसे आगे नहीं निकल पाएगा। नतीजतन, वेस्ट इंडीज़ को वर्ल्ड कप में खेलने के लिए क्वालिफ़ायर से गुज़रना होगा।



खेली जाएगी सुपर सीरीज

इसके अलावा, क्वालिफ़ायर टूर्नामेंट में दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एक 'सुपर सीरीज़' खेली जाएगी। यह सुपर सीरीज़ वर्ल्ड कप का हिस्सा होगी, जिससे 2027 में टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। इस सुपर सीरीज़ का विजेता सुपर 12 स्टेज में आगे बढ़ेगा। वहीं, वेस्टइंडीज़ के लिए यह बहुत शर्म की बात है, क्योंकि वह लगातार दूसरी बार वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफ़ाई करने में नाकाम रहा। इससे पहले, वे 2023 वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफ़ाई करने में नाकाम रहा था।

अफगानिस्तान ने लपका वर्ल्ड कप का टिकट

अफगानिस्तान ने आयरलैंड को तीसरे वनडे में 3 विकेट से हराया



बेलफास्ट। अफगानिस्तान ने राशिद खान के ऑलराउंड खेल के दम पर आयरलैंड को तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 31 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हराकर अगले साल अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली। आयरलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.3 ओवर में 206 रन बनाकर आउट हो गई। एक समय उसका स्कोर आठ विकेट पर 128 रन था। इसके बाद गेविन होए (36) और जय मूंदड़ा (31) ने नौवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। अफगानिस्तान की तरफ से राशिद ने 44 रन देकर तीन और एएम गजनफर ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए।

राशिद ने खेली हरफनमौला पारी

इसके जवाब में अफगानिस्तान सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज के 71 रन के बावजूद 6 विकेट पर 164 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। राशिद ने यहीं से मोर्चा संभाला और 43 गेंद पर नाबाद 37 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। आयरलैंड की तरफ से होए ने 34 रन देकर चार विकेट लिए। अफगानिस्तान ने इस जीत से पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इससे अफगानिस्तान विश्व कप के लिए स्वतः क्वालीफाई करने वाली आठवीं टीम बन गई है। इन दोनों टीम के बीच पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि अफगानिस्तान ने दूसरा मैच 92 रन से जीता था।

खबर संक्षेप

भारत-अफगानिस्तान के बीच सितंबर में टी20 सीरीज

नई दिल्ली। भारत और अफ़ग़ानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज़ का शेड्यूल घोषित कर दिया गया है। अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दिल्ली में होने वाली इस सीरीज़ का शेड्यूल जारी किया है। भारत और अफ़ग़ानिस्तान ने पहले जून में एक टेस्ट मैच और तीन मैचों की वनडे सीरीज़ खेली थी। अब दोनों टीमें टी20 सीरीज़ की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार,अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज़ अगले महीने, यानी सितंबर में होगी। सीरीज के तीन मैच 13, 15 और 17 सितंबर को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह भी बताया गया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इन तारीखों पर सहमत हो गया है।

ग्लास्गो कॉस्मिक के लिए खेलेंगे जेसन रॉय



ग्लास्गो। इंग्लैंड के अनुभवी सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय को ग्लास्गो कॉस्मिक ने पहले यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। 36 वर्षीय खिलाड़ी इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है हालांकि उन्होंने 2023 के बाद अपने देश की तरफ से कोई मैच नहीं खेला है। वह प्रथम श्रेणी और पेशेवर टी20 लीग क्रिकेट में सक्रिय हैं। शीर्ष क्रम के आक्रामक बल्लेबाज रॉय का टी20 में स्ट्राइक रेट 137 का है। रॉय ने कहा, 'जब कप्तान ने मुझे फोन करके पूछा कि क्या मैं उपलब्ध हूं, तो मैं बहुत उत्साहित हो गया और मैं तैयार था। मैं ग्लास्गो कॉस्मिक की तरफ से खेलने और इस रोमांचक सफर का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्सुक हूं।' टीम के प्रिंसिपल और सीईओ राशिद अली खान ने कहा, 'जेसन अपनी पीढ़ी के सबसे कुशल खिलाड़ियों में से एक हैं, जिनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। उनके अनुभव का हमारी टीम को काफी फायदा मिलेगा।'

राष्ट्रमंडल तलवारबाजी भारत ने जीते 7 पदक

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ियों ने नाइजीरिया में चल रही अंडर-23 राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता के दूसरे दिन 7 और पदक अपने नाम किए। भारत ने प्रतियोगिता के पहले दिन ही 4 स्वर्ण सहित कुल 17 पदक जीतकर पुरुष और महिला व्यक्तिगत स्पर्धाओं में अपना दबदबा कायम किया था। भारतीय खिलाड़ियों ने सीनियर व्यक्तिगत वर्ग की महिला सेबर, महिला एपी और पुरुष फॉयल स्पर्धाओं में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते। सीनियर महिला एपी स्पर्धा में तनिष्का खत्री ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी साथी खुशी दाभाड़े ने रजत पदक अपने नाम किया।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम ने बहाया पसीना

कोलंबो में टीम इंडिया का आखिरी नेट सेशन, रिवर्स स्विंग पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम ने कोलंबो में अपना आखिरी प्रैक्टिस सेशन पूरा किया। भारतीय बल्लेबाजों ने तय बैटिंग ऑर्डर के हिसाब से अभ्यास किया, जिसमें यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पड्डीकल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत शामिल रहे। सूखी और दरार वाली पिच पर खिलाड़ियों ने पुरानी व नई गेंद से रिवर्स स्विंग का सामना किया। कप्तान शुभमन गिल ने आकिब नबी और थ्रो डाउन स्पेशलिस्ट के खिलाफ अभ्यास किया।

कप्तान गिल की स्पेशल प्रैक्टिस

कप्तान शुभमन गिल जानते थे कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से उन्हें उतनी प्रैक्टिस नहीं मिल पाएगी, जितनी उन्हें चाहिए, इसलिए वह थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट और बैटिंग कोच सितांशु कोटक के साथ प्रैक्टिस नेट्स पर गए। प्लान बिल्कुल आसान था। एक नई गेंद और दो थोड़ी पुरानी गेंदें, रिवर्स स्विंग का सामना करने के लिए तैयार रहना था। दाएं हाथ के बल्लेबाज को कई गेंदें फेंकी गईं और वे ज्यादातर गेंदों पर कंट्रोल में दिखे, सिवाय कुछ ऐसी गेंदों के जो अजीब तरह से उछलीं या थोड़ी नीची रहीं।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय कोच का बड़ा दावा

वॉर्म-अप मैच की चौथे दिन की पिच जैसी दिखने वाली पिच पर भारतीय टीम मैनेजमेंट ने आने वाली सीरीज जैसे हालात बनाने की कोशिश की। पिच सूखी थी, उसमें काफी दरारें थीं और सिर्फ एक तरफ से बैटिंग करने का मतलब था कि जैसे-जैसे सेशन आगे बढ़ा,टेस्ट मैच की तरह बैटिंग और मुश्किल होती गई। प्रैक्टिस में पुरानी, नई और थोड़ी पुरानी कई तरह की गेंदों का इस्तेमाल किया गया। खासकर नबी ने पूरे जोश के साथ बॉलिंग की, क्योंकि बाकी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, गुरनूर बराड़ और प्रसिद्ध कृष्णा को कई दिनों तक चले मैच के बाद आराम दिया गया था।



गुरनूर बन सकते हैं भारत के 'एक्स फैक्टर': महरुफ

कोलकाता। भारत और श्रीलंका के बीच शनिवार से गॉल में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले श्रीलंका के पूर्व हरफनमौला फरवीज महरुफ ने युवा तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को भारतीय टीम का संभावित 'एक्स फैक्टर (तुरुप का इक्का)' करार देते हुए कहा कि जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में 26 साल के इस तेज गेंदबाज को टेस्ट पदार्पण का मौका दिया जाना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका से घरेलू श्रृंखला को 0-2 से गंवाने के बाद भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में पांचवें स्थान पर है। टीम श्रीलंका के खिलाफ इस अहम श्रृंखला में चोटिल बुमराह के बिना उतरेगी। मोहम्मद सिराज के तेज आक्रमण की अगुवाई करने की उम्मीद है, जबकि अंतिम एकादश में प्रसिद्ध कृष्णा की जगह गुरनूर बराड़ को मौका मिलने की चर्चा भी तेज है। महरुफ ने कहा कि पुरानी गेंद से रिवर्स स्विंग कराने की बुमराह की क्षमता भारत के लिए सबसे बड़ी कमी साबित हो सकती है। उन्होंने कहा, ''बुमराह जिस तरह पुरानी गेंद से रिवर्स स्विंग कराते हैं, वह भारत के लिए बड़ा हथियार है और उनकी गैरमौजूदगी निश्चित रूप से महसूस होगी। विकेट निकालने की क्षमता में कमी आ सकती है। मोहम्मद सिराज बेहतरीन गेंदबाज हैं, लेकिन दोनों की तुलना करें तो अंतर साफ दिखाई देता है।'

द हंड्रेड

मिशेल बने एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिशेल मार्श का बल्ला साल 2026 में जमकर चल रहा है, और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। मिशेल मार्श ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 में एक कैलेंडर ईयर में 1500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। मार्श ने यह उपलब्धि द हंड्रेड में सनराइजर्स लीड्स की तरफ से खेलते हुए हासिल की। हेडिंग्ले के लीड्स में वेल्श फायर के साथ खेले गए मुकाबले में मार्श ने 34 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली। इस अर्धशतकीय पारी की बदौलत इस साल उनके कुल टी20 रनों की संख्या 1502 हो गई और ऐसा करने वाले वह पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए।

मार्श की पारी

साल 2026 में मार्श ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 7 टी20 मैचों में 230 रन, आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए खेलते हुए 13 मैचों में 563 रन, बिग बैश लीग (बीबीएल) में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए 8 मैचों में 335 रन और द हंड्रेड के मौजूदा सीजन में 7 मैचों में 374 रन बना चुके हैं।

तोड़ा टिम डेविड का रिकॉर्ड

एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक टी20 रन बनाने टिम डेविड के रिकॉर्ड को मिशेल मार्श ने तोड़ा। डेविड ने 2022 में 73 टी20 मुकाबलों में अलग-अलग सात टीमों के लिए खेलते हुए 1461 रन बनाए थे। मार्श ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम के अलावा दुनिया भर की बड़ी टी20 लीग में खेलते हैं। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी वाली क्षमता ने उन्हें लीग और फ्रेंचाइजियों का पसंदीदा बल्लेबाज बनाया है।

आईसीसी रैंकिंग

चामरी ने लगाई 5 पायदान की छलांग, 36वें नंबर पर पहुंची



एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी ने ताजा महिला टी20 प्लेयर रैंकिंग जारी की है। श्रीलंकाई टीम की कप्तान चामरी अट्टापट्टू अपनी टीम की ऐतिहासिक सीरीज जीत में योगदान देने के बाद 5 स्थान ऊपर चढ़कर 36वें नंबर पर पहुंच गईं। वहीं इमेशा दुलानी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 22वें नंबर पर पहुंच गईं।

संधू, शवाल और तुबा की रैंकिंग में शानदार सुधार

पाकिस्तानी महिला टीम की नाशरा संधू, शवाल जुल्फिकार और तुबा हसन की रैंकिंग में शानदार सुधार हुआ है। नाशरा संधू ने श्रीलंका के विरुद्ध तीसरे टी20 मैच में 17 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था। संधू गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें पायदान पर पहुंच गई हैं। बाएं हाथ की स्पिनर ने इस सीरीज में 3 विकेट लिए और 6.72 का शानदार इकॉनमी रेट बनाए रखा। दूसरी तरफ, तुबा हसन गेंदबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की बढ़त के साथ 48वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

49वें नंबर पर पहुंची शवाल ज़ुल्फिकार

पाकिस्तान की शवाल ज़ुल्फिकार ने सीरीज में सर्वाधिक 132 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ वह ताजा बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 49वें नंबर पर पहुंच गईं। इस बीच ऑलराउंडर्स की सूची में भी बदलाव देखने को मिला, जिसमें श्रीलंका की कविशा दिलहारी एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर पहुंच गईं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने सीरीज में सर्वाधिक विकेट लिए और फाइनल मैच में भी दो विकेट अपने नाम किए।

विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतना लक्ष्य : सलीमा

नई दिल्ली। एफआईएच नेशंस कप की खिताबी जीत से उत्साहित भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि विश्व कप 2026 में कठिन पूल में होने के बावजूद टीम का लक्ष्य शीर्ष स्थान हासिल करना और स्वर्ण पदक जीतना है।भारतीय टीम न्यूजीलैंड में एफआईएच नेशंस कप का खिताब जीतने के बाद पूरे आत्मविश्वास और शानदार लय के साथ विश्व कप में उतरेगी। टेटे का मानना है कि इस जीत से मिला मनोबल टीम को विश्व कप जैसे सबसे बड़े मंच पर भी पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। विश्व कप का आयोजन 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में किया जाएगा। टेटे ने कहा, 'इस बार एफआईएच हॉकी विश्व कप हमारा होगा। हम समझदारी के साथ आक्रामक हॉकी खेलेंगे और पदक लेकर लौटेंगे। मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास यह उपलब्धि हासिल करने की पूरी क्षमता है।'



पुणे में 23 अगस्त तक चलेगी प्रतियोगिता, 30 टीमें लेंगी हिस्सा

आज से जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट, पूल डी में छत्तीसगढ़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुणे में बुधवार से शुरू होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 में तीन वर्गों में कुल 30 टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट 23 अगस्त तक चलेगा, जिसमें टीमों को डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी में रखा गया है। इस प्रतियोगिता में टीमें न केवल खिताब के लिए बल्कि अपने से ऊपर वाले डिवीजन में पहुंचने का भी प्रयास करेंगी।

डिवीजन ए में 12 टीमें हैं, जिन्हें चार पूल में विभाजित किया गया है। पूल ए में झारखंड, पंजाब और चंडीगढ़, पूल बी में हरियाणा, ओडिशा और बंगाल, पूल सी में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मणिपुर तथा पूल डी में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं।



12 टीमें खिताब के लिए करेंगी प्रतिस्पर्धा

डिवीजन ए की 12 टीमें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस डिवीजन में 11वें और 12वें स्थान पर रहने वाली टीमें अगली प्रतियोगिता के लिए डिवीजन बी में खिसक जाएंगी। डिवीजन बी में शामिल 10 टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में आंध्र प्रदेश, असम, दिल्ली, केरल और मिजोरम जबकि पूल बी में कर्नाटक, उत्तराखंड, तमिलनाडु, बिहार और गोवा शामिल हैं। इस डिवीजन की शीर्ष दो टीमें डिवीजन ए में पहुंच जाएंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें डिवीजन सी में खिसक जाएंगी।

सिंकफील्ड कप : कारुआना ने की पहले दौर में जीत हासिल

प्रज्ञानानंदा ने सेवियन से खेला आसान ड्रॉ

एजेंसी ▶▶ सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप के पहले दौर में अपने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी सैमुअल सेवियन के साथ आसान ड्रॉ खेला। इस वर्ष के टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना 10 खिलाड़ियों के 9 दौर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे, जिससे उन्होंने शुरुआती बढ़त बना ली है। उन्होंने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट को हराया।



सिंदारोव ने अरोनियन के साथ किया अंक साझा

विश्व चैंपियनशिप के दावेदार उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने आर्मेनियाई मूल के अमेरिकी खिलाड़ी लेवोन अरोनियन के साथ अंक साझा किए, जबकि जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने अमेरिका के वेस्ली सो से बाजी ड्रॉ खेली। नीदरलैंड के अनीश गिरी ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला।

48 चाल के बाद बांटे अंक

प्रज्ञाननंदा के लिए यह एक अच्छी शुरुआत रही, क्योंकि उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए सेवियन के खिलाफ कोई गलती नहीं की। प्रज्ञाननंदा को बाजी ड्रॉ कराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने भी जोखिम उठाना उचित नहीं समझा। दोनों खिलाड़ी 48 चाल के बाद अंक बांटने पर सहमत हो गए। कारुआना ने फोरस्ट को 55 चाल में हराकर एक बार फिर साबित कर दिया कि वह अब तक इस टूर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी क्यों हैं। उन्होंने अंतिम क्षणों में फोरस्ट की गलती का फायदा उठाकर पूरे अंक हासिल किये।

छत्तीसगढ़ शासन

हमर छत्तीसगढ़ के पहिली लोक परब



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



हरेली

तिहार

के गाड़ा-गाड़ा बधाई

12 अगस्त 2026

कृषकों का आर्थिक सशक्तीकरण

ढाई वर्षों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों के खाते में **₹1.50 लाख करोड़** से अधिक अंतरित

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि :
25 लाख से अधिक किसानों को **₹11,277 करोड़** का भुगतान

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना

भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष **₹10,000** की आर्थिक सहायता

कृषि का आधुनिकीकरण

जीएसटी 2.0 लागू होने से **कृषि उपकरण हुए सस्ते**

कृषक उन्नति योजना

₹3,100 प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ **21 क्विंटल** धान खरीदी

फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन

धान के अतिरिक्त अन्य खरीफ फसलों की खेती पर प्रति एकड़ **₹15,000** की आदान सहायता

आसान ऋण सुविधा

खाद- बीज की खरीदी के लिए **ब्याज मुक्त ऋण**

हरियर धरती, खुशहाल किसान
समृद्धि और जनकल्याण, सुशासन की पहचान

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

अब चांद पर साथ बसने की तैयारी में भारत, अमेरिका!

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने सहयोग को नई ऊंचाई देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मून बेस प्रोग्राम में शामिल होने का औपचारिक न्योता दिया है। यह पहल चंद्र अन्वेषण, अंतरिक्ष विज्ञान और मानव अंतरिक्ष उड़ान के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत कर सकती है। यह प्रस्ताव भारत-अमेरिका नागरिक अंतरिक्ष संयुक्त कार्य समूह की 9वीं बैठक के दौरान सामने आया। यह बैठक 5 और 6 अगस्त को बंगलूरू स्थित इसरो मुख्यालय में हुई। इसमें इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन तथा भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर शामिल हुए।

वैज्ञानिक डाटा साझा करने पर और सहयोग बनाएंगे दोनों देश

निसार मिशन के बाद अगला बड़ा कदम



भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग का एक अहम उदाहरण निसार मिशन है। यह नासा और इसरो का संयुक्त पृथ्वी-अवलोकन मिशन है। अब दोनों देश इस साझेदारी को पृथ्वी-अवलोकन से आगे चंद्र अन्वेषण और मानव अंतरिक्ष उड़ान जैसे क्षेत्रों तक ले जाने पर जोर दे रहे हैं। इससे दोनों देशों की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं को एक साथ इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा। खास तौर पर चंद्रमा की सतह, संसाधनों और वहां लंबे समय तक मानव गतिविधियों से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययन में सहयोग की संभावनाएं बढ़ सकती हैं।

भारत को क्या फायदा होगा?

मून बेस कार्यक्रम में सहयोग से भारत को चंद्रमा पर दीर्घकालिक मानव गतिविधियों के लिए जरूरी तकनीकों और अंतरराष्ट्रीय अनुभव से जुड़ने का अवसर मिल सकता है। वहीं नासा को इसरो की कम लागत वाली अंतरिक्ष तकनीक, चंद्र मिशनों का अनुभव और चंद्रयान-3 से हासिल वैज्ञानिक उपलब्धियों का लाभ मिल सकता है। सबसे बड़ा फायदा वैज्ञानिक डाटा और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान से हो सकता है।

कचरे के ढेर में मिला अनोखा फंगस, सबसे जिद्दी प्लास्टिक को खाकर कर देता है खत्म

इस्लामाबाद। दुनिया भर में बढ़ता प्लास्टिक कचरा वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों के लिए चिंता की एक प्रमुख वजह बना हुआ है। सैकड़ों साल तक प्लास्टिक का नष्ट न होना इसकी सबसे बड़ी वजह है, लेकिन वैज्ञानिकों ने दुनिया के सबसे जिद्दी प्लास्टिक के दुश्मन को खोज लिया है। यह एक फंगस है जो प्लास्टिक खाता है। इसे पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में कचरा फेंकने वाली जगह की मिट्टी से अलग किया गया था। वैज्ञानिकों को स्टडी में पता चला है कि एस्परगिलस ट्यूबिंगेंसिस नाम का यह फंगस पॉलिएस्टर पॉलीयुरेथेन को तोड़ सकता है। पीयू एक मजबूत प्लास्टिक है, जिसका इस्तेमाल सिंथेटिक लेदर कोटिंग से लेकर कुशन, इंसुलेशन और दूसरे इंडस्ट्रियल मटीरियल उत्पादों में किया जाता है। इस फंगस के बार में पहली जानकारी साल 2017 में एनवायरनमेंटल पॉल्यूशन में प्रकाशित स्टडी में दी गई थी।

मिल्क प्रोडक्शन की दुनिया में बड़ा चमत्कार

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में पहली बार ऐसा एक्सपेरिमेंट हुआ है, जहां सरोगेट टेक्निक से मुर्रा नस्ल की चार बछड़ों ने जन्म लिया है, जिनमें से तीन मादा और एक नर है। यूं तो एक भैंस अपने पूरी लाइफ में केवल 8 से 10 बच्चे ही दे पाती है, लेकिन अब इस मॉडर्न एम्ब्रियो ट्रांसफर टेक्निक की मदद से एक ही बढ़िया ब्रीड की भैंस से साल भर में 50 से ज्यादा हाइब्रिड के बच्चे पैदा किए जा सकते हैं। पुणे के तथावड़े स्थित ईटी-आईवीएफ लैब में शोधकर्ताओं ने स्वप्निल कलाटे नाम के किसान की सबसे ज्यादा दूध देने वाली मुर्रा भैंस को चुना। 11 सितंबर को इस डोनर भैंस से 16 अंडे निकाले गए और उन्हें लैब में अच्छी नस्ल वाले सांड के सीमन से फर्टिलाइज कराया गया। 6 दिनों के भीतर 5 बेहतरीन भ्रूण यानी कि एम्ब्रियो तैयार हो गए।

- एंब्रियो ट्रांसफर से अब एक भैंस से होंगे साल भर में 50 से ज्यादा बच्चे

इमली की गुठलियों से बच्चों ने बना डाली पानी साफ करने वाली टेक्नोलॉजी

नई दिल्ली। पानी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक आज पूरी दुनिया के लिए एक अदृश्य और जानलेवा खतरा बन चुका है। बड़े-बड़े वैज्ञानिक और महंगे वाटर प्यूरीफायर भी इस सूक्ष्म प्लास्टिक को पानी से निकालने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। लेकिन, भारत के तीन 16 साल के स्कूली छात्रों ने इस गंभीर समस्या का एक बेहद आसान, प्राकृतिक और सस्ता समाधान ढूंढ निकाला है। रसोई के बेकार कचरे यानी इमली के बीजों की मदद से उन्होंने एक ऐसा पाउडर तैयार किया है जो पानी से माइक्रोप्लास्टिक को चुंबक के जरिए खींचकर अलग कर देता है। उनके इस क्रांतिकारी प्रोजेक्ट 'प्लस-स्टिक' ने उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर पर्यावरण क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित 'द अर्थ प्राइज 2026' दिलवाया है।



इमली का बीज ही क्यों चुना?

ग्रामीण इलाकों में पानी के इस्तेमाल और भंडारण को देखकर छात्रों को समझ आया कि जहां महंगी मशीनें नहीं पहुंच सकतीं, वहां स्थानीय और सस्ती चीजों का इस्तेमाल करना होगा. उन्होंने भारत में हर घर में मिलने वाली और कचरे में फेंकी जाने वाली इमली की गुठलियों पर शोध किया। इमली के बीजों से बना पाउडर जब दूषित पानी में मिलाया जाता है, तो यह माइक्रोप्लास्टिक के सूक्ष्म कणों को आपस में चिपकाकर बड़े टुकड़ों में बदल देता है।

पर्यावरण के लिए दोहरी जीत और भविष्य की उम्मीदें

यह इनोवेशन पर्यावरण के लिए दोहरी जीत साबित हो रहा है। पहला यह कि यह कृषि कचरे यानी इमली की गुठलियों का सही इस्तेमाल करता है और दूसरा यह कि पानी को जहरीले प्लास्टिक से मुक्त बनाता है। हालांकि यह तकनीक अभी प्रयोगशाला और परीक्षण के चरण में है, लेकिन अगर यह बड़े पैमाने पर सफल होती है तो दुनिया भर के जल संकट को दूर करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगी.

बिना बिजली और फिल्टर के काम करती है तकनीक



इस आविष्कार की सबसे खास बात इसकी सादगी है। जब इमली का पाउडर पानी के प्लास्टिक कणों को एक साथ इकट्ठा कर लेता है, तो उन्हें हाथ में पकड़े जाने वाले चुंबक की मदद से आसानी से बाहर खींच लिया जाता है। इसके लिए न तो बिजली की जरूरत होती है और न ही महंगे फिल्टर कार्ट्रिज की।

पानी में छिपे खतरे का प्राकृतिक इलाज

माइक्रोप्लास्टिक बेहद छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं जो कपड़े, बोतल और प्लास्टिक की चीजों के टूटने से पानी में मिल जाते हैं। ये कण इतने छोटे होते हैं कि सामान्य फिल्टर इन्हें रोक नहीं पाते। इस समस्या को सुलझाने के लिए भारत के 16 वर्षीय छात्रों विवान छावछरिया, एरियाना अग्रवाल और अव्याना मेहता ने 'प्लस-स्टिक' नाम का बायोडिग्रेडेबल पाउडर विकसित किया है।



फेस लिफ्ट
- बोटाक्स
- फिलर
- थ्रेड लिफ्ट
- स्कीन पॉलिशिंग
- लेज़र फेशियल

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.



Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas variant applicable in Chhattisgarh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो, 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो, 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, डोंगरगढ़: किरण मोटर्स, 9754069392, रायगढ़: गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिलौदी: श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूर: श्री गुरूनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोहला: विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अमलपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिम: गुरूदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, सरोरा: अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरूनानक ऑटो, 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, द्रुगदंती: किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरला: कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोद: नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेही: एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स, 9993417123, किंगीफर: अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुहरू: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, टर्पिनाट- कांकेर: अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूर: रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुहकुदुर: दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमा: आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुर: दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोली: शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकी: अमर मोटर्स, 9827969901, सालेझाड़ा: साई मोटर्स, 9754329434, राजिम: राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारंगगांव: जी वी मोटर्स, 7566666243, सरगीवां: श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीनापुर: माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामा: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारी: श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, मरवाही: प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पाट्र्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो, 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com